CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :23⁰ C
न्यूनतम: 10⁰ C

नई दिल्ली, गुरुवार 27 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 236 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 5 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकता: योगी पेज 2



दक्षिण अफ्रीका का क्लीन स्वीप, भारत में 25 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज खेल टाइम्स



बाल उत्पीड़न: समस्या कितनी गहरी है सम्पादकीय



राम मंदिर में मोदी का ध्वजारोहण नाजायज: पाक पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में ही विमानों के इंजन और कल पुर्जे होंगे डिजाइन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांसिसी कंपनी सफरान से भारत में ही विमानों के इंजन और कल पुर्जों के डिजाइन की संभावनाओं का पता लगाने और अंतरिक्ष यानों की प्रणोदन प्रणालियों के डिजाइन तथा विनिर्माण के लिए भारत में मौजूद अवसरों तथा प्रतिभाओं का उपयोग करने की अपील की है। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां सफरान के विमान इंजनों के रख रखाव , मरम्मत और ओवरहालिग (एमआरओ) केंद्र का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया।

### पुणे मेट्रो का विस्तार होगा, परमानेंट मैग्नेट इंडस्ट्री के लिए 7280 करोड़ की योजना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 4 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 9858 करोड़ रुपये से पुणे मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। वहीं रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट बनाने वाली इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए 7280 करोड़ रुपये की योजना लाई गई है। ए मैग्नेट इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी), डिफेंस, एयरोस्पेस और इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने में जरूरी होते हैं। इसके अलावा, अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने गुजरात की द्वारका-कनालूस रेलवे लाइन और महाराष्ट्र की कर्जत-बदलापुर रेलवे लाइन को डबल करने की मंजूरी दी है। यानी रेल लाइनों पर और ट्रैक बनाए जाएंगे।

### फरीदाबाद से आतंकी उमर को पनाह देने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राजधानी में लालकिला के पास हुए कार विस्फोट की वारदात को अंजाम देने वाले आतंकवादी उमर उन नबी को पनाह देने के आरोप में हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद के धौज का रहने वाला शोएब इस मामले में गिरफ्तार होने वाला सातवां आरोपी है। एनआईए की जांच से पता चला है कि शोएब ने 10 नवम्बर को कार बम धमाका होने से पहले उमर को रसद सहायता प्रदान की थी।

### कमला पसंद कंपनी के मालिक की बहू ने आत्महत्या की

**नई दिल्ली।** देश की मशहूर पान मसाला कंपनी कमला पसंद और राजश्री के मालिक कमल किशोर चौरसिया की बहू दीप्ति चौरसिया (38) ने दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने घर में मंगलवार शाम आत्महत्या कर ली। दीप्ति का शव ड्रेसिंग रूम के पंखे से लटका हुआ मिला। दीप्ति का शव सबसे पहले उसके पति हरप्रीत चौरसिया ने देखा। हरप्रीत उन्हें लेकर अस्पताल गए, जहां दीप्ति को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को एक डायरी मिली है, जिसमें दीप्ति ने अपने पति के साथ विवाद का जिक्र किया है। दीप्ति ने डायरी में लिखा कि अगर किसी रिश्ते में प्यार और भरोसा नहीं तो फिर उस रिश्ते में रहने की और जीने की वजह क्या है। अब और नहीं सहन होता। बेटे को मां का आशीर्वाद।

## संविधान बचाओ-भाईचारा बनाओ महारैली में आसपा की ललकार

# अंबेडकर व मनुवादी विचारधारा में संघर्ष, सत्ता में आने वाले बढ़ेंगे आगे: चंद्रशेखर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** आजाद समाज पार्टी (आसपा) अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर ने एसआईआर के जरिये वोट चोरी रोकने का संकल्प दिलाने के साथ एक जनवरी से बेरोजगारी व ईवीएम से वोटिंग बंद कराने के लिए राज्यव्यापी आंदोलन की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि किसानों के लिए गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल करने और वेस्ट यूपी में हाईकोर्ट बेंच बनाने का वादा भी किया। चन्द्रशेखर आजाद ने कहा कि सत्ता के लिए मनुवादी और अंबेडकर वादी विचारधारा में संघर्ष छिड़ा है, जो सरकार में आएगा वह आगे बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने हक के लिए संघर्ष करना होगा। उन्होंने किसानों को गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल दिलाने, मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना कराने और दलित एवं ओबीसी युवाओं को नौकरी के लिए निजी क्षेत्र में आरक्षण दिलाने के लिए संघर्ष छेड़ने की घोषणा की। चंद्रशेखर आजाद ने संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित संवैधानिक अधिकार बचाओ, भाईचारा बनाओ रैली में उमड़े जनसमूह को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि यदि संविधान न होता तो आज एक प्राथमिक शिक्षक -**शेष पृष्ठ दो पर**

### चंद्रशेखर आजाद ने पूर्व विधायक शाहनवाज राना को आसपा की सदस्यता ग्रहण कराई

**मुजफ्फरनगर।** आसपा अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने उमड़े जनसमूह और मेरठ , सहारनपुर, मुरादाबाद मंडलों से आए कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में पूर्व विधायक शाहनवाज राना को पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ा ने उनके पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के की घोषणा की। इसके बाद पार्टी सुप्रीमो चंद्रशेखर आजाद ने पूर्व विधायक शाहनवाज राना का पटका पहनाकर सम्मान किया। जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा, राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी राजस्थान, मध्य प्रदेश रविन्द्र भाटी, कमल वालिया, पूर्व सांसद अमीर आलम, पूर्व विधायक नवाजिश आलम, भीम आर्मी अध्यक्ष विनय रतन सिंह, पश्चिम प्रभारी कमल गौतम ने उनका स्वागत किया।

■ **आसपा अध्यक्ष ने एक जनवरी से ईवीएम से वोटिंग बंद कराने के लिए राज्यव्यापी आंदोलन की घोषणा की**

# भगोड़ों को वापस लाना देश का अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

## 153 केस वाले आरोपी की याचिका पर सुनवाई करने से सुप्रीम इन्कार

■ **एफआईआर डिटेल लेने दुबई से आना पड़ेगा**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि कानून से बचने के लिए विदेश भागे आरोपियों को वापस लाने का देश को पूरा अधिकार है। कोर्ट ने दुबई में रहने वाले विजय मुरलीधर उधवानी की याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया। इसमें उधवानी ने भारत से यूएई को भेजी गई उन्हें वापस लाने की रिक्वेस्ट (एक्सट्रडिशन रिक्वेस्ट) हटाने की मांग की थी।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनवाई के दौरान पिटीशनर की दलीलें मानने से इन्कार कर दिया और कहा कि अगर उसे एफआईआर की पूरी जानकारी चाहिए तो उसे भारत आकर लेनी होगी। उधवानी पर गुजरात में 153 आपराधिक केस दर्ज हैं, जिनमें शराब की तस्करी और गैंग की तरह गैर-कानूनी काम करने के आरोप भी शामिल हैं। वह जुलाई 2022 में दुबई जाने के बाद से भारत नहीं लौटा है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है। आरोपी के वकील ने कहा कि उसके पास पासपोर्ट नहीं है और वह भारत वापस आना चाहता है। इस मामले में एक सह-आरोपी की पुलिस कस्टडी में मौत हो चुकी है, इसलिए उधवानी अपनी सुरक्षा को लेकर डरा हुआ है। उसने यह भी मांग की थी कि भारत लौटने पर उसे सीसीटीवी निगरानी वाली कस्टडी में रखा जाए। बेंच ने इन दलीलों पर विचार करने से इन्कार किया और कहा कि अधिकारी उसे भारत लाने में सक्षम हैं। इसके बाद वकील ने याचिका वापस ले ली। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने भी उधवानी की याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट का कहना था कि आरोपी को मौजूद रहने के लिए बुलाना और उसे वापस लाने की प्रक्रिया शुरू करना बिल्कुल सही है। राज्य सरकार ने कोर्ट में कहा था कि वह सिर्फ शराबबंदी से जुड़े मामलों में ही नहीं, बल्कि जालसाजी, तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर अपराधों में भी शामिल है, जिनकी जांच ईडी कर रही है।

### दिल्ली में प्रदूषण चिंताजनक, हल निकालना होगा: सीजेआई

**सूर्यकांत बोले-कल डेढ़ घंटा टहला, तबीयत बिगड़ गई**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोगों की तबीयत बिगड़ रही है और सांस लेने में दिक्कत हो रही है। सीजेआई सूर्यकांत भी इससे प्रभावित दिखे। उन्होंने बुधवार को एसआईआर पर चल रही सुनवाई के दौरान इसका जिक्र किया। कहा कि मैं मंगलवार शाम को एक घंटा टहला। प्रदूषण की वजह से मेरी तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने कहा कि हमें जल्द इसका हल निकालना होगा। दरअसल हुआ यह कि इलेक्शन कमीशन के एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने सीजेआई से खराब सेहत की वजह से सुनवाई से छूट मांगी। इस पर सीजेआई



### एसआईआर: केंद्र और केरल चुनाव आयोग जवाब तलब

**चुनाव आयोग बोला- राजनीतिक पार्टियां डर का माहौल बना रहीं**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एसआईआर के खिलाफ दायर तमिलनाडु, बंगाल और केरल की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दल जानबूझकर डर का माहौल बना रहे हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केरल सरकार की याचिका पर केंद्र और राज्य चुनाव आयोग को एक दिसम्बर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। अगली सुनवाई 2 दिसम्बर को होगी। वहीं पश्चिम बंगाल की याचिका पर 9 दिसम्बर को सुनवाई होगी। इसी दिन चुनाव आयोग राज्य की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट भी जारी करेगा।

# भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स की मिली मेजबानी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिल गई है। बुधवार को स्काटलैंड के ग्लासगो में कामनवेल्थ स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक के बाद अहमदाबाद को होस्ट सिटी घोषित किया गया।

भारत 15 साल के बाद कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले 2010 में नई दिल्ली में इन गेम्स का आयोजन किया गया था। तब भारतीय खिलाड़ियों ने 38 गोल्ड समेत 101 मेडल जीते थे। ग्लासगो में कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक के बाद अहमदाबाद को अधिकृत तौर पर होस्ट सिटी घोषित किया गया। भारत में पहली बार दिल्ली के बाहर मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट होगा अगर अहमदाबाद को 2030 की मेजबानी मिलती है, तो यह पहली बार होगा जब कोई बड़ा इंटरनेशनल मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट दिल्ली के बाहर आयोजित होगा। भारत 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स, 1951 और 1982 एशियन गेम्स की मेजबानी भी कर चुका है। 3 बड़े मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट दिल्ली में हुए थे। अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के आयोजन के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। यहां खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। मुख्य वेन्यू के तौर पर नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नारणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, और सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एंक्लेव को प्रस्तावित किया गया है। कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किसी भी देश के लिए सिर्फ खेल आयोजन नहीं, बल्कि उसकी अंतर्राष्ट्रीय छवि, विकास क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर और विजन का भी प्रतीक माना जाता है। अब तक ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, कनाडा और न्यूजीलैंड सहित कुल 9 देश इसकी मेजबानी कर चुके हैं। सबसे ज्यादा 5 बार मेजबानी का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिलने से ओलंपिक गेम्स 2036 की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी मजबूत होगी। भारत 2036 के ओलंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने लाल किले की से इसका ऐलान किया था। पिछले साल नवम्बर में भारत ने ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी।

■ **2030 में अहमदाबाद में होंगे गेम्स, ओलिंपिक 2036 की दावेदारी मजबूत होगी**

# संविधान राष्ट्रीय अस्मिता का ग्रंथ: राष्ट्रपति मुर्मू

## कहा: इसे आत्मसात कर संसद ने जन आकांक्षाओं को किया अभिव्यक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को राष्ट्रीय अस्मिता और पहचान का ग्रंथ बताते हुए कहा है कि बीते दशक में हमारी संसद ने इसके मूल्यों पर चलते हुए जन आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अनेक कार्य किए हैं।

श्रीमती मुर्मू ने बुधवार को यहां संविधान दिवस के अवसर पर संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में अपने अभिभाषण में कहा कि संविधान सभा ने संसदीय प्रणाली को अपनाने के पक्ष में जो ठोस तर्क दिए गए थे वे आज भी प्रासंगिक हैं। विश्व के विशालतम लोकतन्त्र में जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने वाली भारतीय संसद, विश्व के अनेक लोकतंत्रों के लिए आज एक उदाहरण के रूप में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान निर्माता चाहते थे कि संविधान के माध्यम से हमारा सामूहिक और व्यक्तिगत स्वाभिमान सुनिश्चित रहे। मुझे यह कहते हुए बहुत प्रसन्नता होती है कि बीते दशक में हमारी संसद ने जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अत्यंत प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए वह सभी सांसदों को बधाई देती हैं और कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से संविधान सभा के परम सम्माननीय सदस्यों की स्मृति में सादर नमन करती हैं।

■ **विश्व के विशालतम लोकतंत्र में जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने वाली भारतीय संसद, विश्व के अनेक लोकतंत्रों के लिए आज एक उदाहरण के रूप में प्रतिष्ठित**



उन्होंने कहा कि संविधान की अंतरात्मा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता जैसे आदर्शों में अभिव्यक्त होती है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि इन सभी आयामों पर संसद सदस्यों ने संविधान निर्माताओं की परिकल्पनाओं को यथार्थ स्वरूप प्रदान किया है। संसदीय प्रणाली की सफलता के ठोस प्रमाण के रूप में, आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से अग्रसर है। भारत में लगभग 25 करोड़ लोगों के गरीबी की सीमारेखा से बाहर आने से आर्थिक न्याय के पैमाने पर विश्व की सबसे बड़ी सफलता अर्जित हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान में सामाजिक न्याय के आदर्श के अनुरूप देश में समावेशी विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लागू होने से महिलाओं के नेतृत्व में विकास के एक नए युग का आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सात नवम्बर से राष्ट्र-गीत 'वन्दे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में देशव्यापी स्मरणोत्सव मनाए जा रहे हैं। यह स्मरणोत्सव भारत माता को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प का अवसर है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस राष्ट्रीय संकल्प की सिद्धि के लिए आप सभी सदस्यगण देशवासियों को दिशा और प्रेरणा प्रदान करेंगे।

# प. बंगाल में बाबरी मस्जिद शिलान्यास के लगे पोस्टर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के पोस्टर लगाए गए। इन पर लिखा है कि 6 दिसम्बर को बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का शिलान्यास समारोह होगा।

टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर को आयोजनकर्ता बताया गया है। खुद कबीर ने मंगलवार को कहा कि हम 6 दिसम्बर को बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे। तीन साल में इसका निर्माण पूरा होगा। कार्यक्रम में कई मुस्लिम नेता शामिल होंगे। अयोध्या में बाबरी मस्जिद को 6 दिसम्बर 1992 को कार सेवकों ने शहीद कर दिया था। अगले महीने बाबरी विध्वंस के 33 साल पूरे हो जाएंगे। टीएमसी विधायक का कहना है कि इसी मौके पर यह आयोजन किया जाएगा। टीएमसी विधायक का यह बयान तब सामने आया है जब मंगलवार को अयोध्या में पीएम मोदी ने राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण का मतलब है मंदिर अब पूर्ण हो गया। 22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। भाजपा ने इसकी कड़ी आलोचना की है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि टीएमसी पश्चिम बंगाल में मस्जिद नहीं, बल्कि बांग्लादेश की आधारशिला रख रही है। गिरिराज सिंह ने दावा किया कि ममता बनर्जी सरकार बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के समर्थन पर टिकी है।

■ **टीएमसी विधायक बोले: छह दिसम्बर को नींव रखेंगे**

## संक्षिप्त समाचार

### ईटीआईएम मशीनों के डैमेज पर पहली बार वसूली नहीं होगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन (ईटीआईएम) के रख-रखाव और उपयोग से संबंधित नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब इरादतन या गैर-इरादतन किसी भी कारण से ईटीआईएम मशीन के पहली बार डैमेज अथवा खराब हो जाने पर संबंधित कार्मिक से किसी प्रकार की वसूली नहीं की जाएगी। मशीन के प्रतिस्थापन का संपूर्ण व्यय निगम स्वयं वहन करेगा। परिवहन निगम के प्रबंध निद. शक प्रभु एन. सिंह ने बुधवार को सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी कार्मिक द्वारा एक वर्ष की अवधि में मशीन को दोबारा फिजिकली डैमेज किया जाता है या क्षति पहुंचती है, तो ऐसी स्थिति में प्रतिस्थापन व्यय की प्रतिपूर्ति संबंधित दोषी कर्मचारी से की जाएगी।

### सफरान ने 2030 तक भारत से राजस्व तीन गुना करने का लक्ष्य रखा

**हैदराबाद।** विमान इंजन बनाने वाली फ्रांस की कंपनी सफरान ने साल 2030 तक भारत से अपना राजस्व तीन गुना करने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुधवार को यहां सफरान के एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर, ओवरहॉल) सेंटर के उद्घाटन के मौके पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओलि. वियर एंड्रीस ने यह बात कही। सीएमएफ इंटरनेशनल लीप इंजन के लिए यह सफरान का सबसे बड़ा एमआरओ केंद्र है। एंड्रीस ने कहा कि हैदराबाद में लीप और एम88 इंजन के लिए बने दो नए एमआरओ केंद्र और बीईएल के साथ हमारा नया संयुक्त उपक्रम हमारे ग्रुप के लिए भारत की अहमियत को दिखाते हैं।

# खड़गे ने संघ व मोदी पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।**



■ कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा: आरएसएस ने संविधान को बताया था 'पाश्चात्य मूल्यों' पर आधारित

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को संविधान दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने संविधान को पाश्चात्य मूल्यों को आधारित बताया था और संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर का पुतला फूंका था।

खड़गे ने बुधवार को यहां संविधान दिवस के मौके पर देशवासियों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डा. अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरु और डा. राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा के साथ मिलकर संविधान का ही नहीं, एक ऐसे भारत का निर्माण किया, जहां लोकतंत्र सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भारत न्याय, समानता, आजादी, परस्पर भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद भारत की पहचान बन गया था, लेकिन आज ये पहचान खतरे में है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब संविधान लागू हुआ था, तब आरएसएस जैसे संगठन खुले तौर पर कहते थे कि संविधान 'पाश्चात्य मूल्यों' पर आधारित है और उनका आदर्श तो मनुस्मृति है। इतिहास गवाह है कि आरएसएस संविधान के खिलाफ थे। आज विडम्बना यह है कि जो लोग कभी संविधान से ज्यादा मनुस्मृति को मानते थे, सत्ता में आने के बाद मजबूरी और राजनीतिक आवश्यकता के कारण उसी संविधान को अपना बताने की कोशिश कर रहे हैं।

खड़गे ने कहा कि 11 दिसम्बर, 1948 को आरएसएस ने रामलीला मैदान में बड़ा सम्मेलन करके डा. अंबेडकर जी का पुतला भी फूंका था। आरएसएस ने केवल संविधान और तिरंगे का विरोध ही नहीं किया, बल्कि अंग्रेजी राज में जब स्वाधीनता सेनानी जेलों में थे, तो आरएसएस अंग्रेजों के साथ थी और उसी आरएसएस की मोदी जी लाल किले से तारीफ करते हैं। जबकि गांधी जी की हत्या के बाद 30 जनवरी 1948 को आरएसएस पर पहला प्रतिबंध सरदार पटेल जी ने लगाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज मोदी हमें कॉलोनाइजेशन के खतरे पर ज्ञान दे रहे हैं, पर ये उसी विचारधारा के लोग हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में, राष्ट्रीय आंदोलन में एक मिनट भी देश की जनता का साथ नहीं दिया, उल्टा अंग्रेजों की गुलामी की। उन्होंने कहा कि देश की जनता जान चुकी है कि संस्थानों को कौन चोट पहुंचा रहा है।

# गरीबों, वंचितों के सुरक्षा कवच संविधान पर नहीं होने देंगे आक्रमण: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बुधवार को कहा कि हमारा संविधान गरीबों एवं वंचितों का सुरक्षा कवच तथा देश के हर नागरिक की आवाज है और इस पर किसी तरह का हमला नहीं होने दिया जाएगा। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा ष्भारत का संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, यह देश के हर नागरिक से किया गया एक पवित्र वादा है। वादा कि चाहे कोई किसी भी धर्म या जाति का हो, किसी भी क्षेत्र से आता हो, कोई भी भाषा बोलता हो, गरीब हो या अमीर, उसे समानता, सम्मान और न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि संविधान गरीबों और वंचितों का सुरक्षा कवच है, उनकी शक्ति है और हर एक नागरिक की आवाज है। जब तक संविधान सुरक्षित है, हर भारतीय के अधिकार सुरक्षित हैं। आइए हम प्रण लें कि हम संविधान पर किसी भी तरह का आक्रमण नहीं होने देंगे। इसकी रक्षा करना मेरा कर्तव्य है।

### मुंबई आतंकी हमले के मृतकों को राहुल ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने '26/11' मुंबई आतंकवादी हमले में अपने प्राण गंवाने वाले नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों को बुधवार को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका बलिदान देश हमेशा याद रखेगा। गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मुंबई में 26/11 को हुए दुस्साहसी आतंकवादी हमले में अपने प्राण गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों और आम नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि। भारत उनके साहस, बलिदान और शहादत को कभी नहीं भूलेगा।

# चुनाव आयोग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे बीएलओ: अजय

**जौनपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को कहा कि सरकार की दमनकारी नीतियों और चुनाव आयोग की लापरवाही का खामियाजा कर्मचारी, शिक्षक और बीएलओ भुगत रहे हैं।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी सरकार और चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर पिछड़ी जातियों का वोट काटने का दबाव बनाया जा रहा है। इसी अत्याचार, दबाव और तनाव के कारण शिक्षक आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। यह बेहद शर्मनाक है।'' श्री अजय राय आज जौनपुर स्थित दिवंगत शिक्षक के मल्हनी स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की और हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच हो, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और बीएलओ ड्यूटी में मनमाने दबाव को तुरंत रोका जाए। गौरतलब है कि सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मल्हनी गांव के निवासी विपिन यादव गोण्डा जिले में सहायक अध्यापक पर तैनात थे, उनकी ड्यूटी एसआईआर के लिए बीएलओ पर तैनात थे। कल उन्होंने जहर खाकर आत्महत्या कर ली और आरोप लगाया कि वहां के एसडीएम, तसीलदार और बीडीओ उन पर पिछड़ी जातियों का वोट काटने का दबाव बना रहे थे। गांव में मौजूद मृतक के साले प्रतीक यादव ने भी बताया कि बीएलओ ड्यूटी के नाम पर अत्यधिक कार्यभार और दबाव के चलते शिक्षक बिपिन यादव कई दिनों से परेशान चल रहे थे।

## सीएम ने संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पढ़ाया पाठ

# कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकता: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



अधिकार तब सुरक्षित होते हैं, जब व्यक्ति कर्तव्यों के निर्वहन की आदत डाले: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि अधिकार तब सुरक्षित होते हैं, जब व्यक्ति कर्तव्यों के निर्वहन की आदत डाले। कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकता। जहां कर्तव्य के बिना अधिकार प्राप्त करने का प्रयास किया गया है, वहां पर लो. कतंत्र नहीं है, बल्कि वहां तानाशाह, व्यवस्था को गिरफ्त में लेकर आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को रौंदते दिखते हैं।

योगी ने लखनऊ में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 2015 से पूरा देश प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करता है। 1946 में हुए संविधान सभा के चुनाव के उपरांत गठित संविधान सभा ने भारत के संविधान का निर्माण किया था।

उन्होंने कहा कि डा. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बनी संविधान सभा ने अलग- अलग कमेटियां बनाई थीं, उसकी ड्रॉफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी। योगी ने कहा कि संविधान निर्माण में दो वर्ष 11 महीने 18 दिन लगे। संविधान निर्माण में जिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने योगदान व विशेषज्ञों ने सहयोग किया, उसी का परिणाम है कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और भारत की अनेकता को एकता में जोड़ने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान की मूल प्रति को लेकर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की समिति जब संविधान सभा के पास गई थी तब भी उन्होंने कहा था कि संविधान एक दस्तावेज है, जो भारत की विविधता को एकता में जोड़ने में मार्गदर्शिका के रूप में देश को नेतृत्व प्रदान करेगी। श्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान दिवस पर लोकभवन में संविधान की उद्देशिका का सशपथ पाठ कराया। इसके पूर्व अतिथियों ने भारत मां व बाबा. साहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन किया।

इस दौरान लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को बाबा साहेब के नेतृत्व की ड्रॉफ्टिंग कमेटी ने भारत के संविधान की मूल प्रति संविधान सभा को सौंपा था। हर भारतवासी के घर में उसकी प्रति होनी चाहिए। हर परिवार में उसकी प्रस्तावना का वाचन होना चाहिए।

### राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ली संविधान के प्रति कर्तव्य पालन की शपथ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को राजभवन में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राजभवन में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन करते हुए संविधान के प्रति निष्ठा, नीतिपरायणता और कर्तव्यपालन की शपथ ली। संविधान दिवस पर आयोजित यह सामूहिक संकल्प न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बना, बल्कि भारतीय गणतंत्र की आदर्श भावना को भी पुन: स्मरण कराने वाला क्षण रहा। कार्यक्रम के दौरान महिला अधिकारियों ने भारतीय संविधान की विशेषताओं, उसके महत्व और संविधान निर्माण में महिलाओं की ऐतिहासिक भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने बताया कि संविधान सभा में सरोजिनी नायडू, हंसा मेहता, दुर्गाबाई देशमुख जैसी महिला सदस्यों ने महिलाओं की शिक्षा, समानता,

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स 85609.51 | सोना रु. 122744 | | चांदी रु. 152971 |
| निफ्टी 26205.30 | प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | अर्थ व्यापार | प्रति किलो |



# शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी सेंसेक्स 1022 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को जबरदस्त तेजी देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1022.50 अंक (1.21) प्रतिशत उछलकर 85,609.51 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 320.50 अंक यानी 1.24 प्रतिशत चढ़कर 26,205.30 अंक पर पहुंच गया। लगातार तीन कारोबारी दिवस की गिरावट के बाद बाजार में रौनक लौटी है। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच दोनों प्रमुख सूचकांक आज गिरावट में खुले, लेकिन खुलते ही हरे निशान में चले गए। बीच कारोबार में सेंसेक्स 85,644.19 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 26,215.15 अंक तक चढ़ने में कामयाब रहा। वैश्विक बाजारों में तेजी के अलावा घरेलू स्तर पर पिछले तीन दिन की गिरावट के बाद कम भाव पर खरीद का असर भी दिखा। छोटी और मझौली कंपनियों के सूचकांकों में भी एक प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही। एनएसई के सभी सूचकांक हरे निशान में रहे। धातु, आईटी, बैंकिंग, फार्मा, ऑटो और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। सेंसेक्स की बढ़त में एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एलएंडटी का योगदान सबसे अधिक रहा।

# आईआईएम लखनऊ ने शुरू की 99 मूनशॉट्स फेलोशिप

**लखनऊ।** भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) लखनऊ ने डॉक्टोरल शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपनी विशेष पहल '99 मूनशॉट्स - 1999 बैच फेलोशिप' की शुरुआत की है। यह फेलोशिप आईआईएम लखनऊ के पोस्ट-ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) के 1999 बैच द्वारा संस्थान को प्रदान की गई है, जिसका उद्देश्य उच्च-गुणवत्ता वाले शोध कार्य को बढ़ावा देना और संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को मजबूत करना है। फेलोशिप के पहले प्राप्तकर्ताओं के रूप में मिस आयुषी सिंह (ऑपरेशंस एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट) और मिस्टर सतीश कुमार (स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट) का चयन किया गया है। आईआईएम लखनऊ के निदेशक प्रो. एमपी गुप्ता ने बुधवार को इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि 1999 बैच का यह योगदान शोध उत्कृष्टता के प्रति उनके गहरे समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दोनों चयनित शोधार्थी भविष्य के प्रभावी शोध की दिशा तय करेंगे। डीन (प्रोग्राम) प्रो. संजय सिंह ने भी 1999 बैच के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और इसे शोधार्थियों के लिए प्रेरणादायी कदम बताया। 1999 बैच के सदस्य अशिष भगारे ने कहा कि यह फेलोशिप संस्थान की वैश्विक रैंकिग और शोध उत्पादन को मजबूत करने की दिशा में उनका सामूहिक प्रयास है। इस वर्ष दो पीएचडी शोधार्थियों का चयन किया गया है और आने वाले समय में और भी छात्रों को सहायता प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि डॉक्टोरल प्रोग्राम के चेयरमैन प्रो. पुष्पेन्द्र प्रियदर्शी ने कहा कि यह पहल आईआईएम लखनऊ की शोध प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करेगी।

# चावल, गेहूं में टिकाव, चीनी, दालें मजबूत, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** दिल्ली थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के भाव स्थिर रहे। चावल के साथ गेहूं में भी टिकाव रहा। आवक कम रहने से चीनी और दालों के दाम चढ़ गए जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,854.72 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही।

गेहूं भी 2,857.42 रुपये पर कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रहा। आटे की कीमत भी लगभग स्थिर रही। दालों में मजबूती रही। मूंग दाल भी 25 रुपये और मसूर दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का भाव चार रुपये और चना दाल का 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। उड़द दाल की कीमत गत दिवस के स्तर पर ही टिकी रही। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 32 रिगिट चढ़कर 4,022 रिगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का जनवरी वायदा भी 0.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ 50.86 डॉलर बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 39 रुपये और सरसों तेल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। अन्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल के भाव 42 रुपये और सूरजमुखी तेल के चार रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। वनस्पति 54 रुपये और पाम ऑयल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ औसतन नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। चीनी भी तीन रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7884.82 रुपये, मसूर काली 8177.93 रुपये, मूंग दाल 10123.08 रुपये, उड़द दाल 10371.47 रुपये, तूअर दाल 10623.28 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.42 रुपये और चावल 3854.72 रुपये प्रति क्विंटल।

### संविधान दिवस पर संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिक प्रतिबद्धता दिखाएं: किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर नागरिकों से भारतीय संविधान के बुनियादी सिद्धांतों के प्रति अपना समर्पण दिखाने की अपील की। रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किए गए एक संदेश में संविधान निर्माताओं की दूरदृष्टि को याद किया और न्याय, स्वतंत्रता, समानता तथा भाईचारे को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। ये मूल्य भारत की लोकतांत्रिक पहचान को परिभाषित करते हैं। उन्होंने लिखा, हम संविधान दिवस पर उस दूरदृष्टि को याद करते हैं, जिसने भारत के लोकतंत्र की नींव रखी। इस संविधान दिवस पर, आइए हम न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के प्रति अपने आपको फिर से समर्पित करें-ए वे सिद्धांत हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**अंबेडकर व...**

का बेटा सांसद न बन पाता। उन्होंने रैली में मौजूद लोगों से कहा कि वह कुर्बानी के लिए तैयार हैं, लेकिन झुकने वाले नहीं। बिना नाम लिए बसपा पर कटाक्ष किया कहा कि मान्यवर कांशीराम ने लंबी लकीर खींच दी थी , लेकिन कुछ लोगों ने जिनसे संघर्ष था, उन्हीं से समझौता कर लिया। चंद्रशेखर आजाद ने यहां उमड़े अपार जनसमूह खासकर युवाओं में खूब जोश भरा, उन्होंने मौजूदा लोगों के जज्बात टटोलते हुए कहा कि बुलडोजर से घरों को जमींदोज किया जा रहा है, जो बोलता है, उसके घर पर बुलडोजर चल जाता है या ईडी का डर दिखाया जाता है, जो इनका विरोध करता है, वह राष्ट्रविरोधी हो जाता है और जो पार्टी ज्वॉइन कर ले, वही राष्ट्रवादी बन जाता है। उन्होंने कहा कि अब होशियार होने की जरूरत है, अब नहीं जागे, तो सोच लो 50 साल बाद यह देश कहां खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि लड़ाई किसी कि पूंछ नहीं, बल्कि मूछ बनने की है। उन्होंने कहा कि पूंछ कितनी भी लंबी हो, लेकिन मूंछ हमेशा ऊपर ही रहती है। उन्होंने मुस्लिम समाज से भी आह्वान किया कि जुल्म इतना बुरा नहीं होता, जितना उस जुल्म के सामने खामोश रहना। उन्होंने कहा कि तुगलकाबाद में उन्हें लाठियों से पीटा गया, देवबंद में उन्हें गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि हमलावर जानते हैं कि यदि वह 10 साल और जिंदा रहा, तो दिल्ली की कुर्सी पर बैठेगा। इस दौरान आसपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ा, भीम आर्मी भारत एकता मिशन राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव कमल सिंह वालिया, राष्ट्रीय महासचिव रविंदर भाटी, जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक मोहम्मद गाजी, पूर्व सांसद अमीर आलम, नवाजिश आलम, पूर्व विधायक शाहनवाज राना, रंजनवीर एडवोकेट, सतपाल चौधरी, रविन्द्र भाटी शामिल रहे।

# भारत के विकास की गतिशीलता पर दुनिया की नजर: राधाकृष्णन



वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में चुनावी, न्यायिक वित्तीय आदि क्षेत्रों में और सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने की जरूरत: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि देश आज भले ही तेजी से विकास कर रहा है और जल्द ही हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे लेकिन बदलते वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में चुनावी, न्यायिक, वित्तीय आदि क्षेत्रों में और सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने की जरूरत है।

राधाकृष्णन ने 'संविधान दिवस' पर यहां संसद भवन परिसर में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की करते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और जल्द ही तीसरा स्थान हासिल कर लेगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद थे।

राष्ट्रपति ने इस दौरान डिजिटल माध्यम में संविधान को नौ भाषाओं मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगू, उड़िया और असमिया में जारी कर संविधान से कला और कैलीग्राफी बुकलेट का अनावरण भी किया। उपराष्ट्रपति ने संविधान दिवस को पावन दिवस बताते हुए कहा कि इसी दिन 1949 में, स्वतंत्र भारत की संविधान सभा ने हमारे पवित्र संविधान को अंगीकृत किया था और 2015 से देश 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मना रहा है। यह दिन अब नागरिकों के लिए उत्सव बन चुका है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गेट तोड़ते हुए बिल्डिंग के पार्किंग में घुसी कार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर दो दिन से एक 22 सैकेंड का सीसीटीवी काफी वायरल हुआ,जिसमें एक नीले रंग की लग्जरी कार सोसाइटी के गेट से काफी रफ्तार में आती है और बिल्डिंग के गेट को तोड़ते हुए पार्किंग एरिया में घुस जाती है। पार्किंग एरिया में बुजुर्ग महिला से कुछ इंच पहले कार आकर अचानक बंद हो गई। वीडियो के एन काटजू मार्ग स्थित एक सोसाइटी का पता चला।

मामले में पुलिस को कोई सूचना व शिकायत नहीं दी गई। बताया गया कि बिल्डिंग के लोगों ने बाल बाल बची बुजुर्ग महिला को हादसे की चपेट में आया सामान दिलवाने का आश्वासन दिया। कार चालक के बारे में बताया गया कि कार एक लडकी चला रही थी,जो पड़ोस की बिल्डिंग में रहती है। सीसीटीवी बीते सोमवार रात आठ बजकर 54 मिनट 12 सैकेंड का है। बुजुर्ग महिला ने बताया कि वह हादसे के वक्त अपने बिस्तर पर बैठकर भगवान का नाम ले रही थी। उसी वक्त एक कार को उन्होंने देखा,सोचा कि आगे चली जाएगी। मगर कुछ सैकेंड बाद ही कार कोने का दरवाजा तोडकर पार्किंग में घुस गई। जैसे ही कार उसकी तरफ आई,उसने अपने चेहरे को रजाई से ढककर आंखे बंद कर ली। उसने एक जोर का धमाका भी सुना। कुछ सैकेंड बाद जब उसने रजाई हटाई। धूल ही धूल थी। उसका सारा सामान टूट गया था। चंद मीटर की दूरी पर कार क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी थी। उसने अपनी मौत को काफी करीब से देखा। हादसे के बाद सिर में काफी दर्द होने लगा था। अगर पैर नीचे करके बैठी होती तो जरूर पैर टूट जाता। धमाके की आवाज सुनकर बिल्डिंग के सभी लोग पार्किंग में आए और मामले की जानकारी ली। हरपाल सिंह ने बताया कि वह मूलरूप से यूपी का रहने वाला है और पिछले पांच साल से बिल्डिंग में पत्नी के साथ सिक्योरिटी की नौकरी कर रहा हूँ।

हादसे के वक्त वह कुछ ही दूरी पर था। कार आई और गेट तोडकर अंदर घुस गई। समझ ही नहीं आया,क्या हुआ।

## सीवर लाइन की सफाई के काम का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने आज जेल रोड से केशोपुर सीवर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने वाली लगभग 6.85 किलोमीटर लंबी ट्रंक सीवर लाइन की सफाई के काम का शुभारंभ किया। इस सीवर लाइन की सफाई पर 13 करोड़ रुपये का व्यय होगा। यह मुख्य लाइन लगभग 1.5 मीटर व्यास की है और पिछले कई वर्षों से साफ न होने की कारण इसमें 65% तक सिल्ट भरी हुई थी जिसके कारण वीरेंद्र नगर, शिव नगर, हरिनगर तथा जनकपुरी के कई क्षेत्रों में सीवर ओव. रफ्लो और गंदे पानी की निकासी की गंभीर समस्या बनी हुई थी। इसके अतिरिक्त श्री सूद ने जनकपुरी के वार्ड 104 के कई ब्लाकों में साफ सफाई और कूड़ा प्रबंधन का भी निरीक्षण किया। सूद ने बताया कि इस ट्रंक सीवर लाइन की सफाई कई वर्षों बाद की जा रही है जबकि नियमानुसार हर पाँच वर्ष में ट्रंक सीवर लाइन की डी-सिल्टिंग और साफ सफाई अनिवार्य है। उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, इस लाइन का एक छोटा हिस्सा वर्ष 2013 में ही साफ हुआ था। उसके वाद इस काम पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। सूद इसके बाद जनकपुरी के वार्ड 104 के कई ब्लॉक का भी निरीक्षण कर सफाई कार्यों और कूड़ा प्रबंधन की समीक्षा भी की।

# संविधान केवल किताब नहीं, यह हम सबके जीवन का मार्गदर्शनः रविन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत रत्न डॉ. बी आर अम्बेडकर जी संविधान बनाने वाली ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन थे। उन्होंने देश को एक ऐसा संविधान दिया जिसने भारत को संसदीय लोकतंत्र, संघीय ढाँचा, स्वतंत्र न्यायपालिका और मौलिक अधिकारों वाला राष्ट्र बनाने का आधार दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी योजनाओं और संकल्पों के केंद्र में संविधान को रखा और यह सन्देश दिया कि "भारत का संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं बल्कि राष्ट्र-निर्माण का मार्गदर्शक ग्रंथ है।" आज दिल्ली सरकार भी विकसित दिल्ली निर्माण में 'संविधान, समानता और सामाजिक न्याय' को योजनाओं का केंद्र बना आगे बढ़ रही है। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने संविधान दिवस के अवसर पर यह बात इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकि विश्वविद्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि आज तकनीक और डिजिटल ज्ञान स्रोतों के माध्यम से संविधान को पढ़नेख्रसमझने के अनेक माध्यम उपलब्ध हैं, पर सबसे महत्वपूर्ण है।

संविधान के प्रति हमारी निष्ठा, कर्तव्यबोध और समाज के प्रति समर्पण। रविन्द्र इन्द्राज ने संविधान में निहित प्रमुख अनुच्छेद जैसे अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 19 (स्वतंत्रता के अधिकार), अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता), अनुच्छेद 32 (मौलिक अधिकारों का संरक्षण), अनुच्छेद 51(।) (नागरिकों के मूल कर्तव्य), अनुच्छेद 15 का उल्लेख करते हुए कहा कि इन अधिकारों और कर्तव्यों का वास्तविक क्रियान्वयन तभी संभव है जब समाज, ब्यूरोक्रेसी, संस्थाएँ और नागरिक समान भाव से इसके प्रति जागरूक और उत्तरदायी रहें। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद केंद्र में लम्बे समय तक रही सरकार में संविधान, लोकतंत्र और बाबा साहेब अम्बेडकर के विचारों की हमेशा उपेक्षा हुई। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल जी का उदाहरण देते हुए कहा कि 563 रियासतों का एकीकरण कर भारतीय संविधान और राष्ट्र की एकता के लिए उन्होंने महान योगदान दिया। प्रधानमंत्री पद के लिए उन्हें ज्यादा वोट मिले लेकिन उस समय के प्रमुख दल ने इसकी अवहेलना की और कम वोट पाने वाले को प्रधानमंत्री बनाया, देश में लम्बे समय तक संविधान का पालन सही तरीके से न हो पाने से गरीब, वंचित और महिलाओं को विकास की मुख्यधारा में लाने का सपना अधूरा रह गया। इस अवसर पर कुलपति रंजना झा, विश्वविद्यालय के शिक्षक और स्टाफ, सोशल वेलफेयर डायरेक्टर श्री यश चौधरी, संविधान विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पुलिस आयुक्त की मौजूदगी में पासिंग आउट परेड आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा की मौजूदगी में, दिल्ली पुलिस एकेडमी, झरोदा कलां ने 291 ट्रेनी के लिए पासिंग आउट और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त रॉबिन हिबू, नीरज ठाकुर, गरिमा भटनागर, मधुप कुमार तिवारी, और देवेश श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने ट्रेनीज को बधाई दी । उन्होंने सभी तरह की पुलिसिंग में महिलाओं के योगदान की तारीफ की और कहा कि उनके शामिल होने से लॉ एंड ऑर्डर के प्रति सेंसिटिविटी और इंसानी नजरिया आता है।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली पुलिस ने बार-बार अपनी काबिलियत साबित की है और इंटरनेशनल समिट, सभी तरह के धार्मिक त्योहारों या आपदाओं के दौरान शहर में लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने में मुश्किल चुनौतियों का सामना किया है, और उम्मीद है कि फोर्स में नए सदस्य भी इसी रफ्तार को जारी रखेंगे।

उन्होंने ट्रेनीज को सोशल मीडिया की पहुंच के बारे में सावधान किया, जहां गलत जानक. ारी असली जानकारी से ज्यादा तेजी से फैलती है और उनसे झूठी बातों से निपटने में टेक्नोलॉजी का पूरा इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारा ध्यान ऑर्गनाइज्ड क्राइम को रोकने, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पक्का करने और साइबर क्राइम और आतंकवाद को पूरी तरह खत्म करने पर होना चाहिए। -अलग कैडर के ट्रेनी में 4 दानिक्स प्रोबेशनर , 135 पीएसआई , 133 रिक्रूट कांस्टेबल और दूसरे कैडर के 19 ट्रेनी शामिल हैं। इन ट्रेनी ने अपनी ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी कर दिल्ली पुलिस फोर्स में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।



पासिंग आउट परेड की सलामी लेते दिल्ली पुलिस आयुक्त रॉबिन हिबू व अन्य।

## एक नजर

### आवारा पशु ने बुजुर्ग महिला को मारी टक्कर ,हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नन्द नगरी थानांतर्गत आवारा पशु ने एक वृद्ध महिला को टक्कर मार दी, जिस वजह से बुजुर्ग महिला की जान चली गयी स बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया गया है स मृतक बुजुर्ग महिला की पहचान उर्मिला देवी (75) के रूप में हुई है वह मूल रूप से बिहार के सीतामढ़ी की रहने वाली थीं और कई वर्षो से जीटीबी अस्पताल परिसर में झुग्गी डाल कर अकेली रहती थीं स बीती 19 तारीख को वह नत्थू कलोनी चौक के पास गाय को रोटी देने गयी थीं तब एक आवारा पशु ने उनको टक्कर मार दी जिस वजह से उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में अंदरूनी चोट लगी थीं। जिसके बाद उनको जीटीबी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था जहां ईलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गयी थीं। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद उनका शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बुजुर्ग महिला जीटीबी परिसर में अम्मा के नाम से प्रसिद्ध थीं और परिसर में रहने वाले परिवारों के घरो पर काम करके अपनी जीविका चलाती थीं।

### धर्मेंद्र का निधन अपूरणीय क्षतिः डॉ. वत्स

**नई दिल्ली।** नेशनल मीडिया नैटवर्क फिल्म एंड टीवी फाउंडेशन के चेयरमेन डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने हिंदी फिल्मों के सीमेन अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हिंदी सिनेमा की अपूरणीय क्षति है और आज सात दशकों से करोड़ों दर्शकों का सबसे चहेते धर्मेंद्र युग का अंत हो गया है। 300 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके धर्मेंद्र ने सभी तरह के रोल किए। 89 वर्ष की आयु के बावजूद वे फिल्मों में सक्रिय थे।

वत्स ने कहा कि वह स्वयं धर्मेंद्र के निधन से व्यक्तिगत रूप से बहुत आहत हैं। हम सबको उम्मीद थी कि वे 8 दिसंबर को अपना 90 वां जन्मदिन अपने परिवार और अपने प्रशंसकों के साथ ही मनाएंगे। लेकिन ऐसा हो नहीं सका। वे आज अपने करोड़ों चाहने वालों को रोता बिलखता हुआ छोड़कर पंचतत्व में विलीन हो गए। धर्मेंद्र एक बेहद संवेदनशील बेहतरीन इंसान थे। सफलता के शिखर पर पहुंचकर भी वह अपनी सहृदयता, विनम्रता नहीं भूले। जब उनकी मौत की झूठी खबरें उड़ीं तो उनके प्रशंसकों ने अफवाह फैलाने वालों को आड़े हाथों लिया था। सात दशकों तक दर्शकों के दिलों पर राज किया। वत्स ने कहा कि धर्मेंद्र कभी मरा नहीं करते, धर्मेंद्र अमर हैं। यूं ही कोई धर्मेंद्र नहीं बन जाता। फूल और पत्थर के शाखा और शोले के वीरु को लोग कभी नहीं भुला पाएंगे। अलविदा धर्म पाजी।

### इक्विटी बाजार बनकर उभरा सिक्योरिटी मार्केट

**नई दिल्ली।** भारत का सिक्योरिटी मार्केट अब दुनिया का चौथा सबसे बड़ा इक्विटी बाजार बनकर उभरा है, जिसके केंद्र में दिल्ली 20.7 प्रतिशत निवेशक है। लेकिन इस तेजी के बीच अस्थिर बाजार में सफलता केवल किस्मत से नहीं,बल्कि औपचारिक प्रशिक्षण और अनुशासन से मिल रही है। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली भारत के कुल डीमैट खातों का 8.12 प्रतिशत हिस्सा रखती है और व्यक्तिगत इक्विटी टर्नओवर में 1.1 लाख करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर है। हालांकि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड का 2025 का सर्वेक्षण चौंकाने वाला खुलासा करता है, निवेश की इच्छा रखने वाले अधिकांश लोगों के लिए ज्ञान की कमी एक बड़ी बाधा है। इस व्यापक ज्ञान अंतराल को भरने के लिए अवधूत साठे ट्रेडिंग एकेडमी जैसी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जिन्होंने 60,000 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया है।

दिल्ली के पूर्व रक्षाकर्मी सागर कुमार के लिए जनवरी 2023 में औपचारिक प्रशिक्षण लेना परिवर्तनकारी साबित हुआ। वे कहते हैं इसने मुझे स्पष्टता रणनीति और अनुशासन दिया, जिससे मैं महंगी गलतियों से बच पाया और ट्रेडिंग में निरंतरता आई। वहीं वित्त में एमबीए कर चुकी युवा निवेशक ऋ तिका खट्टर ने मनचाहे परिणाम न मिलने पर प्रशिक्षण लिया। उनके अनुसार प्रशिक्षण ने उन्हें वित्तीय बाजार की बुनियादी बातें और तकनीकी विश्लेषण समझने में मदद की जिससे वे अधिक समझदारी भरे निर्णय ले पाईं।

### चिड़ियाघर में रॉक पाइथन की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली जू (चिड़ियाघर) में इलाज के दौरान एक पांच वर्षीय रॉक पाइथन की मौत हो गई। साथ ही चिड़ियाघर के सरीसृप संग्रह में अब सात अजगर बचे हैं। अधिकारी ने बताया कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम और प्रयोगशाला निदान के बाद ही पता चलेगा। चिड़ियाघर के निदेशक संजीत सिंह ने बताया कि रॉक पाइथन बीमार था और उसका इलाज चल रहा था। अधिकारी ने दावा किया कि 10 फीट से ज्यादा लंबे अजगर की मौत कथित तौर पर सरीसृप गृह के अंदर सर्दियों की व्यवस्था के कुप्रबंधन के कारण हुई।

## उपकरणों पर निर्भरता से बढ़ रहासाइबर हमलों का खतराः प्रो. योगेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू द्वारा इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स के साथ मिलकर "साइबर सतर्कता" नाम के एक महीने का साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस कैंपेन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के समापन पर डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह मुख्यातिथि और रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता एवं इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के निदेशक निशांत कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयूसीसी के निदेशक प्रो. संजीव सिंह ने की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि आज हम पूरी तरह से मोबाइल फोन, कंप्यूटर और इंटरनेट आदि से जुड़े उपकरणों पर निर्भर हैं। हम नहीं जानते कि उन उपकरणों के अंदर क्या है; ऐसे में साइबर सतर्कता बहुत अहम मुद्दा है।

# संविधान दिवस पर भाजपा शाहदरा जिला में गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिला द्वारा राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने पर एवं 26 नवंबर 1949 को संविधान अपनाने के उपलक्ष्य में एक विशेष गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस ऐतिहासिक अवसर दीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से वन्देमातरम् गीत गाया एवं देश भक्ति गीत गा कर और सांस्कृतिक कार्यक्रम ने राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक गौरव और स्वतंत्रता आंदोलन की मूल भावना को पुनः स्मरण कराया। कार्यक्रम में भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, भाजपा प्रवक्ता व भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी ड्रॉ अनिल गुप्ता, शाहदरा से विधायक संजय गोयल, जिला उपाध्यक्ष भूषण ठक्कर व सुशील उपाध्याय, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, पार्षद रेखा रानी, डॉ. मोनिका पंत, एडवोकेट कनिष्क खरबंदा,प्रिया कांबोज, बबीता खन्ना सहित सभी 18 मण्डल अध्यक्ष सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और इसके प्रचार प्रसार के लिए सामूहिक रूप से शपथ ली।

भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी डॉ. अनिल गुप्ता ने बताया कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम् ने स्वतंत्रता संग्राम में देशभक्ति की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा ने राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता और संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया। दीपक गाबा ने यह स्पष्ट किया कि वंदे मातरम् सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि देश की आत्मा से जुड़ी एक प्रेरणादायक ध्वनि है। शाहदरा से विधायक संजय गोयल ने संविधान दिवस पर संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता का संकल्प यह दिन लोकतांत्रिक परंपराओं, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर देता है।

# पोकेमॉन गो पिकीपेक डे 30 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पोकेमॉन गो नवंबर कम्युनिटी डे, रविवार, 30 नवंबर, को आयोजित किया जाएगा। इस कम्युनिटी डे के दौरान, अपने आस-पास के ट्रेनर के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, पिकीपेक, वुडपेकर पोकेमॉन, को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा यह दिन भर चलने वाले कम्युनिटी डे मीटअप्स दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक 33 शहरों में आयोजित किए जाएंगे।

इन शहरों के प्रमुख स्थान इस प्रकार हैं, नई दिल्ली के सेक्टर 6, द्वारका में प्लाजा पार्क, ईरोज वन मॉल, महाराजा अग्रसेन पार्क और लोधी गार्डन,गाजियाबाद के इंदिरापुरम में स्वरूप जयंती पार्क,गुरुग्राम के लीजर वैली पार्क,मुंबई के काला में हॉर्निमन सर्कल, IIT बॉम्बे, वीर सावरकर उद्यान और शिवाजी पार्क (दादर),नवी मुंबई के वाशी में इनऑर्बिट मॉल, ऐरोली में राजीव गांधी गार्डन और कलांबोली के सेक्टर 10 में मंडावा गार्डन ,पुणे के श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर, सरसबाग,फरीदाबाद के सेक्टर-12 में ताऊ देवीलाल पार्क ,देहरादून के गांधी पार्क, गुवाहाटी के लतासिल प्लेग्राउंड,जयपुर के जवाहर सर्किल, भुवनेश्वर के खरवेला पार्क, बेंगलुरु के हनुमान पार्क, क्यूब्बन पार्क, लक्ष्मी देवी उद्यानवन, सेंट्रो मॉल और HSR लेआउट में स्वाभिमान पार्क), कानपुर के मोतीझील में कारगिल पार्क,चंडीगढ़ के सेक्टर में दिखाई देगा।



भाजपा शाहदरा जिला द्वारा राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा व डॉ. अनिल गुप्ता आदि।

# एनसीसी कैडेटों को प्रेरित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आगामी पुस्तक 'कश्मीर इन द लाइन ऑफ फायर' के प्रसिद्ध लेखक मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) रंजन महाजन ने हाल ही में नई दिल्ली के विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में एनसीसी कैडेटों को संबोधित और प्रेरित किया।



सत्र ने कैडेटों को साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की कहानियों से प्रेरित किया। इस संवाद के दौरान, मेजर जनरल महाजन ने अपने अनुभवों और अंतर्दृष्टि को साझा किया, नेतृत्व, टीम वर्क और सहानुभूति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र के प्रति मजबूत उद्देश्य और कर्तव्य की भावना विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। लेखक ने अपनी पुस्तक कश्मीर इन द लाइन ऑफ फायर के प्री-ऑर्डर की घोषणा भी की, जिसमें मानव साहस के सार और सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में लड़े सैनिकों की भावना को कैद किया गया है। पुस्तक अब प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है। यह आयोजन एनसीसी कैडेटों के लिए मेजर जनरल महाजन के अनुभवों से सीखने और नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का एक शानदार अवसर था।

## प्रदूषण की समस्या पर राजनीति करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की यह अत्यंत खेदपूर्ण है की प्रदूषण पर आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस नेता केवल राजनीतिक ब्यानबाजी कर रहे हैं और उनमे इसके समाधान में कोई रूची नहीं है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली में प्रदूषण की समस्या कोई एक दो साल की नही बल्कि लगभग 2009 से शुरू हुई समस्या है पर यह दुखद है की ना कांग्रेस ने ना 'आप' ने अपने सत्ता काल में दिल्ली के प्रदूषण खासकर सर्दियों के प्रदूषण को कम करने का कोई ठोस उपाय नही किया।आज जब 'आप' एवं कांग्रेस दोनों विपक्ष में हैं तो दोनों के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज एवं देवेन्द्र यादव केवल रोज ब्यानबाजी करके या नाटकीय प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अपनी जिम्मेदारी की इतिश्री कर देते हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की ग्रैप 3 में ही ग्रैप 4 की वर्क फ्रोम होम जैसी पाबंदियां लगा कर, प्राईमरी स्कूलों को बंद करके जहां दिल्ली सरकार ने उचित कदम उठाए हैं तो वहीं दिल्ली में इलैक्ट्रिक बसें बढ़ा कर और सरकारी क्षेत्र में ई वाहन ही लाने का निर्णय करके रेखा गुप्ता सरकार ने अपनी साकारात्मक सोच का परिचय दिया है।

# उत्कर्ष शिखर अवार्ड 2025 संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आज राजधानी स्थित राजा राममोहन राय मेमोरियल हॉल, 12 विष्णु दिगंबर मार्ग में मीडिया नई सुबह द्वारा उत्कर्ष शिखर अवार्ड 2025 का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' रहा, जिसके अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, मेधावी छात्र सम्मान तथा समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहे एनजीओ एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया।





कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वाइस चेयरमैन नेचर वेलफेयर काउंसिल जय कुमार नायर एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी आचार्य योगी कवि प्रेम भाटिया उपस्थित रहे। उनके स्वागत में आयोजकों ने पुष्पगुच्छ भेंट किया एवं जय कुमार नायरके द्वारा कई एनजीओ और समाज सेवियों जैसे जितेंद्र, सुनील गर्ग , साबिर अली ज्योति गौतम अमिता शर्मा , नीलिमा ठाकुर, मृदुला रस्तोगी,अर्चना अग्निहोत्री, कविता परवानी, सुनीता निगम, को सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी मनोज जैन 'सागर', तथा एसीपी विजिलेंस, दिल्ली पुलिस ख्र वीरेंद्र पुंज उपस्थित रहे। अतिथियों ने समाज सेवा और जनजागरण को लेकर मीडिया नईसुबह के प्रयासों की सराहना की। स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। नारी सशक्तिकरण, शिक्षा और देशभक्ति पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं।

योग गुरु तिलकराज धीमान ने मंच से "स्वस्थ जीवन के लिए योग" विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में उन संस्थाओं और समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया, जो देशभर में शिक्षा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और समाज उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक हमबीर सिंह ने कहा ऐसे कार्यक्रम वह समय-समय पर करते रहते हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### भगवान पार्श्‌वनाथ जन्म कल्याणम् समारोह की तैयारियां तेज

# सीपी व डीएम ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

■ इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित अनेक गणमान्य अतिथियों के सम्मिलित होने की संभावना है



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** तरूणसागरम् बसंतपुर सेंतली मुरादनगर क्षेत्र में भगवान पार्श्‌वनाथ जन्म कल्याणम् एवं नवनिर्मित गुफाका भव्य उद्‌घाटन आज प्रस्तावित है। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक गणमान्य अतिथियों के सम्मिलित होने की संभावना है।

आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को देखते हुए पुलिस कमिश्नर जे0 रविंद्र गौड़ एवं जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। पुलिस कमिश्नर महोदय एवं जिलाधिकारी ने आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग से लेकर श्रद्धालुओं की आवा. जाही तक सभी बिंदुओं का जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के लिए साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएँ, अग्नि सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण तथा मंच व्यवस्था जैसे सभी कार्य समय से पूर्ण कराए जाएँ। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम है, इसलिए सभी विभाग समन्वय बनाकर पूरी तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि आयोजन पूरी गरिमा एवं सौहार्द के साथ संपन्न हो सके।

इस मौके पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों के अधिकारी/ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर मोदीनगर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** संविधान दिवस के अवसर पर बस स्टैण्ड, मोदीनगर स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर विनोद वैशाली (चेयरमैन, नगर पालिका परिषद) तथा क्षेत्र के सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा कि संविधान दिवस भारतीय लो. कतंत्र की मूल भावना- समानता, न्याय और स्वतंत्रता-का प्रतीक है। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान आज भी सामाजिक न्याय और समरसता को मजबूत करता है। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अंत में सभी सदस्यों ने राष्ट्रहित, सामाजिक उत्थान और संवैधानिक मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय राजस्थान का दीक्षांत समारोह धूमधाम से हुआ आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ केएन मोदी विश्व. विद्यालय, राजस्थान का 8 वाँ दीक्षांत समारोह दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर के सभागार संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि श्री नितिन गडकरी जी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार रहे। समारोह के विशेष अतिथि पूज्य धर्मवत्सलदास स्वामी जी, अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ संत, स्वामी नारायण संस्था तथा विशिष्ट अतिथि पूज्य मुनिवत्सल स्वामी जी, प्रशासनिक प्रभारी, अक्षरधाम मंदिर, दिल्ली रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात डॉ के एन मोदी फाउंडेशन के चेयरमैन तथा डॉ के एन मोदी विश्वविद्यालय, राजस्थान के कुलाधिपति प्रोफेसर डॉ डी के मोदी जी ने अपने अभिवाचन से अधिग्रहित किया। उन्होंने कहा कि डॉ के एन मोदी फाउंडेशन के अंतर्गत आने वाले सभी संस्थानों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्र- छात्राओं को विश्वस्तरीय शिक्षा देना तथा महिला सशक्तिकरण है। तत्पश्चात विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. पीएन ऋषीकेसा ने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्य, स्थापित किए गए आयाम तथा प्लेसमेंट को विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि पूज्य मुनिवत्सल स्वामी जी ने अपने अभिवाचन में डॉ के एन मोदी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे उन्नत कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## डीजेजेएस ने किया गांधी कॉलोनी में भक्तिमय शोभायात्रा का आयोजन

**मुरादनगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा एक भव्य और भक्तिमय शोभायात्रा का आयोजन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ से पूर्व निक. ाली गई इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक उत्साह और भक्ति-भाव से सराबोर कर दिया। शोभायात्रा का प्रारंभ स्थानीय मंदिर से हुआ, जहाँ श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। महिला मंडलों, वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं ने भजन-कीर्तन के साथ यात्रा को अनुपम भव्यता प्रदान की। हरिनाम संकीर्तन की गूँज ने वातावरण को दिव्य ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्याएँ- साध्वी वसुधा भारती और साध्वी ज्योति भारती भी इस यात्रा में सम्मिलित रहीं।

## फॉर्च्यून डिस्ट्रिक्ट सेंटर में हुआ केक मिक्सिंग सेरेमनी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मंगलवार को उमंग और उत्साह से भरी पारंपरिक केक मिक्सिंग सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में गाजियाबाद के प्रसिद्ध डॉक्टर्स ख्रडॉ. अरुण कुमार, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. वजहाहिद रिजवी और डॉ. मनिषा की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही कॉर्पोरेट मेहमानों, मीडिया प्रतिनिधियो ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी ने मिलकर सूखे मेवे, कैंडिड फ्रूट्स और सुगंधित मसालों को पारंपरिक अंदाज में मिलाया, जो उत्सव, समृद्धि और एकता का प्रतीक है। होटल की आकर्षक सजावट, लाइव संगीत और ताजी बेकरी तैयारियों ने पूरे आयोजन को और भी शानदार बना दिया। इस अवसर पर शांतनु मुखर्जी,होटल मैनेजर ने कहा कि केक मिक्सिंग सेरेमनी त्योहारों की शुरुआत का एक सुंदर माध्यम है। यह परंपरा हमें एकजुट होकर खुशियाँ मनाने और त्योहारी उत्साह साझा करने का अवसर देती है। तैयार किया गया यह विशेष मिश्रण होटल में जल्द उपलब्ध होने वाले क्रिसमस केक और फेस्टिव डेसर्ट्स के लिए उपयोग किया जाएगा। इस आयोजन के साथ होटल ने अपने विशेष फेस्टिव मेन्यू और सीजनल ऑफर्स की भी औपचारिक शुरुआत कर दी है। इस मोके पर सचिन शर्मा, गुरमीत सिंह, शेफ वीरेंद्र भारती, निखिल चौधरी, मन्नू शर्मा, रुक्मान आदि भी मौजूद रहे।

## आईटीएस डेंटल कॉलेज में गेस्ट लेक्चर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस अवेयरनेस वीक 2025 के वैश्विक कार्यक्रम के अंतर्गत आई.टी.एस डेन्टल कॉलेज में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के बढ़ते खतरे के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक ज्ञानवर्धक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसका विषय अभी कदम उठाएं: हमारा वर्तमान बचाएं, हमारा भविष्य सुरक्षित करें था। इस लेक्चर में 200 से अधिक छात्रों एवं दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के वक्ता प्रसिद्ध माइक्रोबायोलॉजिस्ट, डॉ तनुश्री गहलोत थी, जो वर्तमान में संतोष मेडिकल कॉलेज में कार्यरत है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न लेक्चर दिये है। लेक्चर के दौरान डॉ तनुश्री ने सभी छात्रों को एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस की समझ, वैश्विक स्तर पर इसकी गंभीरता, प्रतिरोध रोकथाम के उपाय एवं स्थानीय स्तर पर सहभागिता का महत्वता के बारे में गहन जानकारी प्रदान की।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस जागरूकता इसलिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमारे समय के सबसे बड़े स्वास्थ्य खतरों में से एक संक्रमणों के खिलाफ प्रभावी दवाओं के कमजोर पड़ने की ओर ध्यान आकर्षित करती है। लेक्चर के दौरान डॉ तनुश्री ने सभी प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिये एवं सभी प्रतिभागियों को का मार्गदर्शन किया जिसके लिये सभी प्रतिभागियों ने उनकी सराहना की। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ क्लीनिकल एवं ज्ञानवर्धक मंच प्रदान करने के लिये सभी ने आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

## तुच्छ मानसिकता वाले संतोष वर्मा को तुरंत किया जाए गिरफ्तार: बीके शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने मप्र कैडर के आइएएस अफसर संतोष वर्मा के विवादास्पद बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि तुच्छ मानसि. कता वाला व्यक्ति भले ही कितने भी बडे पद पर क्यों ना पहुंच जाए, उसकी मानसिकता नहीं बदलती है। आइएएस अफसर संतोष वर्मा ने इसे साबित भी कर दिया है।

संतोष वर्मा की मानसिकता शुरू से ही तुच्छ रही है और आइएएस अफसर बनने के बाद भी उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। समाज को बांटने वाले ऐसे व्यक्तियों की तुच्छ मानसि. कता का लाभ ही विदेशियों ने उठाया और वर्षो गुलाम रहे। आज समाज बदल रहा है और सभी एक दूसरे के साथ आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ रह रहे हैं, जो संतोष वर्मा जैसे लोगों से सहन नहीं हो पा रहा है। ऐसे लोगों का एक ही सपना होता है कि समाज को बांटकर अपना स्वार्थ साधते जाओ।

मप्र कैडर के आइएएस अफसर संतोष वर्मा यही कर रहे हैं। उनके द्वारा दिया गया बयान सभी महिलाओं का अपमान है। इससे यह भी पता चलता है कि उनकी नजर में नारी सिर्फ एक वस्तु हैं। ब्रह्मऋषि विभूति बी के शर्मा हनुमान ने कहा कि संतोष वर्मा का यह बयान समाज कां बांटने व देश को कमजोर करने का षडयंत्र है। उन्होंने बहन-बेटियों को वस्तु बताकर किसी एक समाज की नहीं वरन पूरे विश्व की महिलाओं का अपमान किया है।

## संविधान दिवस पर किया भारत का संविधान 'उद्देशिका' का वाचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संविधान दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी के निर्देशन पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन ज्योति मौर्या द्वारा सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों की उपस्थित में भारत का संविधान 'उद्देशिका' का वाचन किया, 'हम, भारत के लोग, भारत को एक (सम्पूर्ण प्रभुत्व- संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य) बनाने के लिए, तथा अपने समस्त नागरिकों को: समाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय; विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और (राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता) सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।'

### अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (सी० डि०)**
**जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थित श्री जसवीर सिंह यादव, पी.सी.एस.-जे**
**विविध वाद सं०- 76 सन-2025**
**( कम्प्यूटर नं० 246 / 2025 )**

जितेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 श्रीकृष्ण उर्फ श्रीकृष्ण रूस्तगी उम्र करीब 55 वर्ष नि0-3136, सै0-4ए मेवार इन्स्टीट्यूट के पास वसुंधरा तहसील व जिला गाजियाबाद आधार नं0-4436 5501 8189

......... प्रार्थी/वादी

**बनाम**

1. विशाल रूस्तगी पुत्र स्व0 श्रीकृष्ण उर्फ श्रीकृष्ण रूस्तगी निवासी फ्लैट सं0-1101, टावर-बी, तिलपत पल्ला रोड हैमिल्टोन हाईट्स एस्पीरे टावर सै0-37 अमरनगर जिला फरीदाबाद हरियाणा-121003, 2. श्रीमति कल्पना उर्फ कल्पना रस्तोगी पत्नी प्रवीण कुमार रस्तोगी पुत्री स्व0 श्रीकृष्ण उर्फ श्री कृष्ण रूस्तगी निवासी बी-58 गली नं0-10 ईस्ट आजाद नगर कृष्णा नगर पूर्वी दिल्ली-110051.

..... प्रतिवादीगण/विपक्षीगण

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमान जी, श्री जितेन्द्र कुमार, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि रूपया अंकन लगभग 72,47, 982.04/- रूपये स्व0 श्रीकृष्ण उर्फ श्री कृष्ण रूस्तगी के अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 28.11.2025 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुना. सिब आदेश पारित कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 03.05 2025 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण।

72,47,982.04/- रूपये

**आदेशानुसार**
**( तरूण कुमार )**
**मुंसरिम**
**सिविल जज (सी०डि०) गाजियाबाद।**

### अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( सी० डि० )**
**जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थित श्री जसवीर सिंह यादव, पी.सी.एस. जे**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० ) गाजियाबाद**
**विविध वाद सं० 109 / 2025**
**कम्प्युटर नं०-344 / 2025**

सर्वेश कुमार पुत्र स्व. नन्हेलाल निवासी 50 ए मानसरोवर पार्क शाहपुर बम्हेटा तहसील व जनपद गाजियाबाद उ.प्र.

....... प्रार्थी

**बनाम**

1- सीमा पुत्री स्व. नन्हेलाल निवासी 545 के ए 1070 डीके कोणार्क सिटी फेस-2 डिप्टी खेडा लखनऊ जनपद लखनऊ उत्तर प्रदेश-226017, 2- ब्रांच मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक शाखा करोल बाग सी.पी.पी. सी. गुरूद्वारा रोड दिल्ली-110006

....... विपक्षीगण

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमानजी, सर्वेश कुमार पुत्र स्व. नन्हेलाल ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत मृतक बृजेश पुत्र स्व. नन्हेलाल निवासी 50ए मानसरोवर पार्क शाहपुर बम्हेटा तहसील व जनपद गाजियाबाद उ.प्र के पेंशन खाते में जमा धनराशी हेतु अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया कि वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 18.12.2025 नियत की जाती है।

अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 09.07.2025 के न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज (सी०डि०) गाजियाबाद।**

## स्कूल गेम्स फेड्रेसन ऑफ इंडिया के लिए टीमों का चयन



चयनित खिलाड़ियों का विद्यालय ने किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर गाजियाबाद का एक श्रेष्ठ विद्यालय है जो संस्कार युक्त शिक्षा के साथ-साथ खेल कूद के क्षेत्र में भी विशिष्ट स्थान रखता है। यह विद्यालय विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचा. लित है। विद्या भारती पूरे देश में लगभग 20000 विद्यालयों का संच. ालन करती है। शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी विद्या भारती एक स्टेट के रूप में एसजीएफआई में अपना प्रतिनिधित्व करती है। दिनांक 13 से लेकर 16 नवंबर तक प्रयागराज में विद्या भारती के 11 क्षेत्र यानी देश भर के सभी क्षेत्रों से राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी इकट्ठे हुए। इस विद्या भारती की अखिल भारतीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर के खिलाड़ियों की अंडर 14 की बास्केटबॉल की टीम ने भी प्रतिभाग किया था जिसमें विद्यालय की टीम ने सभी टीमों को हराते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब यह टीम स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए चयनित हुई है और अपने शहर अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व एसजीएफआई में करेगी। इसी तरह 20 नवंबर से 23 नवंबर तक सुजानगढ़ राजस्थान में बहनों के लिए विद्या भारती अखिल भारतीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अपने विद्यालय की अंडर 17 की खिलाड़ी बहनों ने भागीदारी की। पूरे देश भर के 11 क्षेत्र की टीमों को हराते हुए अपने विद्यालय की बहनों की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया और अपने विद्यालय का अपने शहर का नाम रोशन किया।

## केएन मोदी कॉलेज में हुआ संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में एन सी सी महानिदेशक के आदेशों के अनुक्रम में 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल के निर्देशन मे संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्य और मौलिक अधिकारों की जानकारी देने के साथ साथ एन सी सी कैडेट्स के मध्य एक संविधान सम्बंधी प्रश्नोत्तरी का आयोजन कराया गया जिसमें प्रश्नों के सही जवाब देने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया।

# एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में यातायात जागरूकता माह के अंतर्गत विद्यार्थियों, शिक्षकगण और कर्मचारियों में सड़क सुरक्षा, यातायात अनुशासन तथा जिम्मेदार नागरिकता की भावना को सुदृढ़ करने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आलोक प्रियदर्शी, भारतीय पुलिस सेवा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में धवल जायसवाल, भारतीय पुलिस सेवा, पुलिस उपायुक्त तथा प्रियांशी पाल, प्रांतीय पुलिस सेवा, सहायक पुलिस आयुक्त ने भाग लेकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। मुख्य अतिथि आलोक प्रियदर्शी ने अपने संदेश में कहा कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है और युवाओं को गति सीमा का पालन करते हुए, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करते हुए तथा हेलमेट और सीट पट्टा अवश्य पहनते हुए अनुशासन का पालन करना चाहिए।

उन्होंने विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को सुरक्षित व्यवहार अपनाने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि धवल जायसवाल ने अपने संदेश में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण लाप. रवाही है और प्रत्येक नागरिक को बिना अनुमति वाहन न चलाते हुए तथा अनावश्यक गति से बचते हुए सड़क पर धैर्य व अनुशासन बनाए रखना चाहिए।

इस अवसर पर कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम होते हैं तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है।

कुलाधिपति (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि सड़क सुरक्षा सामाजिक उत्तरदायित्व है और युवाओं को अपने आचरण से सुरक्षा का संद. ेश समाज तक पहुँचाना चाहिए। कुलपति प्रोफेसर (डॉ) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि ऐसी जागरूकता गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और विश्वविद्यालय सदैव अनुशासन तथा सुरक्षा को सर्वोच्च महत्व देता है।

एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय के छात्र यशस्वी भटनागर, जिन्हें 'इंडिया टैलेंट शो' में चयनित होने का गौरव प्राप्त हुआ है, को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सुन्दरदीप कॉलेज की छात्रा प्रियंका चौधरी, जिन्होंने आईआईटी जोधपुर में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 400 मीटर महिलाओं की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विशेष गुप्ता कबड्डी राज्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान को भी विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ राजीव रतन, सभी विद्यालयाध्यक्षों, शिक्षकगण, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और यह आयोजन डॉ दीपा कंवर, उपनिदेशक एसडीसीएमटी, सन्दीप सिंह, प्रॉक्टर, एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय, डॉ अवधेश प्रताप सिंह, निदेशक एसडीसीईआई तथा अमित त्यागी, विभागाध्यक्ष, आईटी के संयुक्त प्रयासों से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति सकारात्मक परिवर्तन लाएगा और वे जीवन भर सुरक्षित यातायात नियमों का पालन करेंगे।

### संबंध विच्छेद

मैं, मोती राम पुत्र स्व. नत्थू सिंह निवासी- आदर्श कालोनी बिहारी पूरा विजयनगर थाना-क्रॉसिंग रिपब्लिक जिला-गाजियाबाद अपने पुत्र विपुल कुमार व पुत्रवधु कृष्णा कुमारी को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# दुकानदार की हत्या करने वाला एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के पटेल नगर थाने के स्टाफ ने दुकानदार की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्टल,एक जिंदा कारतूस एक खाली कारतूस और दो चाकू बरामद किए है।इसके अलावा पांच सीसीएल को भी पकड़ा गया है।आरोपी ने पुलिस पर गोली चलाई और जवाबी कार्रवाई में, पुलिस ने भी गोली चलाई, और एक गोली आरोपी के दाहिने पैर में लगी।

दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वलसन ने बताया कि 24.नवबर को रात करीब 9 बजे, वेस्ट पटेल नगर में एक दुकानदार को चाकू मारने की घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली थी। घायल पीड़ित, राजेंद्र कुमार (22) को हॉस्पिटल ले जाया गया, जहाँ उसे "मृत घोषित कर दिया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए एसीपी सुनील कुमार की देखरेख में एसएचओ पटेल नगर नवीन कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान, टीम ने आस-पास के इलाके से सीसीटीवी फुटेज को एनालाइज कर मुख्य आरोपी, मोहम्मद मेहताब उर्फ घ्घराजा (19) और उसके साथियों के बारे में खास जानकारी मिली। इसी बीच 25 नवबर को रात करीब 8 बजे जानकारी मिली कि आरोपी शादीपुर फ्लाईओवर के नीचे रेलवे लाइन के पास छिपा हुआ है। इसके बाद टीम ने उसे सरेंडर करने को कहा, तो उसने पुलिस प पर गोली चला दी। जवाब में, टीम ने भी गोली चलाई, और एक गोली आरोपी के दाहिने पैर में लगी। बाद में उसे पकड़ कर हॉस्पिटल ले जाया गया। इसके बाद 26 नवंबर को, हत्या में शामिल सभी पांच सीसीएल को भी पकड़ लिया गया।पुलिस पूछताछ के दौरान, पता चला कि आरोपी और पकड़े गए सीसीएल, स्कूल ड्रॉपआउट हैं और एक ग्रुप के तौर पर चोरी/डकैती करते हैं। 24 नवबर को, शराब पीने के बाद, वे एक पान की दुकान पर गए और फ्री सिगरेट के पैकेट मांगी। जब दुकानदार ने मना कर दिया और पैसे मांगे, तो झगड़ा हो गया। उन्होंने उसे बुरी तरह चाकू मारा, और बाद में हॉस्पिटल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## एनसीएमईआई ने अल फलाह यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अल फलाह यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक का दर्जा भी रद्द हो सकता है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग (एनसीएमईआई)ने भी अल-फलाह यूनिवर्सिटी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में पूछा गया है कि ऐसे समय में उसका अल्पसंख्यक दर्जा क्यों न रद्द कर दिया जाए, जब उसके दो डॉक्टरों की दिल्ली में 10 नवंबर को हुए विस्फोट में भूमिका के लिए जांच चल रही है, जिसमें 15 लोग मारे गए थे।

बताया जा रहा है कि इस नोटिस पर आयोग सुनवाई चार दिसंबर को करेगा। यहां यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार और शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, दोनों को अपना पक्ष रखना होगा। आयोग इस बात की जांच करेगा कि क्या यूनिवर्सिटी का प्रबंधन अभी भी उस अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा किया जा रहा है, जिसके लिए इसे विशेष दर्जा दिया गया था, और क्या स्वामित्व या नियंत्रण में कोई बदलाव हुआ है।

अल फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने वाले छात्रों के अभिभावकों में लगातार बेचौनी बनी हुई है। मंगलवार को भी कई छात्रों के परिवार वाले यूनिवर्सिटी पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमें यूनिवर्सिटी प्रशासन पर भरोसा नहीं हो रहा। पिछले हफ्ते 25 अभिभावकों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन से मुलाकात करनी चाही थी लेकिन उनकी मुलाकात तीन डॉक्टरों से करा दी गई। जिसके बाद अब अभिभावक सरकार के सामने आने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसको लेकर भारी संख्या में अभिभावक इकट्ठा होने की बात कह रहे हैं।

# हवा को प्रदूषित करने में दोपहिया वाहन भी जिम्मेदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण फैलाने को लेकर वाहनों की तुलना करें तो दोपहिया वाहन सबसे ज्यादा प्रदूषण फैला रहे हैं। अन्य वाहनों के मुकाबले दोपहिया वाहन दिल्ली में सबसे ज्यादा 78.45 प्रतिशत प्रदूषण फैला रहे हैं। दूसरे नंबर पर कारें हैं। प्रदूषण फैलाने में अन्य वाहनों के मुकाबले कारों का प्रतिशत 17.06 फीसदी है। यातायात पुलिस के आंकड़ों को देखे तो दिल्ली में ग्रेप 14 अक्तूबर, 2025 को लागू हुआ। अभी राजधानी में ग्रेप-3 लागू है। इस दौरान यातायात पुलिस प्रदूषण के कुल 105516 चालान किए हैं। इनमें 82774 दोपहिया वाहनों के चालान किए गए हैं। इसके अलावा प्रदूषण फैलाने वाली 18579 कारों के, 1266 थ्रीव्हीलर और 79 बसों के चालान किए गए। सबसे ज्यादा दोपहिया वाहनों के चालान किए गए। यानी सभी वाहनों में दोपहिया वाहन 78.45 प्रतिशत प्रदूषण फैलाने के लिए जिम्मेदार हैं। सबसे कम प्रतिशत 1.12 प्रतिशत थ्री-व्हीलरों का है। अगर माल वाहक वाहनों की तुलना करें तो हल्के माल वाहन सबसे आगे हैं। ग्रेप पीरियड के दौरान 1615 हल्के माल वाहन (एलजीवी) को प्रदूषण फैलाने पर चालान किया गया है।

इसके बाद 253 भारी माल वाहन (एचटीवी) के चालान किए गए हैं। दिल्ली में वाहनों की संख्या अलग-अलग स्रोतों और समय के अनुसार भिन्न है, लेकिन हाल के आंकड़ों के अनुसार, 79.5 लाख से अधिक वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें 20.7 लाख निजी कारें शामिल हैं। कुल वाहनों की संख्या लगभग 1.5 करोड़ से अधिक हो सकती है, जिसमें विभिन्न प्रकार के वाहन शामिल हैं जैसे कि दोपहिया वाहन (51 लाख से अधिक), मालवाहक वाहन (3.51 लाख से अधिक) और अन्य वाहन। पिछले कुछ वर्षों में वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के नियमों के कारण कुछ वाहनों को हटाया भी गया है।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वसंत विहार में एक प्रतिष्ठित व्यवसायिक परिवार की महिला की खुदकुशी करने से हर कोई हैरान है। व्यवसायी कमल किशोर की पुत्रवधू दीप्ति चौरसिया (40) ने मंगलवार शाम को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उन्होंने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। हालांकि, दीप्ति चौरसिया के परिजन खुदकुशी के लिए उकसाने की पुलिस को शिकायत दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि दीप्ति की वर्ष 2010 में कमल किशोर के बेटे हरप्रीत चौरसिया से शादी हुई थी। दोनों के एक 14 साल का लड़का है। आरा. `प है कि हरप्रीत ने दो शादी कर रखी है। दूसरी पत्नी दक्षिण भारत के फिल्मों की अभिनेत्री है। वसंत विहार पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नई ईवी नीति बढ़ते बैटरी कचरे को निपटाने पर केंद्रित

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की नई इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति केवल सड़कों पर ईवी की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि बढ़ते बैटरी कचरे के निपटाने पर भी केंद्रित होगी। इसके लिए पहली बार व्यापक रूपरेखा तैयार की जा रही है। परिवहन विभाग की ओर से नई ईवी नीति का मसौदा तैयार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि नई नीति मार्च तक लागू होगी। इससे पहले नई नीति के मसौदे को कैबिनेट में पास किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि मौजूदा नीति में बैटरी रीसाइक्लिंग और लिथियम-आयन बैटरियों के वैज्ञानिक निपटान को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं हैं जबकि एक ईवी की बैटरी औसत आठ साल चलती है। इसके बाद यह कचरे में बदल जाती है। इसमें जहरीले तत्व होते हैं। यही वजह है कि नई नीति बैटरी के दोबारा इस्तेमाल और निपटान के लिए पूरी ढांचा-व्यवस्था तैयार करेगी। सरकार की योजना है कि दिल्ली में बैटरी रीसाइक्लिंग को एक संगठित उद्योग का रूप दिया जाए जहां निजी कंपनियों, नगर निगम, शोध संस्थानों और चार्जिंग स्टेशन संचालकों की भूमिका तय हो। परिवहन विभाग ने 2030 तक 5,000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन लगाने का लक्ष्य रखा है। नए मसौदे में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि वे काम करते हों, सुलभ हों और सुरक्षित हों।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया के बी-ब्लॉक में आयोजित झुग्गी- झोपड़ी स्वाभिमान सभा को सम्बोधित करती हुई।**

# मुख्यमंत्री ने दिया झुग्गीवासियों के विकास के लिए 700 करोड़ का बजट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली सरकार झुग्गी बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है, इसलिए हमने झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए अलग से 700 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है।

इस राशि से इस राशि से झुग्गी बस्ती क्षेत्रों में आरोग्य मंदिर, अटल कैंटीन, बस्ती विकास केंद्र, सड़क-नाली सुधार तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री आज वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया के बी-ब्लॉक में आयोजित झुग्गी- झोपड़ी स्वाभिमान सभा में शामिल हुईं। इस अवसर पर वहां बड़ी संख्या में झुग्गीवासियों, स्थानीय नागरिकों और जनप्रति. निधियों ने सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब-कल्याण मॉडल से लगातार प्रेरणा ले रही है।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दिल्ली में दशकों से झुग्गी बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों की समस्याओं और उनकी अनदेखी का मुद्दा उठाया और कहा कि पिछली सरकारें वर्षों तक इन बस्तियों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती रहीं, पर मूलभूत सुविधाएं जैसे शौचालय, पार्क, सड़क, नाली, पक्के मकान कभी उपलब्ध नहीं कराए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन सरकारों का नारा था कि 'गरीब को गरीब रहने दो और उसे डराते रहो'। पिछली सरक. ारों ने करोड़ों रुपये लगाकर 50,000 फ्लैट बनाए, लेकिन उन्हें गरीबों को दिया नहीं, जिससे वे टूटकर जर्जर हो गए।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझकर ही देशभर में शौचालय, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, पक्के मकान, मुफ्त राशन और कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं, जिनका लाभ आज करोड़ों गरीबों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि दिल्ली की हर झुग्गी का निवासी अब पक्के मकान का हकदार है।

# झारखंड पवेलियन में उमड़ी खरीदारों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में आयोजित 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 के अंतिम दो दिनों में झारखंड पवेलियन ग्राहकों के लिए आकर्षक छूट और विविध उत्पादों के कारण केंद्र बिंदु बना हुआ है।

हस्तशिल्प, लाख की चूड़ी, कॉटन और सिल्क के वस्त्र, धातु शिल्प, रागी आधारित खाद्य उत्पाद, और फ्यूजन ज्वेलरी की विस्तृत श्रृंखला पर दी जा रही विशेष छूट ने बड़ी संख्या में खरीदारों को अपनी ओर आकर्षित किया है। पवेलियन में लगे विभिन्न स्टॉल अपने उत्पादों पर 20 से 30 प्रतिशत तक की छूट दे रहे हैं, जिससे खरीदारी का उत्साह और भी बढ़ गया है। स्टॉल संचालक धीरज जैन ने बताया कि झारखंड की




पारंपरिक कला के आधुनिक स्वरूप को दर्शाती इस ज्वेलरी के प्रति ग्राहकों की भारी रुचि देखने को मिल रही है। इसके अतिरिक्त, राज्य की प्रमुख संस्था झारक्राफ्ट अपने रेशमी वस्त्रों, हथकरघा उत्पादों और हस्तशिल्प सामग्री पर 15 प्रतिशत छूट प्रदान कर रही है। स्थानीय बुनकरों और कारीगरों द्वारा तैयार किए गए इन उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है, जिससे पवेलियन की रौनक में और भी वृद्धि हुई है। आईआईटीएफ के फूड कोर्ट में आगंतुकों ने झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों दाल पीठा, रुगड़ा, चिल्का रोटी, मालपुआ, ठेकुआ, और धुस्का का भरपूर आनंद लिया। इन स्थानीय स्वादों ने लोगों का दिल जीत लिया।

## यमुना किनारे 53 किमी साइकिल ट्रैक परियोजना को लेकर मुख्यमंत्री ने की बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वजीराबाद यमुना पुल से एनएच-24 और आगे कालिंदी कुंज बायोडायवर्सिटी पार्क तक प्रस्तावित 53 किलोमीटर लंबे साइकिल ट्रैक परियोजना को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। यह ट्रैक यमुना के दोनों तरफ बनेगा और संभावित मार्गों से यमुना को पार भी करेगा। डीडीए की इस परियोजना पर मुख्यमंत्री ने विशेष रुचि दिखाई और कहा कि यह साइकिल ट्रैक दिल्ली के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इससे ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा मिलेगा, कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और शहरी ट्रैफिक का दबाव घटेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रस्तावित साइकिल ट्रैक परियोजना केवल एक परिवहन योजना नहीं, बल्कि दिल्ली के पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुविधाओं को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस उच्चस्तरीय बैठक में डीडीए, सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग, पीडब्ल्यूडी, रेलवे, ऊर्जा विभाग, दिल्ली जल बोर्ड और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कोर्ट ने 10 दिन के लिए बढ़ाई आमिर की हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने लाल किला के पास हुए विस्फोट मामले में आमिर राशिद अली की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत दस दिन के लिए बढ़ा दी है। अदालत ने इसी मामले में शोएब को भी 10 दिनों की एनआईए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। एनआईए ने दो आरोपियों शोएब और आमिर राशिद अली को प्रधान जिला एवं अतिरिक्त न्यायधीश अंजू बजाज चंदना के सामने पेश किया।

एनआईए ने फरीदाबाद से शोएब नामक एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शोएब ने आतंकी उमर नबी को धमाके से ठीक पहले न केवल पनाह दी, बल्कि लॉजिस्टिक सपोर्ट भी मुहैया कराया था। इस गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में अब तक कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या सात हो गई है। सूत्रों के अनुसार, शोएब की गिरफ्तारी के बाद मामले की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शोएब को पहले भी इस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और फिर छोड़ दिया गया था।

हालांकि, ताजा खुलासों के बाद उसे दोबा. रा पूछताछ के लिए बुलाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी आमिर राशिद अली उस कार का पंजीकृत मालिक है, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमलावर द्वारा धमाके में किया गया था। प्रारंभिक जांच से सामने आया है कि आरोपी ने हमलावर के साथ मिलकर पूरी योजना तैयार की थी। एजेंसी ने दिल्ली पुलिस से केस अपने हाथ में लेने के बाद आरोपी की तलाश के लिए व्यापक अभियान शुरू किया था। कई राज्यों में खोज अभियान चलाने के बाद आखिरकार आमिर राशिद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

## राबड़ी देवी की याचिका पर सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की उस याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा, जिसमें आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामले को किसी अन्य न्यायाधीश के पास स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश भट्ट, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे और उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया। हालांकि, अदालत ने सीबीआई के मामले में चल रही सुनवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इससे पहले सोमवार को उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज सीबीआई और ईडी के मामलों को किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी।



**स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह लक्ष्मी नगर विधानसभा के पांडव नगर का दौरान करते हुए।**

# स्वास्थ्यमंत्री ने पांडव नगर का दौरा कर किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशानुसार दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने लक्ष्मी नगर विधानसभा के पांडव नगर (वार्ड -200) क्षेत्र का दौरा कर साफ-सफाई एवं स्वच्छता कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और स्थानीय निवासियों से बातचीत कर फीडबैक भी लिया।

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने निरीक्षण के बाद कहा कि स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण और नागरिक सुविधाओं को और अधिक मजबूत करने के प्रयासों के तहत आज वार्ड संख्या-200 में साफ-सफाई और स्वच्छता कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बुद्ध मार्ग, मंडावली के फजलपुर इलाके में 15 फीट गहरे नाले में गंदगी और कचरा भरा देखकर मौके पर मौजूद दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली नगर निगम और संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसकी जल्द साफ-सफाई कराने के लिए जरूरी निर्देश जारी किए।

मंत्री ने जल बोर्ड के अधिकारियों को एक हफ्ते के भीतर गहरे नाले की पूरी तरह से सफाई कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने स्वच्छता अभियान के तहत चल रहे सफाई कार्यों, विशेषकर धूल नियंत्रण और वायु प्रदूषण कम करने के उपायों की विस्तार से समीक्षा की।

# कल्याणपुरी फायरिंग मामले में मुख्य शूटर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के नारकोटिक्स स्क्वॉड, स्पेशल स्टाफ और कल्याणपुरी थाने की टीम ने कल्याणपुरी फायरिंग के मामले को सुलझाकर मुख्य शूटर और उसके नाबालिग साथी को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से देसी पिस्टल और बाइक बरामद की है।

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि 24 नवंबर को कल्याणपुरी थाने में फायरिंग की घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली थी। तुरंत कार्रवाई करते हुए, एएसआई नवल सिंह घटनास्थल पर पहुँचे, जहाँ उनकी मुलाकात बीट स्टाफ हेड कांस्टेबल अमित और चश्मदीद गवाह से हुई। चश्मदीद ने बताया कि दोपहर करीब 2:25 च्ड बजे, वह अपनी माँ और बड़े भाई के साथ कल्याणपुरी के छोटे से पार्क में बैठा था। अचानक, अंकुश (22) जो उसे जानता था, पिस्टल लेकर पार्क के साउथ-साइड गेट से अंदर आया। इसके बाद अंकुश ने गोली चलाई और सेंट्रल मार्केट की तरफ भाग गया, जहाँ उसका साथी बाइक लेकर इंतजार कर रहा था।

दोनों बाइक पर भाग गए। इसके बाद कल्याणपुरी थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन संजय सिंह और एसीपी कल्याणपुरी पवन सिंह की देखरेख में संयुक्त टीम ने जांच शुरू की जांच के दौरान टीम को पता चला कि इस घटना से पहले आरोपी अंकुश ने सोमबीर,पर भी गोली चलाई थी, जो नितिन पहलवान (कल्याणपुरी थाने का बीसी) का करीबी साथी था।इस दौरान टीमों ने कई जगहों से सीसीटीवी फुटेज को एनालाइज करने के साथ साथ मोबाइल टेक्निकल सर्विलांस की जांच की। इसके बाद ह्यूमन इंटेलिजेंस डेवलप कर एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड और स्पेशल स्टाफ की एक जॉइंट टीम ने अंकुश (शूटर) और एक सीसीएल को पकड़ किया। उन्हें दिल्ली से भागने की कोशिश करते समय पकड़ा गया, जो अपराध के दौरान इस्तेमाल की गई बाइक पर था। पुलिस पूछताछ के दौरान, अंकुश ने मंडोली फायरिंग की घटना में एक और साथी के शामिल होने का खुलासा किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर अपराध का हथियार, एक देसी पिस्टल और कारतूस बरामद की है।

# घने कोहरे को देखते हुए 1 दिसम्बर से 28 फरवरी तक कई ट्रेनें रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली** घने कोहरे को देखते हुए उत्तर रेलवे ने 1 दिसंबर से 28 फरवरी 2026 तक कई ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द करने का फैसला किया है। रेलवे ने यात्रा योजना बनाने से पहले ट्रेन की स्थिति जांचने की अपील की है।

रेलवे के अनुसार दिल्ली, गाजियाबाद, जींद, शामली, बरेली, कोसी कलां, फरीदाबाद, अंबाला, कुरुक्षेत्र, रोहतक, पानीपत सहित कई रूटों पर संचालित 60 से अधिक ट्रेनों का संचालन निर्धारित अवधि में बंद रहेगा।

इनमें मुख्य रूप से पैसेंजर और मेमू सेवाएं शामिल हैं। इधर, दिल्ली-एनसीआर के बीच चलने वाली मेमू और ईएमयू सेवाओं के रुकने से रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को असुविधा हो सकती है। दिल्ली क्षेत्र में रद्द रहने वाली प्रमुख ट्रेनें दिल्ली जंक्शन-शामली (54057/ 54058), दिल्ली जंक्शन-जिंद (54031/54034), नई दिल्ली-गाजियाबाद (64428/ 64450), नई दिल्ली-कोसी कलां (64073/ 64074) शामिल हैं।

एडवाइजरी के अनुसार रोजा-बरेली, बरेली-मुरादाबाद, लखनऊ-शाहजहांपुर, शाहजहांपुर- सीतापुर जैसी कई पैसेंजर ट्रेनें भी इस अवधि में रद्द रहेंगी। मुरादाबाद क्षेत्र में कोहरे का प्रभाव काफी घना रहता है इसलिए सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है।

# क्षितिज 25 की आधिकारिक घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्षितिज 25 मिथिबाई कॉलज का प्रमुख अंतरराष्ट्रीय अंतर महाविद्यालयीय सांस्कृतिक महोत्सव ने अपने प्री-फेस्टिवल कार्यक्रमों में एक विशेष आकषण जोड़ा। सेमिनार हॉल में अभिनेता मनोज बाजपेयी की उपस्थिति ने इस अवसर को और भी यादगार बना दिया।

यह सत्र सारगाभत बातचीत, कला पर चिंतन आर पूरे क्षितिज समुदाय क लिए एक रोमांचक उत्सव क्षण लेकर आया। मनोज बाजपेयी ने अपने असाधारण फिल्मी सफर साधारण शुरुआत से लेकर भारत के सबसेसम्मानित कलाकारों में से एक बनने तक की कहानियाँ साझा करके दशकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आभिनय की कला अनुशासन और बदलते सिनेमा



के पारिदृश्य पर उनके विचारों ने छात्रों को एक सच्चे कलाकार के मन में झाकने का दुलभ अवसर प्रदान किया।

उनका सहज विनम्र और प्रेरणादायक व्यक्तित्व पूरे माहौल को ऊँचा उठा गया। जोरदार तालियों और उत्साह के बीच महोत्सव के चार दिवसीय आयोजन की तारीखें घोषित की गईं. 12,13,14 और 15जनवरी 2026 मिथिबाई कॉलेज की प्राचारया प्रो. कृतिका बी. देसाई ने कहाध्मनोज बाजपेयी का हमारे छात्रों से संवाद अत्यंत समद्ध और प्रेरणादायक था। उनका सफर समर्पणऔर कलात्मक उत्कृष्टता का प्रतीक है गुण जिन्हें हम क्षितिज के माध्यम से प्रोत्साहित करना चाहते हैं। क्षितिज 25 की चेयरपर्सन भूमि शाह ने कहा यह कार्यक्रम प्रेरणा और उत्सव का उत्तम संगम था।

मनोज बाजपेयी की उपस्थिति ने इसे अविस्मरणीय बना दिया. और क्षितिज की तिथियों की घोषणा ने उत्साह को कई गना बढा दिया। अपनी प्रभावशाली बातचीत और लंबे समय से प्रतीक्षत तिथि-घोषणा के साथ. मनोज बाजपेयी का यहसत्र क्षितिज 25 की आर बढ़त सफर में एक निर्णायक क्षण साबित हुआ। जिसने अद्भुत महोत्सव की पृष्ठभूमि तैयार कर दी।

## हिस्ट्री-शीटर को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हर्ष विहार फायरिंग में वांछित हिस्ट्री-शीटर को गिरफ्तार किया है।कोर्ट ने उसके खिलाफ एक नॉन-बेलेबल वारंट भी जारी किया था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने बताया कि 25.नवबर को एसआई नवीन कुमार को अपराध शाखा ऑफिस, में एक हिस्ट्री-शीटर के बारे में सूचना मिली थी।इस सूचना पर सीनियर अधिकारियों से इजाजत लेने के बाद एसीपी राजबीर मालिक की देखरेख में इंस्पेक्टर गौरव चौधरी के नेतृत्व में टीम ने लाल क्वार्टर, प्रेस रोड, कमला मार्केट में एक स्ट्रेटेजिक ट्रैप बिछाया गया। मुखबिर के इनपुट के आधार पर टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया और उसकी पहचान दीपक (32) के रूप में हुई।

# ऑपरेशन कवच के दौरान 159 जगहों पर छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने 'ऑपरेशन कवच 11.0' के तहत अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की है। 24 नवंबर 2025 की शाम 6 बजे से लेकर 25 नवंबर 2025 की शाम 6 बजे तक चले 24 घंटे के इस बड़े अभियान में पुलिस ने 166 लोगों को गिरफ्तार किया, 627 संदिग्धों को हिरासत में लिया और 159 जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान 276 चालान काटे गए, 2784 क्वार्टर अवैध शराब जब्त की गई और 48,250 रुपये नकद बरामद किए गए।'ऑपरेशन कवच 11.0' को पुलिस मुख्यालय के निर्देशों पर चलाया गया था, जिसमें नशे के सौदागरों, अवैध शराब तस्करों, हथियार रखने वालों, जुआरियों, बीएनएस का उल्लंघन करने वालों, डीपी एक्ट तोड़ने वालों, कोटपा एक्ट के अपराधियों और अन्य असामाजिक तत्वों पर निशाना साधा गया। अभियान की कमान वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के डीसीपी के अधीन थी, जिसमें सभी 12 थानों और स्पेशल यूनिट्स ने पूरा योगदान दिया। इनमें स्पेशल स्टाफ/वेस्ट, एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड, एएटीएस/वेस्ट और टेक्निकल सर्विलांस यूनिट्स शामिल थीं।ऑपरेशन के तहत कुल 71 टीमों ने हॉटस्पॉट्स, झुग्गी-झोपड़ी इलाकों, औद्योगिक क्लस्टरों, शराब की तस्करी वाली रूटों, संदिग्ध जगहों, एकांत इलाकों, रात में होने वाले अपराधों वाली जगहों और सुनसान सड़कों पर छापेमारी की।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार हापुड़ में प्रातः किसान दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए कृषक एवं किसान प्रति. निधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में योगेंद्र कुमार, उप कृषि निदेशक, हापुड़ द्वारा उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं किसान बन्धुओं का स्वागत किया गया तथा सभी का अभिवादन करते हुए किसान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान गतमाह सितम्बर 2025 में प्राप्त शिकायतों की निस्तारण आख्या किसानों के समक्ष पढ़कर सुनाई गई और संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारण से जुड़ी विस्तृत जानकारी किसानों को प्रदान की गई। बैठक में कई किसानों ने अपनी समस्याएँ लिखित रूप से प्रशासन के समक्ष रखीं, जिन पर डीएम अभिषेक पांडेय ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लिया। डीएम ने बैठक में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं विभागीय प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों से प्राप्त विभागीय समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करें तथा निस्तारण कार्यवाही की एक प्रति किसान दिवस के नोडल अधिकारी, उप कृषि निदेशक कार्यालय में उपलब्ध कराएँ। साथ ही एक प्रति शिकायतकर्ता किसान को अनिवार्य रूप से प्रदान करें। डीएम ने यह भी आदेश दिया कि आगामी किसान दिवस की बैठकों में सभी अधिकारी विभागीय प्रगति रिपोर्ट के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि किसानों की



समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर देरी न हो। बैठक का समापन किसानों द्वारा प्रशासन के इस सकारात्मक प्रयास की सराहना के साथ हुआ। किसान दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम ने पुनः यह संदेश दिया कि जनपद में कृषकों के हित सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं और उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से किया जाएगा।

# कार व कैंटर की जोरदार भिड़ंत, 3 पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में सिम. रोली गांव के पास, सिमरोली मोड़ से कुछ दूरी पर स्थित सर्विस रोड पर, एक कार और कैंटर के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसा इतने तेज आवाज़ के साथ हुआ कि आसपास के लोग सहम उठे और तुरंत मौके की ओर दौड़ पड़े।

घटना में बड़ा नुकसान तो हुआ, लेकिन राहत की बात यह रही कि कार में सवार तीन पुलिसकर्मी इस हादसे में बाल- बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी मजबूत थी कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कैंटर सड़क किनारे जाकर रुक गया। बताया जा रहा है कि ये पुलिसकर्मी किसी सरकारी कार्य से बाबूगढ़ क्षेत्र की ओर जा रहे थे। उसी दौरान सिमरोली के पास कैंटर ने तेज गति से सर्विस रोड पर कार को टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद इलाके में अफरा-तफरी




का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थाना पुलिस तेजी से मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने कैंटर को अपने कब्जे में लेकर थाने लाया, जबकि चालक घटनास्थल से भागने की कोशिश कर रहा था। हालांकि पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है और जल्द ही कार्रवाई की बात कही जा रही है। गनीमत यह रही कि हादसा खाली सर्विस रोड पर हुआ, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें आई हैं, लेकिन सभी सुरक्षित हैं और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद स्वस्थ बताया गया है। थाना प्रभारी मुनीश प्रताप चौहान का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, कैंटर की कागजी कार्रवाई व चालक की पहचान व तलाश जारी है, और दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गेमिंग ऐप के जाल में फंसा युवक, 25 लाख गवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र से डिजिटल फ्रॉड का ऐसा गंभीर और चौकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें ऑनलाइन गेमिंग ऐप को कमाई का जरिया बताकर साइबर ठगों ने एक युवक को 25 लाख रुपये का नुकसान करा दिया। ठगी का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित के मोबाइल पर एक संदिग्ध मैसेज प्राप्त हुआ और एप संचालकों से संपर्क टूट गया।

गांव चक्रसैनपुर निवासी पीड़ित अजय के मुताबिक, उसने 7 जुलाई 2025 को सोशल मीडिया पर एक गेमिंग ऐप का आकर्षक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में कम निवेश में अधिक मुनफ़े का दावा किया गया था, जिसके झांसे में आकर उसने पहली बार 3,000




रुपये का निवेश किया, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा। पैसे वापस पाने की उम्मीद में वह बार-बार निवेश करता रहा, और यह सिलसिला धीरे-धीरे बड़े नुकसान में बदल गया। अजय ने बताया कि ऐप में यूपीआई ट्रांजेक्शन की दैनिक लिमिट 1 लाख रुपये थी, जिसका उसने लगातार उपयोग किया। इस दौरान वह कभी-कभी बड़ी रकम भी जीत लेता था और एक बार 12 लाख तक की जीत दर्ज की, लेकिन अंत में वह सारी जीत भी गंवा बैठा। निवेश की लत और लालच में आकर उसने अपने परिचितों से उधार लिया और फिर पिता के मुआवजे की राशि तक एप में लगा दी। दरअसल, अजय के पिता की जमीन का एचपीडीए द्वारा अधिग्रहण किया गया था, जिसके मुआवजे के रूप में उनके खाते में 22 लाख रुपये आए थे। इन पैसों से परिवार को नया मकान बनाना था। लेकिन अजय ने पिता को झांसे में लेकर यह रकम अपने खाते में ट्रांसफर कराई और फिर गेमिंग एप में लगा दी, जिससे परिवार आर्थिक संकट में आ गया। 15 नवंबर 2025 को मिले संदेहास्पद मैसेज के बाद अजय को धोखाधड़ी का एहसास हुआ। उसने तुरंत सचेत पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई और इसके बाद बाबूगढ़ थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साइबर टीम की मदद से आरोपियों का डिजिटल ट्रेल खंगाला जा रहा है और जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर ठगों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि यह मामला ऑनलाइन गेमिंग के जरिए वित्तीय अपराध की गंभीर मिसाल है, और आमजन को भी सोशल विज्ञापनों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की एक नई बेंच स्थापित करने की लंबे समय से चली आ रही मांग एक बार फिर मजबूत होती दिखाई दे रही है। हापुड़ बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन तैयार कर सदर विधायक विजयपाल आढ़ती के माध्यम से भेजा।

अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में बताया कि उत्तर प्रदेश का उच्च न्यायालय प्रयागराज में स्थित है, जबकि इसकी एकमात्र दूसरी बेंच राजधानी लखनऊ में स्थापित है। पश्चिमी यूपी के 22 जिलों का न्यायिक क्षेत्राधिकार अभी भी प्रयागराज हाईकोर्ट के अधीन आता है। सहारनपुर समेत अन्य जिलों से प्रयागराज की दूरी 800 से 850 किलोमीटर से भी अधिक होने के कारण अधिवक्ता और मुकदमा लड़ने वाले आम लोग यात्रा से जुड़ी गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। बार एसोसिएशन द्वारा दिए गए ज्ञापन में तर्क दिया गया कि सात करोड़ से अधिक की आबादी वाले पश्चिमी यूपी को न्यायिक सेवाओं में समान हिस्सेदारी और सुविधा मिलना अत्यंत जरूरी है। अधिवक्ताओं ने दूरी को न्याय की राह में सबसे बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि लंबी यात्रा, अधिक खर्च और समय की बर्बादी के चलते आम नागरिक न्याय पाने के अधिकार से पूरी तरह लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं, जो न्यायिक संत. ुलन और समानता के सिद्धांतों के खिलाफ है। हापुड़ बार एसोसिएशन



के अध्यक्ष संजय कंसल ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को सुलभ और किफायती न्याय मिलना उनका मौलिक अधिकार है। दूरी के कारण न्याय प्रक्रिया ना सिर्फ धीमी हो रही है, बल्कि आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। सरकार को इस दिशा में बिना देरी कोई ठोस निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का आग्रह किया और उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इस बार सकारात्मक कदम उठाएगी। इस दौरान सचिव वीरेंद्र सिंह सैनी, रमेश चंद्रा, भोपाल शिशोदिया, विकास त्यागी, मोहित त्यागी, शिवकुमार शर्मा बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए इस मांग को न्यायिक सुधार की दिशा में अहम कदम बताया।

# कलेक्ट्रेट पर भाकियू कार्यकर्ताओं का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में किसानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया। गन्ने की कीमत बढ़ाने और बकाया गन्ना भुगतान जल्द जारी कराने की मांग को लेकर सैकड़ों किसान सड़क पर उतर आए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

भाकियू जिलाध्यक्ष दिनेश खेड़ा और वरिष्ठ किसानों के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे किसान लंबे समय से गन्ना क्रय केंद्रों पर कम रेट मिलने और चीनी मिलों द्वारा भुगतान में लगातार देरी से परेशान हैं। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि मौजूदा गन्ना मूल्य से लागत भी नहीं निकल पा रही है, ऐसे में सरकार को तुरंत प्रभाव से



गन्ने का रेट बढ़ाना चाहिए ताकि किसान आर्थिक संकट से उबर सके। धरने में मौजूद किसानों ने चीनी मिलों द्वारा रोके गए भुगतान पर भी कड़ी नाराज़गी जताई। किसानों का कहना था कि भुगतान न होने के कारण उन्हें खाद, बीज, डीजल और अन्य आवश्यक कृषि जरूरतों की पूर्ति करने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। धरने के अंत में भाकियू कार्यकर्ताओं और किसान प्रति. निधियों ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम जनपद प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने ज्ञापन स्वीकार कर किसानों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। हालांकि, भाकियू नेताओं ने कहा कि जब तक गन्ना मूल्य वृद्धि और भुगतान की ठोस घोषणा नहीं होती, तब तक किसान संघर्ष जारी रखेंगे।

# टावर लगाने के विरोध में उतरे लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरा में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक सुनसान मकान में मोबाइल टावर लगाने का कार्य शुरू हुआ। टावर लगने की सूचना मिलते ही मोहल्ले में रहने वाले लोगों में रोष फैल गया और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौके पर एकत्र हो गए। उन्होंने टावर लगाने को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे इलाके में तनावपूर्ण माहौल बन गया।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि जिस मकान पर टावर लगाया जा रहा था, उसके मालिक यहां निवास नहीं करते, जबकि घनी आबादी वाले मोहल्ले के बीच टावर लगने से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। लोगों का कहना है कि



टावर से निकलने वाली रेडिएशन तरंगें बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। विरोध बढ़ता देख सूचना मिलते ही पिलखुवा पुलिस और प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिका. रियों ने नागरिकों की सुरक्षा और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से टावर लगाने के कार्य को रुकवा दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारी लगातार नारेबाजी करते रहे और बिना स्थानीय सहमति के टावर न लगाने की मांग करते दिखाई दिए। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे अक्रोशित लोगों को समझाया-बुझाया और आश्वासन दिया कि मामले की नियमानुसार जांच की जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल काम बंद करा दिया गया है, लेकिन मोहल्लावासियों ने साफ कहा है कि अगर दोबारा टावर लगने का प्रयास किया गया, तो वे और बड़े स्तर पर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

## एक नजर

# 18 करोड़ की सड़क में घटिया निर्माण का आरोप, ग्रामीणों ने उखाड़ दी नई बनी सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात क्षेत्र के व श्यामपुर-ददायरा से कल्याणपुर मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गांव ददायरा व श्यामपुर के पास निर्माणाधीन सड़क किनारों से मात्र एक दिन में टूटने और हाथ से उखड़ने की शिकायत के बाद ग्रामीणों ने मौके पर प्रदर्शन किया और निर्माण कार्य रोकवा दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी करते हुए मिट्टी, रेत और डस्ट पर ही सड़क की परत चढ़ाई जा रही है। विरोध जताने के लिए ग्रामीणों ने नई बनी सड़क को हाथों से उखाड़कर विभागीय अधिकारियों को दिखाया और गुणवत्ता की जांच की मांग करते हुए काम आगे न बढ़ने दिया। जानकारी के अनुसार मार्ग की लंबाई 11.300 किलोमीटर है। जिसके चौड़ीकरण व सुंदरीकरण की लागत लगभग 18 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस परियोजना में लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा निगम, वन विभाग शामिल है। लोक निर्माण विभाग 10 करोड़ खर्च कर रहा है जबकि बाकी धनराशि अन्य विभाग वहन कर रहे है। सड़क की चौड़ाई 5.50 मीटर बताई जा रही है। फिलहाल ददायरा और श्यामपुर गांव के पास युद्धस्तर पर कार्य जारी है, लेकिन निर्माण की मजबूती पर गंभीर सवाल उठ चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रदर्शन में शामिल लल्लू प्रधान, रविंद्र प्रधान, हरबीर, ऋषिपाल, सुनील, सुंदर, यशवीर, सुनील, सुंदर, यशवीर समेत कई लोगों ने कहा कि सड़क की मोटाई मानक के अनुसार नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक गुणवत्ता जांच रिपोर्ट सामने नहीं आ जाती, तब तक निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। शिकायत पर सहायक अभियंता मुकुल नागपाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि ठेकेदार की 20% सिक्योरिटी राशि 5 साल के लिए जमा है, जिससे गड़बड़ी की संभावना नहीं है। अधिशासी अभियंता शैलेंद्र सिंह ने कहा कि निर्माण कार्य विभागीय निगरानी में मानकों के अनुसार हो रहा है। नई सड़क को सेट व मजबूत होने में कुछ दिन लगते हैं। ग्रामीण चाहें तो सामग्री की जांच किसी भी लैब में करा सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हम गुणवत्तापूर्ण सड़क चाहते हैं, हमें राजनीति या आरोपों से मतलब नहीं। पांच साल की सिक्योरिटी अपनी जगह, लेकिन सड़क अभी मजबूत होनी चाहिए। हम जांच होने तक काम नहीं शुरू होने देंगे।

# एटीएम कार्ड बदलकर महिला से 50 हजार की ठगी, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला को शातिर बदमाशों ने अपना शिकार बना लिया। घटना उस समय हुई जब महिला शहर के एक एटीएम बूथ में पैसे निकालने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान बूथ के अंदर मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने धोखेबाज़ी के ज़रिये महिला का एटीएम कार्ड बदल दिया और बाद में महिला के बैंक खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिये। पीड़ित महिला को ठगी का एहसास तब हुआ जब उसके मोबाइल पर बैंक खाते से पैसे कटने का संदेश आया। मैसेज देखते ही महिला के होश उड़ गये और उसने तुरंत अपने बैंक खाते की जानकारी ली, जिसमें 50 हजार रुपये निकलने की पुष्टि हुई। महिला ने बिना देर किये घटना की सूचना नगर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम हरकत में आई और एटीएम बूथ के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि यह एक सुनियोजित गिरोह की करतूत हो सकती है, जो एटीएम बूथ में मदद के बहाने लोगों का कार्ड बदलकर उनके खातों से पैसे उड़ा देता है। पीड़ित महिला ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और अपने पैसे वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही ठगी करने वाले बदमाशों का खुलासा किया जाएगा। एटीएम ठगी की घटनाओं के मद्देनज़र पुलिस ने आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है। एटीएम में पैसे निकालते वक्त किसी अनजान व्यक्ति से मदद न लें, अपना पिन कोड किसी को न बताएं। यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि डिजिटल सुविधाओं के साथ साइबर और एटीएम अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। बदमाश एटीएम बूथ को सुरक्षित जगह मानने वाले लोगों की लापरवाही का फायदा उठाकर पलक झपकते ही उनकी मेहनत की कमाई उड़ा रहे हैं। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस जल्द ही केस का खुलासा कर आरोपियों तक पहुंचने का दावा कर रही है।

# शागौन और कीमती पेड़ों की चोरी में फरार शातिर आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में अपराध और चोरियों के बढ़ते मामलों पर रोक लगाने हेतु हापुड़ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना सिम्भावली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने शागौन समेत अन्य कीमती पेड़ों को काटकर चोरी करने की घटना में लंबे समय से फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा क्षेत्र में हुई शागौन और अन्य कीमती पेड़ों की अवैध कटान व चोरी की घटना में फरार चल रहे आरोपी की खोजबीन की जा रही थी। उन्होंने बताया कि इस घटना का मुख्य आरोपी आदिल पुत्र शहजाद को पुलिस टीम द्वारा उसके निवास स्थान से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर और पेशेवर किस्म का अपराधी है। थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने आगे कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी से क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी चोर गिरोह को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरोपी से पूछताछ कर चोरी की गई लकड़ी के नेटवर्क, उसके साथियों और पेड़ों की कटान से जुड़े अन्य अभियुक्तों का भी जल्द खुलासा किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक और विधिक कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी ताकि मामले की गहराई से जांच पूरी की जा सके।

# डीआईजी ने थाना धौलाना का किया वार्षिक निरीक्षण, परखी व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीआईजी मेरठ रेंज द्वारा एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह की उपस्थिति में थाना धौलाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की शुरुआत थाना परिसर में गार्द द्वारा प्रस्तुत की गई सलामी से हुई, जिसे डीआईजी ने एसपी की मौजूदगी में स्वीकार किया। गार्द की चुस्त-दुरुस्त परेड और अनुशासन की डीआईजी ने सराहना की।

इसके बाद डीआईजी कलानिधि नेथानी ने थाना कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, तैनाती रजिस्टर, ग्राम अपराध निगरानी फाइल, बीट बुक, आगंतुक रजिस्टर, एफआईआर पंजिका,



माल-निस्तारण रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेजों की गुणवत्ता और अपडेट स्थिति को परखा लेकिन कुछ फाइलों में आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि महिला सम्बन्धी शिकायतों में संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई और गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाए। साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी, गेमिंग एप फ्रॉड, यूपीआई ठगी और सोशल मीडिया अपराधों से सम्बंधित मामलों की स्थिति जानी। इसके बाद डीआईजी ने बैरक, भोजनालय और भोजन तैयार करने की व्यवस्था को भी परखा। उन्होंने साफ-सफाई, पौष्टिक भोजन की गुणवत्ता तथा कर्मचारियों की सुविधा के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने ग्राम चौकीदारों के साथ बैठकर सीधी बातचीत भी की। उन्होंने चौकीदारों से गांव में अपराध, अवैध गति. विधियों, संदिग्ध व्यक्तियों और पुलिस के सहयोग के अनुभव साझा किए। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने डीआईजी के निर्देशों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि थाना धौलाना को मॉडल थाना बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है और सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। निरीक्षण के अंत में डीआईजी ने बताया कि पुलिसिंग की गुणवत्ता बेहतर बनाने और अपराध नियंत्रण को मजबूत करने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।

# पीएम सूर्य घर योजना को लेकर सीडीओ ने की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना को प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुँचाने और पात्र लाभार्थियों को इसका अधि. कतम लाभ दिलाने के उद्देश्य से बुधवार को विकास भवन, हापुड़ के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, योजना से जुड़े संबंधित विभागों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न कंपनी वेंडरों ने भाग लिया। सीडीओ हिमांशु गौतम ने योजना की प्रगति पर विस्तृत चर्चा कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में अधिक से अधिक लोगों के आवेदन सुनिश्चित किए जाएं, ताकि जिले के परिवार बिजली खर्च में राहत पा सकें और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़कर आत्मनिर्भर भी बन सकें। सीडीओ यानी मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत आवेदन करने वाले लाभार्थियों को बैंक से ऋण दिलाने में सहायता प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन ने विशेष पहल शुरू कर दी है। उन्होंने बैंक विभाग और अन्य समन्वय अधिकारी को निर्देश दिए कि लोन प्रक्रियाओं को सरल और तेज बनाया जाए, ताकि किसी भी लाभार्थी को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। सीडीओ ने बैठक में बताया कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई है, जिसका लक्ष्य देशभर में एक करोड़ घरों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है। यह कदम न केवल बिजली खर्च कम करेगा, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी, रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण में भी बेहद सहायक साबित होगा। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन कंपनियों के साथ तालमेल बनाकर लाभार्थियों को तकनीकी मार्गदर्शन भी दिलाया जाए। सीडीओ ने अंत में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि योजना के प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम सचिवालय, नगर निकाय, सीएससी सेंटर और जन-जागरूकता कैंपों का भी सहारा लिया जाए, ताकि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोग इस योजना का लाभ उठा सकें।

# पेड़ की ऊंचाई पर बैठे विशाल अजगर से गांव में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत गांव देहरा कुटी में बुधवार सुबह उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया, जब करीब 15 फीट से भी लंबे एक विशालकाय अजगर को पेड़ पर चढ़ा देखा गया। अचानक सामने आए इस नज़ारे से ग्रामीणों में दहशत फैल गई और पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

बताया जा रहा है कि लोग जब अपने रोज़मर्रा के काम में जुटे थे, तभी पेड़ के ऊपर हलचल देखकर कुछ ग्रामीण नजदीक पहुँचे। ऊपर नजर उठाते ही पेड़ की शाखाओं में लिपटे अजगर को देखकर लोगों के होश फाख्ता हो गए। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। किसी ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद विभागीय टीम फौरन गांव पहुँची और अजगर को सुरक्षित पकड़ने की तैयारी शुरू



कर दी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो तेजी से वायरल होने लगा। वीडियो में अजगर पेड़ की मोटी डाल पर शांति से लिपटा हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन उसका विशाल आकार लोगों में खौफ पैदा कर रहा था। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की और रेस्क्यू अभियान तेज़ कर दिया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अजगर को बिना नुकसान पहुँचाए पकड़ा जाएगा और उसे जंगल के सुरक्षित इलाके में छोड़ा जाएगा। फिलहाल गांव में अजगर के निकलने की घटना चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग इस खतरनाक लेकिन दुर्लभ नज़ारे से अब भी सहमे हुए हैं।

# पुलिस ने तस्करों की तोड़ी कमर

■ 1.46 अरब रुपये से अधिक की ड्रग्स बरामद




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** कमिश्नरेट पुलिस ने तीन वर्षों में विशेष गहन अभियान चलाकर जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह की कमर तोड़ दी है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर तेज तर्रार टीमों ने तस्करों से एक अरब 46 करोड़ से ज्यादा कीमत का 6865.793 किग्रा मादक पदार्थ बरामद किया है। सोशल और लोकल इंटेलिजेंस की सूचना पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर 2023 से नवंबर 2025 तक 1545 मुकदमे दर्ज कर तस्करों की लामबंदी की। वहीं, मजबूत पैरवी और साक्ष्यों के आधार पर 1748 तस्करों को गिरफ्तार कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया है।

एडीसीपी नारकोटिक्स शैव्या गोयल ने बताया कि नशा तस्करों का नेटवर्क ध्वस्त करते हुए टीम ने चरस, स्मैक-हेरोइन, नशीली गोलियां, एमडीएमए, नशीला पाउडर, अल्प्राजोलम पाउडर समेत बरामद किया। इसकी अनुमानित लागत एक अरब 46 करोड़ 70 लाख रुपये है। वहीं, उनका कहना है कि 2023 में तस्करों पर प्रभावी कार्रवाई कर 585 मुकदमें दर्ज कर 667 आरोपी नामजद किए। 660 तस्कर गिरफ्तार हुए जबकि, 14 आरोपियों पर वारंट, कुर्की व अन्य कठोर वैधानिक कार्रवाई की।

रासुका के तहत दो तस्करों की संपत्ति जब्त की। टीम ने 93.50 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ बरामद किया। 2024 में 502 मुकदमों में 571 तस्कर गिरफ्तार किए। सात के खिलाफ वारंट, कुर्की की कार्रवाई हुई।

इनमें 80 की हिस्ट्रीशीट खोलकर रासुका, पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम व गैंगस्टर अधिनियम की कार्रवाई की। टीम ने 40.70 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ बरामद किया। वहीं, 2025 में तस्करी करने पर 458 अभियोग पंजीकृत हुए, जिनमें शत-प्रतिशत 517 आरोपी गिरफ्तार करने में सफल हुए। अभी तक टीम 12.50 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ बरामद कर चुकी है। एडीसीपी ने सभी अधिकारियों को नशा तस्करों का नेटवर्क ट्रैस कर कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं।

## जैविक कचरे से बायो गैस बनाने की तैयारी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अस्तौली में जैविक कचरे (बायोडिग्रेडेबल) से बायो सीएनजी गैस बनाने के लिए संयंत्र लगाने की तैयारी तेज कर दी गई है। ई-निविदा जारी करने से पहले प्राधिकरण के अधिकारी एक दिसंबर को इच्छुक कंपनियों के साथ बैठक करेंगे। विशेषज्ञों से सुझाव लेने के साथ परियोजना के बारे में जानकारी दी जाएगी। अधिकारी के मुताबिक संयंत्र की क्षमता 300 टन प्रतिदिन (टीपीडी) होगी।

इस क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों के विशेषज्ञों द्वारा दिए गए सुझावों और प्रस्ताव के आधार पर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। संयंत्र का निर्माण डीबीओटी (डिजाइन, बुल्ड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) के आधार पर किया जाएगा। चयनित कंपनी 25 वर्षों तक संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी संभालेगी। इससे होने वाली कमाई में प्राधिकरण की भी हिस्सेदारी होगी। जैविक कचरे में फलों के छिलके, सब्जी के टुकड़े, कागज, गत्ता, पत्तियां, घास, लकड़ी, खाद्य पदार्थ के टुकड़े आदि शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट क्षेत्र के जलपुरा स्थित गोशाला में गोबर और अन्य अपशिष्ट से बायो गैस बनाने के लिए आधुनिक संयंत्र का शिलान्यास पूर्व में किया जा चुका है।

अस्तौली में एनटीपीसी, रियालंस और आकांक्षा कंपनी द्वारा संयंत्र लगाने का काम चल रहा है। एनटीपीसी का कचरा निस्तारण संयंत्र अगले वर्ष मार्च में चालू हो जाएगा। मिश्रित कचरे को प्रोसेस कर चारकोल बनाया जाएगा, जिससे बिजली पैदा की जाएगी।अस्तौली गांव के पास लगभग 250 एकड़ में आधुनिक कूड़ा निस्तारण केंद्र (सेनेटरी लैंडफिल साइट) विकसित किया जा रहा है।

**दो कंपनियों ने काम शुरू किया:** अस्तौली में एनटीपीसी के अलावा रिलायंस को 11.45 एकड़ और आकांक्षा को 4.5 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। संयंत्र लगाने के लिए दोनों कंपनियों ने काम शुरू कर दिया है। रिलायंस एनर्जी बायो सीएनजी संयंत्र लगाएगी।

इस संयंत्र की क्षमता 300 टीपीडी होगी। रिलायंस एनर्जी को 25 वर्ष के लिए लीज पर जमीन दी गई है। अधिकारी के मुताबिक कंपनी इस संयंत्र पर गीले कचरे को प्रोसेस कर बायो सीएनजी गैस बनाएगी, जो कि वाहनों में ईंधन के रूप में इस्तेमाल हो सकेगी। बताया जा रहा है कि जैविक कचरे को प्रोसेस कर उससे बायो गैस बनाई जाएगी। इसके लिए अस्तौली में 300 टीपीडी क्षमता का संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इच्छुक कंपनियों के साथ बैठक कर निविदा जारी की जाएगी। प्राधिकरण का प्रयास इस संयंत्र को जल्द से जल्द चालू करना है,ताकि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सके।

## कार सवार के साथ मारपीट, केस दर्ज

**नोएडा।** दादरी की माया विहार कॉलोनी में रास्ते में कार के आगे खड़े होने का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट की गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि माया विहार कॉलोनी में आकाश परिवार के साथ रहते हैं। वह 21 नवंबर की रात्रि में साढ़े नौ बजे अपनी कार में सवार होकर घर जा रहे थे। घर के सामने उनका पड़ोसी अरविंद खड़ा था। हॉर्न बजाने पर वह नहीं हटा और गाली-गलौंज करने लगा। जब गाली देने से मना किया तो अपने भाई राहुल व अन्य लोगों को बुला लिया और मारपीट की। पीड़ित ने अरविंद , राहुल व अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है।

## बीएलओ परेशान, अधिकारियों को टारगेट पूरा करने का सता रहा डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में इस बार बीएलओ को नई चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। नोएडा में कई सेक्टरों में बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता मिले हैं, जिनके नाम उर्दू में दर्ज हैं।

वहीं, नाम और पते को पढ़ने में आने वाली यह बाधा घर-घर सत्यापन प्रक्रिया को धीमा कर रही है। नतीजतन न तो संबंधित मतदाता मिल पा रहे हैं और न ही रिकॉर्ड का सही मिलान हो पा रहा है। बुधवार को पड़ताल में यह स्थिति कई सेक्टरों में देखने को मिली। बीएलओ मोबाइल एप, फोटो और दस्तावेजों की मदद से नाम समझने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पते और फोन नंबर की कमी के कारण मतदाताओं को



ढूंढ पाना मुश्किल हो रहा है।

**सेक्टर-70: आधे फॉर्म भी नहीं हुए पूरे-** सुबह 11:45 बजे सेक्टर-70 के ब्लॉक ए, बी, बीएच और बीएस में 2034 फार्म आवंटित हैं, जबकि ब्लॉक बी में कुल 850 घर हैं। यहां अब तक 50 प्रतिशत फॉर्म ही भरे जा सके हैं। ड्यूटी पर तैनात बीएलओ संजीव कुमार ने बताया कि बड़ी संख्या में फॉर्म ऐसे हैं जिनमें नाम उर्दू में दर्ज हैं और पते व फोन नंबर गायब हैं। ऐसे में न तो नाम पढ़ पाना आसान है और न ही मतदाता की पहचान करना।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अमित चौहान मौके पर अपनी टीम के साथ मौजूद मिले। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से टीम लगातार काम कर रही है, मगर वर्किंग क्लास के लोग घर नहीं मिलते। कई लोगों के दो-दो वोट भी मिले हैं, जिन्हें हटाया जा रहा है। दोपहर 12:30 बजे सेक्टर-46 के सी, ए, बी और के ब्लॉक में 3254 फॉर्म मिले, जिनमें से लगभग 60 प्रतिशत पूरे हो चुके हैं।बीएलओ ज्योति भट्ट और मीनाक्षी के साथ टीसी गौड़ मतदाताओं की तलाश में घूम रहे थे। उन्होंने बताया कि यहां अधिकांश लोगों को अपना एपिक नंबर तक नहीं पता। कई लोग बाहर निकलकर फॉर्म लेने को तैयार नहीं हैं। यहां भी कुछ फॉर्म उर्दू भाषा में पाए गए, जिनका सत्यापन कठिन हो गया है।

**सेक्टर-50: गलत पता और बिना नंबर के फॉर्म बन रहे बाधा-** दोपहर 1:15 बजे सेक्टर-50 के ए, के और सी ,डी ब्लॉक में बीएलओ सुमन ने बताया कि टीम में पांच लोग हैं, मगर समस्या यहां भी वही है- कई नाम उर्दू में लिखे हैं, पता अधूरा है और फोन नंबर मौजूद नहीं है। इस कारण मतदाताओं का पता लगाना लगभग असंभव हो रहा है।

**मतदाताओं की परेशानी भी बढ़ी:** अखिल कुमार यादव ने बताया कि उनका वोट सेक्टर-70 में था, लेकिन इस बार सूची में सेक्टर-78 दिखाया गया। इसके लिए उन्हें 78 जाकर बीएलओ को सूचना देनी पड़ी, तब जाकर त्रुटि सुधरी।

अमित चौहान ने कहा कि कई लोग किराए पर रहते थे और अब यहां नहीं हैं, जिससे सत्यापन में दिक्कत हो रही है। कई व्यक्तियों के दो-तीन नाम दर्ज हैं, जिन्हें हटाया जा रहा है। साथ ही उर्दू में दर्ज नाम भी बड़ी चुनौती हैं।

### एक नजर

## वरिष्ठ पत्रकार की धर्मपत्नी का निधन



**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा मीडिया क्लब के सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा शर्मा (55 वर्ष) का बुधवार को निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थी और नोएडा के फेलिक्स अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। परिजनों के अनुसार, श्रीमती शर्मा अपने पीछे चार पुत्रियाँ और एक पुत्र समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। हरौला सेक्टर-5 में स्थित उनके निवास व पैतृक गांव में निधन की खबर फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई। परिवार के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को सेक्टर-94 स्थित अंतिम निवास से किया जाएगा।

## खेल सुविधाओं के लिए दोबारा टेंडर निकलेगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा स्टेडियम की कई खेल सुविधाओं के लिए प्राधिकरण दोबारा टेंडर निकालेगा। बैडमिंटन सहित कई खेल सुविधाओं के दो बार टेंडर निकाला गया, लेकिन दो से अधिक कंपनियां इसमें शामिल नहीं हुईं। खेल प्रशिक्षकों का कहना है कि स्टेडियम काफी महंगा हो गया है। यही कारण है कि टेंडर में शामिल होने वाले लोगों की संख्या काफी कम हो गई है। आठ साल पहले प्राधिकरण ने खेल सुविधाओं के लिए टेंडर का प्रावधान किया है। इससे पहले खिलाड़ियों के प्रशिक्षण से मिलने वाली राशि प्रशिक्षक और प्राधिकरण में बांटी जाती थी।

## दलित प्रेरणा स्थल के भीतर कार्यक्रम की तैयारी परखी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-95 स्थित दलित प्रेरणा स्थल पर छह दिसंबर को डॉ. भीमराव आंबेडकर परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बहुजन समाज पार्टी बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इसको लेकर बसपा के नेता यहां तैयारियों को परख रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी और पूर्व मंत्री भीमराव आंबेडकर ने दलित प्रेरणा स्थल का दौरा कर वहां तैयारियों को परखा। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिलाध्यक्ष लख्मी सिंह और अन्य पदाधिकारी भी उनके साथ थे। बताया जा रहा है कि बसपा प्रमुख मायावती इस कार्यक्रम में शामिल हो सकती हैं। हालांकि, बसपा नेता तैयारियों को लेकर आधिकारिक बयान देने से बच रहे हैं और वह इसे पुष्पांजलि सभा बता रहे हैं। कार्यक्रम में मेरठ, बरेली, आगरा समेत छह मंडलों के कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या में लाने की तैयारी है।

## डंपर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर महिला समेत दो लोगों की हुई मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के सेक्टर-49 रेड लाइट के पास सोमवार दोपहर बाद तेज रफ्तार डंपर ने ई रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा सवार महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में मृतक महिला का पति भी घायल हुआ है। पुलिस के अनुसार, डंपर नोएडा प्राधिकरण से संबद्ध है। आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि सोमवार दोपहर बाद ई रिक्शा से कुछ लोग सेक्टर-49 रेड लाइट की तरफ जा रहे थे। तभी एक डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा चालक अनीस और यात्री राजेंद्री डंपर के पहिये के नीचे आ गए। राजू दूसरी तरफ गिर गए और उन्हें हल्की चोटें आईं। ई-रिक्शा का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतकों की पहचान कुलेसरा निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद अनीस और दिल्ली निवासी 35 वर्षीय राजेंद्री के रूप में हुई है। राजेंद्री के पति राजू घायल हो गए हैं। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। बाद में उसे दबोच लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

**धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं:** सेक्टर-39 थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में पता चला है कि राजेंद्री अपने पति के साथ एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने नोएडा आई थीं। वापसी के दौरान हादसा हुआ। ई-रिक्शा को टक्कर मारने वाला डंपर प्राधिकरण से जुड़ा हुआ है। हादसे के बाद कुछ वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें दिख रहा है महिला डंपर के चक्के के नीचे पड़ी हुई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोग जमा हो गए और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हो गया। मृतक चालक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। एडीसीपी ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## मुख्यमंत्री जेवर एयरपोर्ट के कार्यों का लेंगे जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को नोएडा आएंगे। उनके कार्यक्रम में थोड़ा सा बदलाव हुआ है। अब मुख्यमंत्री केवल सेक्टर 50 स्थित मेदांता अस्पताल का उद्घाटन करेंगे और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जाकर एयरपोर्ट के चालू होने की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। पुलिस, प्राधिकरण और जिला प्रशासन के अधिकारी अपनी तैयारी में जुट गए हैं।

बुधवार को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस के आला अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दिया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नोएडा विकास प्राधिकरण, पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी विगत कई दिनों से तैयारी कर रहे हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कुछ बदलाव हुआ है। वह जेवर एयरपोर्ट के काम का जायजा लेने के बाद सेक्टर 50 स्थित मेदांता अस्पताल पहुंचेंगे। अस्पताल का शुभारंभ करने के बाद वह गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट जाएंगे। नोएडा विकास प्राधिकरण ने हेलीपैड बनाने का काम शुरू कर दिया है। अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन और प्रस्थान को लेकर सुरक्षा के भारी व्यवस्था की गई है। कुछ रास्तों पर यातायात भी डायवर्ट किया जाएगा।

## महिला समेत चार के खिलाफ केस दर्ज

**नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के नहर बाईपास स्थित आनंद विहार कॉलोनी में विवाहिता को प्रताड़ित कर मारपीट की गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि आनंद विहार कॉलोनी में साहिबा परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने दो साल पहले आरिफ के साथ कोर्ट मेरिज की थी। घर पर विवाहिता का पति आरिफ, ससुर सिराजुद्दीन तथा सास, ननद उसे प्रताड़ित करते हैं। जब विवाहिता विरोध करती है तो उसके साथ अभद्र भाषा एवं मारपीट की जाती है। 24 नवंबर को दोपहर के समय पति ने गाली-गलौज कर मारपीट करने लगा। शोर मचाने पर ससुर व सास, ननद ने भी मारपीट की । जिससे वह घायल हो गई। पीड़िता ने पति, ससुर, सास, ननंद के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है।

## एसआईआर से देश में छिपे घुसपैठियों की होगी पहचान : कलराज मिश्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नॉलेज पार्क-3 स्थित आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर एक विचार गोष्ठी हुई। इसमें पूर्व राज्यपाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री कलराज मिश्र ने कहा कि आयोग का यह कार्यक्रम लोकतंत्र का वास्तविक स्वच्छता अभियान है। यह स्वच्छता अभियान देश में छिपे बैठे उन घुसपैठियों को बाहर करने का है, जो देश में आकर छिप गए हैं और मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराया है। कार्यक्रम का आयोजन श्री राधेश्याम चौरिटबल फांउडेशन की तरफ से किया गया।

मुख्यअतिथि कलराज मिश्र ने कहा कि गैरकानूनी तरीके से भारत में रहने वाले और मतदाता सूची में शामिल होने वाले घुसपैठिये लो. कतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। उनकी पहचान जरूरी है। एसआईआर को बिहार में प्रयोग के तौर पर लागू हुआ था और अब इसे देशभर में लागू किया जा रहा है। लो. कतंत्र के इस महापर्व में हम सभी का योगदान होना चाहिए। भारतीय होने के नाते हम सभी की जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची में सही नाम शामिल रहें। आईटीएस समूह के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने कहा कि एसआईआर में जनता का सहयोग भी जरूरी है। बीएलओ घर-घर जाकर भारतीय व योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर रहे हैं। एसआईआर के बाद मतदाता सूची से सभी फर्जी नाम हट जाएंगे। मतदाता सूची वह नींव है, जिस पर भारतीय लोकतंत्र की संरचना टिकी है। जब यह नींव मजबूत होगी, तभी आपके वोट का मूल्य सुरक्षित रहेगा और जब वोट सुरक्षित रहेगा, तभी लोकतंत्र सशक्त, जीवंत और टिकाऊ बनेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा कि सही सूची, सही मत कोई नारा नहीं बल्कि हम सभी का संकल्प होना चाहिए। इस मौके पर आईटीएस कॉलेज के डायरेक्टर मयंक गर्ग, डीन डॉ. विष्णु शर्मा, डॉ. संजय यादव, डॉ. जया सिन्हा, डॉ. संध्या उमराव समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने आज कलेक्ट्रेट सुरजपुर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के समय जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस के ताले पर लगी सील की जांच की, जो पूर्णतया सुरक्षित पाई गई। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का भी विस्तृत अवलो. कन किया, सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत मिले।

साथ ही खिड़कियों एवं



रोशनदान की सुरक्षा व्यवस्था की भी बारीकी से जांच की गई।

निरीक्षण के उपरांत जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम/वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी प्रबंधों को और अधिक मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस की सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित एवं सुरक्षित मिलीं।

## नोएडा एयरपोर्ट उड़ान भरने के लिए तैयार, सुरक्षा जांच पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का ब्यूरो आफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बकास) की टीम ने लगातार सोमवार और मंगलवार 2 दिन तक निरीक्षण किया और मानकों को परखा। टीम जल्द ही अपनी रिपोर्ट नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सौंपेगी। वहां से ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस मिल जाएगा।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बुधवार को बताया कि ब्यूरो आफ सिविल एविएशन सिक्योरिटीज की टीम ने दो दिनों की सुरक्षा जांच पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट में सभी तैयारियां को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बकास की टीम ने यात्रियों के बैगेज जांच करने वाले उपकरण को भी टेस्ट किया। इस दौरान एयरसाइड टर्मिनल भवन और अन्य स्थानों पर तैनात होने वाले सीआईएसएफ के सुरक्षा बलों की पर्याप्त संख्या का आकलन किया गया। टीम ने एयरपोर्ट के सभी सुरक्षा उपकरणों की जांच की। इस दौरान सुरक्षा मांनके के अनुसार अनुपालन को देखा। टीम ने दो दिनों में अपनी जांच पूरी कर ली है। बकास टीम जल्द ही अपनी रिपोर्ट देगी। अनुमान है की रिपोर्ट मिलने के बाद डीजीसीए इसी सप्ताह एरोड्रम लाइसेंस जारी कर देगा। उन्होंने बताया कि एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद एयरपोर्ट के उद्घाटन की तिथि तय की जाएगी।

## पीजी संचालक के लाखों रुपये लेकर सफाई कर्मचारी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-66 स्थित मामूरा गांव स्थित एक पीजी में सफाई का काम करने वाले व्यक्ति पर संचालक ने लाखों रुपये चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने फेज-तीन थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

जिला पीलीभीत के निरंजनकुंज कॉलोनी निवासी संजीव कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि वह मामूरा गांव में रहते हैं। यहीं उन्होंने राजेश चौहान के बिल्डिंग को किराए पर लिया है। इस बिल्डिंग में वह इजी स्टे होम के नाम से पीजी का संचालन करते हैं। पिछले दिनों उन्होंने पीजी के कमरों की साफ-सफाई करने के लिए कमल सिंह नामक व्यक्ति को रखा था। आरा. ेप है कि नौ नवंबर की रात करीब नौ बजे कमल सिंह पीजी में चौथी मंजिल स्थित उनके कमरे से रखे लाखों रुपये लेकर भाग गया। इसके बाद आरोपी ने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया। कई दिन तक आरोपी से संपर्क नहीं होने पर संदेह विश्वास में बदल गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी का पता नहीं है। पीजी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपी का चेहरा पहचान करके पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## चोरी की बाइक से वारदात करने वाला लुटेरा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** चोरी की मोटरसाइकिल से मोबाइल और चेन लूट करने वाले बदमाश को फेज दो थाने की पुलिस ने बुधवार को थानाक्षेत्र के सिटी पार्क के पास से दबोच लिया। उसके पास से लूट और चोरी के 11 मोबाइल, एक मोटरसाइकिल, एक सोने की चेन और चाकू बरामद हुआ है। उसके खिलाफ फेज दो थाने में छह केस पूर्व में ही दर्ज हैं। आरोपी के अन्य साथियों के बारे में जानकारी की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बुधवार सुबह पश्चिम बंगाल के शुभम मंडल को गिरफ्तार कर लिया। उसपर चोरी और लूट करने का आरोप था।

पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर साप्ताहिक बाजारों में व्यक्तियों के मोबाइल फोन, गले की चेन और बाजार में खड़े दो पहिया वाहन चोरी कर लेता है। चेन और मोबाइल लूट भी मौका पाकर करता है। पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई करने के बाद वह चोरी करने लगा था। घटना के बाद वह सामान व वाहनों को मौका पाकर सस्ते दाम में बेचकर पैसे कमाता था। उसके पास से तलाशी में चाकू भी मिला है। चोरी करते हुए पकड़े जाने पर वह वह लोगों को घायल करने की धमकी देता था। गांजे की तस्करी करने के आरोप में भी वह पूर्व में जेल जा चुका है। सभी बरामद मोबाइल उसने शहर के अलग-अलग हिस्से में चोरी किए हैं। 32 वर्षीय शुभम मंडल वर्तमान में गेझा गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहा है। पुलिस अन्य थानों से भी आरोपी का आपराधिक इतिहास पता कर रही है।

## एक्सप्रेस-वे पर बस पलटी, 14 यात्री घायल

### बस में 60 लोग सवार थे, ओवरलोडिंग से बिगड़ा संतुलन, ड्राइवर और हेल्पर भाग गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात यमुना एक्सप्रेसवे पर एक बस पलट गई। दिल्ली से बनारस जा रही इस बस में करीब 60 यात्री सवार थे, जिनमें से 14 गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, बस में क्षमता से अधिक यात्री बैठे हुए थे, जिसके कारण बस का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। गनीमत रही कि बस एक्सप्रेसवे से नीचे नहीं गिरी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।




राहगीरों की सूचना पर पुलिस और एक्सप्रेसवे सुरक्षा कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे।

उन्होंने राहत-बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।हादसे के बाद बस चालक और हेल्पर मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच में ओवरलोडिंग की पुष्टि हुई है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे में आदर्श पांडे, सुप्रिया, अरीभा, नसरीन बानो, विनय, विनोद, महेंद्र, अशोक, सचिन, मनोज शशि, कामरा और सक्षम सहित 14 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। ये सभी यात्री दिल्ली से बनारस और अन्य गंतव्यों की ओर जा रहे थे। अन्य यात्रियों को सामान्य चोटें आई हैं। दनकौर पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक लोगों को वाहन में न बैठने दें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# फसल बहाकर 70 पेड़ों को काट ले गए दबंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

चौसाना। लक्ष्मीपुरा में एक किसान के खेत से दबंगो ने 70 पेडो को चोरी से काट लिया। पीडित किसान का दावा है कि सभी पेड लिप्टिस के थे और ढाई साल से अधिक हो गए थे। वही तीन बीघा फसल से मे से आधा बीघा गेंहू की फसल को बहा दिया। पीडित ने पुलिस को नामजद शिकायत की लेकिन पुलिस ने लीपापोती करते हुए आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की है।

चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव लक्ष्मीपुरा में सतीश पुत्र शम्भू को पंचायत से तीन बीघा कृषि भूमि का आंवटन किया गया।

लेकिन आवंटन के बाद से भूमि पर गांव के समय सिंह ,सलेक व रज्जाक आदि ने भूमि पर कब्जा कर लिया। आरोप है कि जिला प्रशासन से मदद नही मिलने के बाद पीडित ने मुख्यमंत्री दरबार मे न्याय की गुहार लगाई तो प्रशासन ने मदद करते हुए भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। इसके बाद से पीडित भूमि पर खेतीबाडी करके परिवार का भरणपोषण कर रहा था। पीडित ने भूमि के एक हिस्से पर लिप्टिस के पेड लगाए हुए थे। जिसको पडोस के किसान जॉनी पुत्र सलेक,जितेन्द्र पुत्र बिरमा ,सलेक पुत्र राम ने चोरी से रात्रि के समय मे पेडो को काट लिया और आधा बीघा गेंहू की फसल को काट लिया। पीडित ने पुलिस को मामले की शिकायत की लेकिन आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों पर कार्यवाही करने के स्थान पर पीडित की शिकायत को गलत ठहरा दिया।

# सेंट आरसी स्कूल में खिलाड़ियों ने खेल प्रतियोगिता में झटके मेडल्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के सेंट आरसी साइंटिफिक कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन पीटीआई अंकित चौहान के निर्देशन में किया गया। प्राथमिक वर्ग स्पून रेस में अक्षित ने गोल्ड, अदान सिल्वर तथा युवी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। म्यूजिकल चेयर में देवयाक्षी ने गोल्ड, अजरा सिल्वर तथा रिया ने ब्रान्ज मेडल जीता। जम्पिंग रेस में समर ने गोल्ड, राफिल सिल्वर, मयंक ने ब्रांज मेडल जीता। पॉकेट रेस में भावना ने गोल्ड, यशस्वी सिल्वर तथा माही ने ब्रांज मेडल जीता।

हर्डल रेस में सालिक ने गोल्ड, आरव सिल्वर तथा आयुष ने ब्रांज मेडल जीता। सौ मीटर दौड़ में आलिया ने गोल्ड, आराध्या सिल्वर तथा काव्या ने ब्रांज मेडल जीतकर प्रतियोगिता को रोचक बनाया। वहीं, जूनियर वर्ग स्पून रेस में राधिका ने गोल्ड, तन्वी सिल्वर तथा आयशा ने ब्रांज मैडल, पाकेट रेस में गौरी गोल्ड, वैष्णवी सिल्वर, जिया ब्रांज, म्यूजिकल चेयर में अनन्ता गोल्ड, जिकरा सिल्वर, परी ब्रांज, पाकेट रेस बालक वर्ग में विराट गोल्ड, हम्माद सिल्वर, अंश ब्रांज, दो सौ मीटर रेस बालक वर्ग में लक्ष्य गोल्ड, रिहान सिल्वर तथा कैफ ने ब्रांज मैडल जीता। लम्बी कूद में हमजा गोल्ड, बलराम सिल्वर, देव ब्रांज, हर्डल रेस में रोनक गोल्ड, अमन सिल्वर तथा शाद ने ब्रांज मेडल्स झटक कर चौंका दिया। स्कूल डायरेक्टर यशपाल पंवार ने विजेता खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा की संस्कार, सभ्यता, शारीरिक निर्माण, शिष्टाचार, व्यवहार, अनुशासन, चरित्र निर्माण, जीविकोपार्जन करना आदि शिक्षा के आयाम है। अनेकों खिलाडी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते है, लेकिन सभी जीत प्राप्त नही करते है। इससे निराश नही होना चाहिए बल्कि प्रयास जारी रखना चाहिए सफलता अवश्यम मिलेगी। प्रतियोगिता भली भांति सम्पन्न कराने में अमित कुमार, जोनी चौहान, शाहरूख खान, अजय कुमार, अजीत सिंह, ममता शर्मा, लीना शर्मा, मीनू चौहान, आरती शर्मा, रूपांजली, रितू चौहान व प्रदीप कौशल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में संविधान दिवस पर नाटक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** 76वें संविधान दिवस के अवसर पर नगर के मोहल्ला शेखजादगान स्थित संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में भारतीय न्याय व्यवस्था पर आधारित एक आकर्षक नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से छात्रों ने संविधान में वर्णित न्यायपालिका की भूमिका, उसके अधिकारों और आम नागरिकों को मिलने वाले न्याय के महत्व को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत से हुई। इसके बाद प्रधानाचार्य कुमारी रंजना मित्तल ने संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 26 नवंबर 1949 को भारत ने अपना संविधान अंगीकार किया था, जो 26 जनवरी 1950 से देश में लागू हुआ।छात्रों ने न्यायाधीश, वकील और अभियुक्त जैसे विभिन्न न्यायिक पदों की भूमिकाओं को जीवंत करते हुए पूरी न्याय प्रक्रिया का मंचन किया।

विद्यालय के प्रबंधक क्षितिज मित्तल, उपस्थित शिक्षकों और छात्रों ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की गहराई और न्यायपालि. का की कार्यप्रणाली को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिला।अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा छात्रों को संविधान में उल्लिखित मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के पालन का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# विकास के दावों की खुली पोल, सड़क पर जल भराव ग्रामीणों का धरना





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के देहात सलेमपुर मार्ग पर लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन आजाद गुट के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विकासखंड परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव कुमार को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन आजाद गुट के नेटवर्क में दर्जनों ग्रामीण विकासखंड प्रांगण में पहुंचे। ग्रामीणों ने धरना दिया ग्रामीणों का कहना है कि सलेमपुर रोड पर कई दिनों से सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे बस्ती के लोगों, राहगीरों और स्कूली बच्चों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्राम प्रधान और ब्लॉक स्तर पर कई बार मौखिक व लिखित शिकायतें करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। प्रदर्शन करें ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहें प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित चौधरी व शाहरुख ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान बजट की कमी का हवाला देकर कार्रवाई नहीं कर रहे, वहीं संबंधित अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे। विकास का दावा करने वालों की सलेमपुर मार्ग पर जल भराव होने से पोल खुली हुई है।

चेतावनी दी गई कि यदि जल्द समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया, जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देने को बाध्य होंगे। आरोपी की सड़क पर जल भरा होने से निकट के कब्रिस्तान में भी पानी घुस गया है। ग्राम प्रधान पति चमन सिद्दीकी ने कहा कि बजट की कमी के कारण कार्य में देरी हो रही है। निस्तारण के लिए सचिव एवं लेखपाल को मौके पर भेजा गया है जल्दी निस्तारण कराया जाएगा। वहीं ग्रामीणों ने जलभराव की समस्या को प्राथमिकता से दूर करवाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। सचिव अनुज तोमर का कहना है कि सड़क पर जल भराव की शिकायत संज्ञान में आई है जल्दी निस्तारण कराया जाएगा। इस दौरान धरना प्रदर्शन में मोहम्मद शाहरुख, वाटसन, अब्जर, महिपाल, जितेंद्र, वामिक, सोनू, राहुल, दिलशाद, उमेद, कालू, इकराम, कलीम, इस्माइल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### प्रिंसिपल आशु त्यागी की हादसे में मौत के बाद दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों व शिक्षण संस्थानों द्वारा शहर के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल आशु त्यागी की सडक दुर्घटना में हुई मौत के बाद शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर भगवान से प्रार्थना की गई। बुधवार को शहर के सलेक विहार स्थित एक्सिलेंट जिम में प्रमुख समा. जसेवी महबूब राणा द्वारा स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल आशु त्यागी की सडक दुर्घटना में हुई मौत के बाद शोक सभा का आयोजन किया गया। शोभासभा को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि यह सीबीएसई शामली के इतिहास में पहली ऐसी सडक दुर्घटना हुई है। इससे शिक्षा जगत को काफी आघात पहुंचा है। उनके कार्याकाल में शामली जिल के कई बच्चे सीबीएसई बोर्ड में पूरे देश में टॉपर रहे। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण का भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर मेहबूब राणा, राहुल चौधरी, फरमान राणा, उमेस मलिक, प्रमेंदर कुमार, डा, महबूब अली, अजय कुमार, रिहान, शोभित, फरहान राणा, डा। अनीस, वकील अहमद ,दिलशाद वकील, नदीम अहमद, जावेद राणा, सुभाष कश्यप, डा। आसिफ, डा। शहजाद, अजीत, अफसर, वसीम, उज्वल आदि मौजूद रहे।

### किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार, चाकू बरामद

**कैराना।** पुलिस ने साढ़े सोलह वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक अवैध चाकू बरामद किया है। विगत सोमवार को कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया था, जिसमें कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी अब्दुल्ला पर अपनी साढ़े सोलह वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ डरा-धमकाकर गलत हरकत करने व अन्य किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। एसपी ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को मामले की जांच करके सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में बुधवार को एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार महिला अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में वांछित चल रहे आरोपी अब्दुल्ला को गिरफ्तार कर लिया।

### स्वर्गीय मा. करतार सिंह का संस्कार रस्म संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव लांक निवासी स्वर्गीय मास्टर करतार सिंह की संस्कार रस्म बुधवार को सादगीपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परिवार तथा गांववासियों ने सर्व खाप पंचायत के प्रस्ताव का सम्मान करते हुए मृत्यु भोज पर पूर्ण रूप से रोक लागू की और किसी भी प्रकार का आयोजन नहीं किया। सभी उपस्थित लोगों ने शांति यज्ञ में आहुति देकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद पगड़ी रस्म एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहां स्वर्गीय करतार सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में पहुंचे भाकियू नेता गौरव टिकैत तथा गांव लांक थांबा चौधरी बाबा रविंद्र ने कहा कि सर्व खाप पंचायत द्वारा मृत्यु भोज जैसी कुप्रथाओं के बहिष्कार का जो प्रस्ताव पारित किया गया है, उसे समाज में व्यापक समर्थन मिल रहा है। गांव लांक में किया गया यह निर्णय समाज सुधार की दिशा में प्रेरणादाई कदम है। इस अवसर पर ओमपाल मलिक, अनिल मलिक, शुभम मलिक, विदेश मलिक, अमित मलिक, खरड़ देशराज भनेड़ा आदि मौजूद रहे।

### ट्यूबवैलों से हजारों का सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के दो गांवों में किसानों की ट्यूबवैलों को निशाना बनाते हुए चोरों ने हजारों रूपये का सामान चोरी कर लिया। चोरी की घटना का पता सवेरे किसानों द्वारा खेत में जाने पर चला, जिससे किसानों में रोष फैल गया। किसानों ने पुलिस से शिकायत करते हुए मामले में जांच कर चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग की है। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव बधेव और नया गांव में देर रात्रि चोरों का आतंक रहा। चोरों ने करीब आधा दर्जन किसानों की टयूवैलों को निशाना बनाते हुए हजारों रूपये का सामान चोरी किया है। क्षेत्र के गांव बधेव निवासी किसान प्रदीप, अखिलेश, ओमपाल, अंकित, भीम सिंह व नया गांव निवासी इन्द्रपाल की टयूवैल से स्टाटर, केबल, तार व अन्य सामान चोरी किया है। चोरी की घटना का पता सवेरे किसानों के खेतों में पहुंचने पर चला। किसानों ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को चोरी की घटना की जानकारी दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और जल्द ही चोरी की घटनाओं का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# एसआईआर कार्य में तेजी के लिए चेयरमैन ने किया बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका में बुधवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण द्धएसआईआरऋ कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। चेयरमैन ने सभासदों और बीएलओ के रूप में कार्यरत कर्मचारियों से एसआईआर कार्य को पूरी ईमानदारी व समय से पूरा कराने में सहयोग देने की अपील की।

चेयरमैन संगल ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष पुनरीक्षण का दूसरा चरण शुरू हो चुका है। इसी क्रम में नगर में एसआईआर कार्य चल रहा है, जिसे बिना किसी भेदभाव और पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसमें प्रत्एक नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। नागरिकों को 2003 की मतदाता सूची में दर्ज अपने या माता-पिता के नाम के आधार पर उक्त फार्म भरकर दो रंगीन फोटो सहित बीएलओ को जमा करना होगा। चुनाव आयोग द्वारा नए मतदाताओं के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा अन्य संशोधनों के लिए आवश्यक दस्तावेजों की सूची जारी की गई है, जिसमें आधार कार्ड, पासपोर्ट, शैक्षिक प्रमाण पत्र सहित 12 प्रकार के दस्तावेज शामिल हैं। चेयरमैन ने सभासदों और बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान किसी भी नागरिक को परेशानी न हो और यदि कोई समस्या आती है तो उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक का संचालन ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने किया। इस दौरान सभासद रोबिन गर्ग, आशीष गुप्ता, तोहिद रहमानी, अजय निर्वाल, धुरेन्द्र निर्वाल, अरविन्द खटीक, राम. निवास सैनी, प्रमोद जांगिड, पंकज गुप्ता, डॉ। मनोज कुमार, गुलजार मंसूरी, इरशाद उर्फ कालू कुरेशी मौजूद रहे।

# संविधन दिवस पर मॉक पार्लियामेंट का आयोजन







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 से 11 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीएम सत्एंद्र सिंह, मैनेजमेंट सदस्य दीपिका संगल, प्रधानाचार्य डॉ। एके गोयल, उपप्रधानाचार्या तूलिका गोयल और जीआईसी प्रधानाचार्य अमित मलिक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि एडीएम सत्एंद्र सिंह ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि संविधान किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र की नींव होता है और युवा पीढ़ी में इसके प्रति बढ़ती जागरूकता सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अधिकारों और कर्तव्यों की सही समझ प्रदान करते हैं। मॉक पार्लियामेंट में लोकसभा की कार्यवाही का जीवंत मॉडल प्रस्तुत किया गया, जिसमें शासन प्रणाली, कानून निर्माण और संसदीय प्रक्रिया की विस्तृत झलक दिखाई गई। कक्षा 11 की छात्रा अनन्या माठियान ने स्पीकर तथा कक्षा 9 की छात्रा सृष्टि दत्ता ने डिप्टी स्पीकर की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सचिवालय, सत्ता पक्ष, विपक्ष, फॉरेन डेलिगेशन और प्रेस कॉर्नर की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। प्रधानमंत्री की भूमिका छात्रा अदिति सिंह और विपक्ष नेता की भूमिका छात्रा पूर्वी तोमर ने निभाई। प्रधानाचार्य डॉ। ए।के। गोयल ने कहा कि लोकसभा देश की लोकतांत्रिक शक्ति का प्रतीक है और इस शक्ति की कार्यप्रणाली को समझना विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यूथ पार्लियामेंट जैसे कार्यक्रम भविष्य के युवाओं में शासन व प्रशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन दीपा जेटली ने निर्दोष राठी के निर्देशन में किया।

# हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने मनाया संविधान दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** हड़ताल पर चल रहे सफाई कर्मचारियों व वाल्मीकि समाज द्वारा बुधवार को कस्बे स्थित वाल्मीकि धर्मशाला में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ढोल नगाड़ों की थाप के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने संविधान निर्माता डॉ। भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। धर्मशाला में एकत्र हुए समस्त सफाई कर्मचारियों तथा वाल्मीकि समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। वाल्मिकी समाज के प्रधान आनंद चंचल ने कहा कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का आधार है। सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल पर चर्चा की और अपनी मांगों पर पुन: जोर दिया। समाज के लोगों ने कहा कि जब तक उनकी जायज मांगों पर सुनवाई नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा, लेकिन संविधान दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व को हमेशा सम्मानपूर्वक मनाया जाएगा। कार्यक्रम में विनोद कुमार, अमित कुमार, रवि गहलोत, नीरज, लोकेश, आकाश, प्रदीप, अनिल, चमनलाल, भानू, सोनू, राजेश, धीरज, सतीश सफाई कर्मचारी और समाज के लोग मौजूद रहे।



# लंबित मांगों को लेकर किसानों का धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को किसान आंदोलन के पांच वर्ष पूर्ण होने पर किसानों की लंबित मांगों को लेकर भाकियू के बैनर तले कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे किसानों ने सरकार की नीतियों के प्रति कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि किसान यदि पत्ती या पराली जलाए तो उन पर मुकदमे दर्ज कर दिए जाते हैं, जबकि बड़े उद्योगों द्वारा होने वाले प्रदूषण पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

धरने को संबोधित करते हुए किसानों ने कहा कि दिल्ली में हुआ किसान आंदोलन ऐतिहासिक रहा है और उस आंदोलन की पांचवीं वर्षगांठ पर आज भी किसान उसी जज्बे के साथ अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। भाकियू पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार पूंजीपतियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है, जबकि किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य तक नहीं मिल पा रहा है। गन्ना किसानों ने कहा कि शुगर मिलें समय पर भुगतान नहीं कर रहीं, जिसके कारण किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पराली के बहाने किसानों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि बड़े औद्योगिक संस्थानों द्वारा हवा में जहर घोलने पर सरकार चुप्पी साधे रहती है। किसानों का कहना था कि सरकार यदि समय पर समाधान नहीं करती तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होने अपनी मांगों के समर्थन में एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा है।

धरना-प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष शांता प्रधान, मास्टर जाहिद, कपिल खाटियान, मोहित शर्मा, कविता चौधरी, प्रभात मलिक, अमरपाल बालियान,मुकम्मिल पहलवान, इनाम, इंतजार, कुलदीप पंवार, गौतम पंवार मौजूद रहे।

# युवक-युवती की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कलंदरशाह निवासी एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करते हुए युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही एक अन्य रिश्तेदार युवक द्वारा भी विषैले पदार्थ का सेवन किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।







शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कलंदरशाह निवासी 20 वर्षीय नाजिश पुत्री शहजाद की बुधवार तडके अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन सवेरा होने पर युवती के शव को सुपुर्द-ए खाक करने की तैयारियों की जुट गए कि आसपास रहने वाले लोगों को युवती की मौत पर शक हुआ तो उन्होने मामले की सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दे दी। जिसके बाद शहर कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की तो उन्होने बताया कि युवती तेज बुखार आया और अचानक उसकी मौत हो गई, लेकिन परिजन कौन से चिकित्सक के उपचार कराया उसकी सही जानकारी नही दे सके। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती की मौत से जहां परिजनों में कोहराम मचा हुआ है वही आसपास के मोहल्ले में विभिन्न प्रकार की चर्चाए व्याप्त है। लोगों ने बताया कि गत दिवस मुजफ्फरनगर जनपद के भोपा निवासी एक रिश्तेदार युवक उनके घर पर आया था और उसने परिजनों के साथ युवती से शादी करने की इच्छा जाहिर की थी। युवक व युवती में प्रेम प्रसंग चलने के कारण वह शादी करना चाहते थे, लेकिन परिजनों द्वारा इंकार करने पर दोनों ने विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवती की मौत हो गई, जबकि भोपा निवासी युवक को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

# मीठे कुएं की जमीन कराई खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पौराणिक व धार्मिक मान्यताओं के लिए विख्यात थाना भवन नगर के टंकी चौक स्थित मीठे कुएं की जमीन पर लगे अतिक्रमण को नगर पंचायत ने हटवा कर भूमि को मुक्त कराया गया।

नगर के टंकी चौक पर स्थित पौराणिक व धार्मिक मान्यताओं के लिए विख्यात मीठे कुऐ की करोड़ों की कीमत की भूमि से बुधवार को नगर पंचायत थाना भवन ने वर्षों से लगे अतिक्रमण को पूर्ण रूप से हटवा दिया। यह स्थान नगर के आबादी के बीच टंकी के पास स्थित कीमती होने के कारण वर्षों से चर्चा का विषय रहा है। नगर पंचायत की ओर से यह स्थान सरकारी संपत्ति के रूप में दर्ज बताते हुए उस पर सरकारी संपत्ति का एक सप्ताह पूर्व ही बोर्ड लगाया था जिसपर बोर्ड लगाए जाने के दौरान स्थानीय निवासी सलीम पुत्र अली हसन मौके पर पहुंचे और उन्होंने उक्त संपत्ति पर अपने पूर्वजों का अधिकार बताते हुए आपत्ति जताई थी। लेकिन अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा ने इस भूमि व मीठे कुऐ पर नगर पंचायत का मालि. काना हक है उन्होने बताया बुधवार को मीठाकुआ व पास मी जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया गया है शीघ्र ही बोर्ड बैठक मे प्रस्ताव पास कर चारदिवारी बनवाई जाएगी

## संविधान दिवस पर रंग-बिरंगा सांस्कृतिक संगम, कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय का प्रांगण में सांस्कृतिक एवं देश भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद तथा सद्भावना कल्चरल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस समारोह पूरे लोक,सांस्कृतिक रंग में सजकर मनाया गया।प्राचार्य प्रो। बृज भूषण की प्रेरक अगुवाई में छात्राओं ने एक स्वर में संविधान की शपथ दोहराई, और न्याय,समानता,अधिकारों की धुन पर संकल्पों का दीप जलाया। वातावरण में ऐसा उल्लास था मानो लोक कलाकारों की टोली ने एकता और लोकतंत्र का बड़ा मंच सजा दिया हो।इसके बाद,संविधान में समानता, सबके लिए न्याय एवं अनेकता में एकताष विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता ने माहौल को रचनात्मकता से भर दिया। रंगों की छटा बिखेरती छात्राओं ने अपनी कल्पना को संविधान की रेखाओं में पिरो दिया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, रुकैया द्वितीय स्थान, महक तृतीय स्थान . महक फातिमा ने अपने हुनर से सबका दिल जीता। कार्यक्रम डॉ। नयना शर्मा और डॉ। श्याम बाबू देखरेख में संपन्न हुआ इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# उच्च न्यायालय खंडपीठ स्थापित किए जाने की मांग को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कैराना सांसद इकरा हसन के आवास पर पहुंचकर सांके. तिक धरना-प्रदर्शन करते हुए उन्हें ज्ञापन-पत्र सौंपा।

बुधवार को जनपद बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ता अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ व महासचि. चव राजकुमार चौहान के नेतृत्व में कैराना सांसद चौधरी इकरा हसन के कस्बे के पुराना बाईपास पर स्थित आवास पर पहुंचे। जहां पर अधिवक्ताओं ने सांकेतिक रूप से धरना-प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। उन्होंने सांसद इकरा हसन को एक ज्ञापन-पत्र सौंपा। बताया कि पश्चिमी उत्तर-प्रदेश के अधिवक्ता एवं वादकारी काफी लंबे समय से क्षेत्र में उच्च न्यायालय खंडपीठ स्थापित किए जाने की मांग कर रहे है। पश्चिमी उत्तर-प्रदेश के वादकारी 500-700 किलोमीटर का सफर तय करके न्याय प्राप्त करने के लिए इलाहाबाद पहुंचते है। यह न केवल उनके धन व समय की बर्बादी है, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त न्याय तक पहुंच के मौलिक अधिकार का भी हनन है। ऐसे में पश्चिमी उत्तर-प्रदेश के वादों की संख्या को ध्यान में रखते हुए वादकारियों को सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्र में उच्च न्यायालय खंडपीठ स्थापित होना अति आवश्यक है। ज्ञापन-पत्र में मांग की गई है कि वह आगामी संसद सत्र में हाईकोर्ट बेंच स्थापित किए जाने की मांग को अन्य सांसदों से सामंजस्य बनाते हुए हाथों में पट्टी लेकर प्रमुखता के साथ उठाएं। वहीं, सांसद ने वेस्ट यूपी में हाईकोर्ट बेंच स्थापित होने तक पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। विदित रहे कि विगत दिनों कैराना में पश्चिमी उत्तर-प्रदेश के विभिन्न बार एसो. के पदाधिका. रियों की बैठक हुई थी, जिसमें 26 नवंबर को अपने क्षेत्र के सांसदों के आवास पर धरना-प्रदर्शन करने तथा 17 दिसंबर को पश्चिमी उत्तर-प्रदेश में पूर्ण बंदी का प्रस्ताव पास हुआ था।



## एक नजर

### सीएचसी पर इमरजेंसी सेवा शुरू कराने की मांग तेज



**झिंझाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इमरजेंसी सुविधा पिछले वर्ष से बंद है। राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने मुख्य चिकित्साधिकारी शामली के नाम पत्र लिखकर शीघ्र आपातकालीन सेवा शुरू कराने की मांग की है। कस्बे में लंबे समय से इमरजेंसी सुविधा शुरू करने की मांग हो रही है, लेकिन जिला स्तर पर इस मुद्दे को लगातार नजर. अंदाज किया जा रहा है। जबकि झिंझाना सीएचसी पर पर्याप्त संख्या में चिकित्सक तैनात हैं। सिर्फ एक अतिरिक्त फार्मासिस्ट की नियुक्ति से यहां 24 घंटे की इमरजेंसी सेवा शुरू की जा सकती है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों में इमरान अंसारी, हाशिम कुरैशी, शहदीन राना आदि का कहना है कि हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को पहले ऊन सीएचसी ले जाया जाता है और वहां से शामली रेफर कर दिया जाता है, जबकि झिंझाना सीएचसी रास्ते में 10 किलोमीटर पहले पड़ती है। समय पर फर्स्ट ऐड न मिलने से कई बार रास्ते में घायल की जान चली जाती है। कस्बेवासी काफी समय से लगातार मांग उठा रहे हैं कि झिंझाना सीएचसी पर तुरंत इमरजेंसी सुविधा शुरू की जाए। कस्बे को लोगों द्वारा रालोद जिला अध्यक्ष चौधरी वाजिद अली को भी कस्बे में आपातकालीन सेवा शुरू करने की मांग की, जिस पर उन्होंने सीएमओ शामली को पत्र भेजकर जल्द से जल्द झिंझाना सीएचसी पर इमरजेंसी सेवा शुरू करने की मांग की है।

### दुर्घटनाओं से बचने को लगाए रिफ्लेक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा शहर में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए रिफ्लेक्टर अभियान की शुरुआत की गई। नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि बढ़ते यातायात और धुंध वाले मौसम में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए डिवाइडर कट्स पर रिफ्लेक्टर लगाना सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण संद. ेश देता है। विशिष्ट अतिथि ट्रैफिक इंस्पेक्टर लालविराट भारद्वाज ने कहा कि रिफ्लेक्टर रात्रि व कम .श्यता के समय वाहन चालकों को दिशा का स्पष्ट संकेत देते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है। उन्होंने लायंस क्लब की पहल की सराहना करते हुए लोगों से यातायात नियमों के पालन की अपील की। मौके पर गौरव मित्तल, गौरव गोयल मौजूद रहे।

### मात्र प्रधान के लेटर पेड से बन रहा है मूल निवास प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव गोहरपुर निवासी प्रमुख समाजसेवी संजीव राठी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर लेखपाल पर ग्राम प्रधान के लैटर पैड पर लिखने मात्र से ग्राम के बाहर रहने वाले लोगों के मूल निवास जारी करने का आरोप लगाया है। बुधवार को क्षेत्र के गांव गोहरपुर निवासी प्रमुख समाजस. ेवी संजीव राठी ने डीएम अरविन्द कुमार चौहान को दिए शिकायती पत्र में कहा कि गांव में कार्यरत लेखपाल द्वारा ग्राम प्रधान के लैटर पेड पर लिखने मात्र से जो व्यक्ति ग्राम से बाहर रहते है। उनके मूल निवास जारी कराए जा रहे है। उन्होने उक्त प्रकरण में गंभीरता से जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### राशन डीलर की शिकायत पर एसडीएम का सख्त निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के मोहल्ला माजरा में बुधवार को एसआईआर फॉर्म की जांच के लिए पहुंची एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को बीएलओ ममता खोखर ने शिकायत दर्ज कराई। बीएलओ ने बताया कि कस्बे के राशन डीलर द्वारा एसआईआर कार्य में सहयोग नहीं किया जा रहा है और वह केवल फोटो खिंचवाकर चले जाते हैं, जिससे कार्य की गति प्रभावित हो रही है। शिकायत पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्ति निरीक्षक संदीप कुमार को चेतावनी दी। उन्होंने निर्देश दिए कि जो भी कर्मचारी या डीलर एसआईआर फॉर्म कार्य में ढिलाई बरत रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और हर हाल में एसआईआर फॉर्म का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। एसडीएम की सख्ती के बाद कस्बे के एक राशन डीलर को फार्म भरने में लगाया गया है। एसडीएम ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि प्रत्एक वार्ड में एसआईआर कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो सके।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसम्बर को

**शामली।** जनपद में दिनांक 13.12.2025 (दिन शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने समस्त पीठासीन अधिकारी, समस्त विभागाध्यक्ष, जनपद शामली को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए अपने-अपने न्यायालयों/विभागों से सम्बन्धित अधिकाधिक उपयुक्त वादों Petty Offecne शमनीय वाद, दीवानी वाद, 138 एनआई एक्ट, आर्बोट्रेशन मामलों तथा सभी प्रकार का चालानी वाद, राजस्व वाद व बैंक सम्बन्धी आदि वादों का चिन्हांकन कराकर उक्त वादों का 13.12.2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित को अपने-अपने न्यायालयों विभागों में लम्बित वादों यथा- वरासत सम्बन्धीध्नामान्तरण आदि के वाद पर त्वरित कार्यवाही कर अधिक से अधिक वादों को नियत करते हुए समन नोटिस भेजकर तामीला कराना सुनिश्चित करें।

# भाकियू सेवक अ. पदाधिकारियों ने उठाई सर्विस रोड बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर बनने के बाद क्षेत्र की ग्रामीण कनेक्टिविटी पर पड़े असर को लेकर भारतीय किसान यूनियन सेवक अ. सक्रिय हो गई है। बुधवार को यूनियन पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी शामली के नाम एस डी एम अर्चना शर्मा को ज्ञापन सौंपकर गोगवान जलालपुर. ख्यावड़ी कट मार्ग पर भैंसानी इस्लामपुर होते हुए सर्विस रोड बनाए जाने की मांग की। भारतीय किसान यूनियन सेवक अ. के युवा पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत राणा, मंडल अध्यक्ष डॉ. अजमल पुंडीर और ब्लॉक अध्यक्ष अरशद पुंडीर के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि कॉरिडोर निर्माण के बाद भैंसानी इस्लामपुर का पारंपरिक मार्ग लगभग निष्क्रिय हो गया है। इससे गांवों के बीच का आवागमन बाधित होने के साथ-साथ किसानों की खेती तक पहुंच भी प्रभावित हुई है।



प्रशांत राणा और अजमल पुंडीर ने बताया कि वर्तमान अंडरपास की ऊंचाई इतनी कम है कि भारी कृषि वाहन, गन्ना लदी ट्रॉलियां या भूसा. पुराली ले जाने वाले ट्राले इससे पार नहीं निकल पाते।कई बार ट्रालियां फंस जाने से जाम की स्थिति बन जाती है और वाहनों को नुकसान का खतरा भी बढ़ जाता है। किसानों ने कहा कि खेतों तक चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा है, जिससे डीजल की खपत बढ़ी है, समय बर्बाद हो रहा है और कृषि कार्यों में देरी हो रही है।पश्चिम उत्तर प्रदेश के युवा अध्यक्ष प्रशांत राणा ने कहा कि कॉरिडोर के किनारे बसे ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सर्विस रोड बनवाना अत्यंत आवश्यक है। इससे स्थानीय किसानों, मजदूरों और आम जनमानस को सीधी राहत मिलेगी। इस अवसर पर पश्चिम उत्तर प्रदेश युवा अध्यक्ष प्रशांत राणा, मंडल अध्यक्ष सहारनपुर अजमल पुंडीर, अनीस राणा मिडिया जिला प्रभारी, सद्दाम राणा युवा तहसील अध्यक्ष, अरशद राणा युवा ब्लाक अध्यक्ष, नफीस राणा ग्राम अध्यक्ष भैसानी, राकिब प्रधान, भूरा राणा, अकमल प्रधान, डाव आसिफ, अदनान मुखिया, आजाद राणा, उस्मान राणा, तंजीम राणा, भूरा राव, मसरूर राणा, राव मुबाशिर, वंस राणा, सागर राणा, सुनील काली, उज्जवल कश्यप सहित यूनियन पदाधिकारी शामिल रहे।

### हफ्तेभर में दूसरी बड़ी वारदात रू चोरों ने 11 हजारी लाइन का तार उड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों ने बिजली विभाग को एक बार फिर निशाना बनाया। चोरों ने गांव तीसंग के निकट 11 हजारी लाइन के लगभग 1400 मीटर तार पर हाथ साफ कर दिया। बिजलीघर मंसूरा के जेई ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि चोरों ने 11 हजारी लाइन के 28 खंभों से तार उतारकर चोरी किया है। जेई सुरजीत कुमार ने बताया कि जिन खंभों से तार चोरी किया गया, उन पर करंट छोड़ा हुआ था। इसके बावजूद चोरों ने करंट काटकर वारदात को अंजाम दिया, जिससे साफ है कि चोरी पूरी तैयारी से की गई। बता दें कि करीब एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी बार है जब इसी क्षेत्र में तार चोरी की घटना सामने आई है। लगातार हो रही इन वारदातों से विद्युत विभाग के साथ क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में भी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि लाइन सुधार कार्य के दौरान उन्हें घंटों तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर मारपीट का आरोप, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** क्षेत्र के गांव जसाना उर्फ मस्तगढ़ निवासी दीपक कुमार पुत्र कर्म सिंह ने थानाभवन थाने में तहरीर दी कि गांव के ही ओमप्रकाश आदि के साथ पीड़ित का जमीनी विवाद चल रहा है। आरोप है कि 27 मई को समय करीब 08 बजे सुबह पीड़ित अपने खेत पर पानी चला रहा था तभी आरोपी ओमप्रकाश, राजपाल, चुन्नीलाल पुत्रगण श्यामसिंह नरेन्द्र पुत्र अतर सिंह,अंकुश पुत्र नरेन्द्र खेत पर आए और पीड़ित के साथ गाली-गलौच व हाथापाई शुरू कर दी ।

पीड़ित ने बामुश्किल अपनी जान बचाकर भागकर अपने घर आ गया। आरोप है कि उसी दिन समय करीब 09 बजे पीड़ित अपनी मां रोशनी उम्र लगभग 72 वर्ष व पत्नी व बच्चों के साथ बैठा था तभी सभी लोगों के साथ आरोपी कमलेश पत्नी नरेन्द्र, बबली पत्नी चुन्नीलाल, मोनिका पुत्री राजपाल, शालू पुत्री ओमप्रकाश, अरुण पुत्र चुन्नीलाल पीड़ित के घर में घुस आए। अपने हाथो में लिए सरिए व लाठी-डंडो से मारपीट करने लगे। जिसमें दीपक व उसकी मां, पत्नी व बच्चे शिवम घायल हो गए। मामले को लेकर पीड़ित ने थाना भवन थाने में तहरीर दी परंतु कोई कार्रवाई न हो तो देख पीड़ित ने न्यायालय मैं न्याय की गुहार लगाई न्यायालय के आदेश पर थाना भवन थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## संविधान दिवस पर नगर पंचायत कार्यालय में दिलाई गई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार को संविधान दिवस पर अधिशासी अधिकारी जित. ेंद्र राणा ने जन प्रतिनिधियों और कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा, लोकतांत्रिक मूल्यों व देशभक्ति की शपथ दिलाई।

नगर पंचायत कार्यालय प्रांगण में बुधवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने किया, जिन्होंने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराते हुए सभी को भारतीय संविधान की सर्वोच्चता, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गणराज्य, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर कार्य करने हेतु शपथ दिलाई। अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने कहा कि संविधान दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि देश के प्रति जिम्मेदारी और कर्तव्य की याद दिलाने का अवसर है। उन्होंने नागरिकों को भी संवैधानिक अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में सभासद नीरज गोयल, अनिल कुमार, कन्हैया सैनी, महावीर पाल सहित नगर पंचायत कर्मचारीकृलेखा लिपिक संजय कुमार, मनीष शर्मा, विनीत कुमार, वासिक अहमद, शुभम, जफर, जेदी आदि मौजूद रहे। सभी ने संविधान के पालन, राष्ट्रीय एकता और देश की अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।



# मकान में लगी आग, हजारों का सामान खाक, एक बकरी झुलसी

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में उस समय हड़कंप मच गया जब देर रात मोहल्ला निवासी राशिद के मकान के एक कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग भड़क उठी। आग की तेज लपटों ने देखते ही देखते कमरे में रखा सारा घरेलू सामान अपनी चपेट में ले लिया और सब कुछ जलकर राख हो गया।

पीड़ित राशिद ने बताया कि घटना के समय वह मकान के दूसरे कमरे में सो रहा था। अचानक शोर-गुल होने पर उसकी आंख खुली और उसने देखा कि घर के अंदर से धुआं और आग की लपटें उठ रही हैं। इसी बीच मोहल्लेवासी भी शोर सुनकर घर की ओर दौड़ पड़े और आग बुझाने में जुट गए। घटना में मकान स्वामी की एक बकरी भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे स्थानीय लोगों ने किसी तरह बाहर निकाला।मोहल्ले के लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर और अन्य स्थानीय साधनों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग लगने से पीडित के अनूसार उसका हजारों रूपए का घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया है।सूचना पर पुलिस पहुंची तथा पूरे प्रकरण की जानकारी ली।

फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है, हालांकि पड़ोसी और परिजन इसे संदिग्ध मान रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



### बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव कादरगढ़ निवासी अमित शर्मा पुत्र सुकेश जयवल ने थाना भवन थाने में तहरीर दी कि मंगलवार की देर शाम पीड़ित की रॉयल एनफील्ड बुलेट बाइक उसके घर के बाहर खड़ी थी कि अज्ञात चोरों ने बाइक चोरी कर ली। कुछ देर बाद जब पीड़ित ने घर के बाहर आकर देखा तो बाइक गया मिली। पीड़ित ने बाइक तलाश करने का बहुत प्रयास किया परंतु कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर चोरी गई बाइक दिलाने की मांग की है। विदित रहे कुछ दिनों से लगातार बाइक चोरी की घटनाओं में इजाफा हो गया है। प्रतीत हो रहा है कि क्षेत्र में बाइक चोरों की सक्रियता बढ़ गई है। जिसके चलते लगातार बाइक चोरी की घटनाएं हो रही है। गत दो दिन पूर्व ही एक बाइक चोरी की घटना प्रकाश में आई थी।

## साइबर क्राइम व सड़क सुरक्षा की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना पुलिस ने गांव सोंटा रसूलपुर में एक विद्यालय में पहुंचकर छात्राओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूक किया। थाना भवन थाना पुलिस ने गांव सोंटा रसूलपुर में स्थित विद्यालय में बालि. काओं को मिशन शक्ति के के अंतर्गत जागरूक किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक के आद. ेश, क्षेत्राधिकारी के निर्देशन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम में शामिल उपनिरीक्षक लोकेश कुमार, महिला पुलिसकर्मी रविता चौधरी ने थाना भवन क्षेत्र के गांव सोनटर रसूलपुर में स्थित खुर्शीद मेमोरियल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर छात्राओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।टीम द्वारा हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए तथा उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, साइबर क्राइम या उत्पीड़न की स्थिति में महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या निकटतम थाने से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं।इस मौके पर टीम ने कहा कि पुलिस विभाग हर समय महिलाओं की सुरक्षा व सहायता के लिए तत्पर है और मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, आत्मविश्वासी और सुरक्षित बनाना है।

# द. अफ्रीका का क्लीन स्वीप, भारत में 25 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज

## दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन भारतीय टीम को दूसरी पारी में 63.5 ओवर में 140 रन पर ढेर कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की

**गुवाहाटी, वार्ता।** साइमन हार्मर (छह विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बुधवार को भारतीय टीम को दूसरी पारी में 63-5 आवर में 140 रन पर ढ़ेर कर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दो मैचों की सीरीज भी 2-0 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने 25 सालों के बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीती है।

रनों के लिहजा से भारत की यह सबसे बड़ी हार है। मार्को यानसन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा सीरीज में कुल 17 विकेट लेने वाले साइमन हार्मर को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। चायकाल के बाद भारत का छठा विकेट साई सुदर्शन के रूप में गिरा। उन्होंने 139 गेंदों में एक चौके की मदद से 14 रन बनाए। वॉशिगटन सुदंर 44 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुए। 62वां ओवर कर रहे केशव महाराज की पहली गेंद पर छक्का लगाकर रवींद्र जडेजा ने अपना अर्धशतक पूरा किया। अगले ही ओवर में हार्मर, नीतीश कुमार रेड्डी को बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटा दिया। इसी के साथ छठी सफलता हार्मर के नाम रहीं। 64वें ओवर की पहली गेंद पर केशव महाराज ने रवींद्र जडेजा को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। रवींद्र जडेजा ने 87 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 54 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर महाराज ने को आउटकर 140 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। पहले टेस्ट में टेम्बा बवुमा ने अर्द्धशतकीय पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई तो वहीं गुवाहाटी टेस्ट में पारी लड़खड़ाने के बाद मुथुसामी और यानसन ने दक्षिण अफ्रीका को एक बड़े स्कोर पर पहुंचा और दोनों ही मैचों में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजो विशेषकर यानसन और हार्मर ने भारतीय बल्लेबाजों की नाक में दम कर रख दिया और एक ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत हासिल कर ली। 13 महीने के अंदर घर पर भारत को दूसरी बार किसी टीम ने टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले अक्तूबर-नवम्बर 2024 में न्यूजीलैंड ने भारत को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराया था।

हार्मर ने भारत में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे अधिक टेस्ट विकेट लिए हैं, उन्होंने डेल स्टेन को पीछे छोड़ दिया है । बिना कोई टेस्ट हारे कप्तान के तौर पर सबसे अधिक टेस्ट जीत - बावुमा 12 मैचों में 11 जीत के साथ सबसे आगे हैं, वह माइक ब्लेयरली के साथ थे जिन्होंने इससे पहले 15 में से 10 जीत हासिल की थीं। द- अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम पहली पारी 201 रन पर सिमट गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को फॉलोऑन नहीं खिलाते हुए दूसरी पारी में पांच विकेट पर 260 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। इसी के साथ उसने पहली पारी के आधार पर मिली 288 रन की बढ़त मिली और उसने भारत के सामने 549 रन का लक्ष्य रखा था। दक्षिण अफ्रीका के लिए साइमन हार्मर ने 23 ओवर में 37 रन देकर छह विकेट लिए। केशव महाराज को दो विकेट मिले। सेनुरन मुतुसामी और मार्को यानसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले हार्मर की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत का चायकाल के समय तक 90 के स्कोर पर पांच विकेट कर दिया था। भारत ने आज सुबह कल के 27 रन पर दो विकेट से आगे खेलना शुरु किया। पहले सत्र की शुरुआत में 24वें ओवर में साइमन हार्मर ने कुलदीप यादव (पांच) को बोल्ड कर भारत को तीसरा झटका दिया। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने ध्रुव जुरेल (दो) को एडन मारक्रम के हाथों कैच आउट भारत के मैच ड्रा कराने की उम्मीदों को करारा झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान ऋषभ पंत ने साई सुदर्शन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया और इसी दौरान एक चौका और एक छ्क्का लगाते हुए तेज शुरुआत का संकेत भी दिया। 32वें ओवर की दूसरी गेंद पर हार्मर ने पंत को मारक्रम के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पांचवां झटका दिया। पंत ने 16 गेंदों मे 13 रन बनाए। कुछ देर पिच पर जमने के बाद रवींद्र जडेजा ने भी हाथ खोला और 43वां शुरु कर रहे केशव महाराज की पहली ही गेंद छक्का जड़ा दिया। भारत ने चायकाल तक पांच



विकेट पर 90 रन बनाए और साई सुदर्शन 138 गेंदों में (14) तथा रवींद्र जडेजा 40 गेंदों में (30) मैच बचाने के लिए संघर्ष करते दिखे। प्लेयर ऑफ द सीरीज साइमन हार्मर ने कहा कि जैसा कि मैंने पिछले टेस्ट मैच के बाद कहा था कि मैं काफी लंबी यात्रा कर यहां पहुंचा हूं। भारत जैसी टीम के खिलाफ प्रदर्शन कर अच्छा कर रहा है। टीम के लिए योगदान देकर खुश हूं। स्लिप में मारक्रम ने कुछ अच्छे कैच पकड़े और यानसन ने भी अच्छे कैच पकड़े, यह पूर्ण रूप से एक टीम एफर्ट था।

---

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### खिलाड़ी और टीम के तौर पर हम बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाए: ऋषभ पंत

**गुवाहाटी, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली 408 रनों मिली हार पर कहा कि एक खिलाड़ी और टीम के तौर पर हम बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू जमी पर टेस्ट सीरीज हारने के बाद भारतीय कप्तान पंत ने कहा कि यह निराशाजनक है लेकिन एक टीम के तौर पर हमें बेहतर रहना होगा। विपक्षी टीम को भी श्रेय जाता है जिस तरह से उन्होंने इतनी अच्छी क्रिकेट खेली। दक्षिण अफ्रीका की टीम निश्चित तौर पर हावी रही लेकिन घर पर खेलते हुए भी आप विपक्षी टीम को हल्के में नहीं ले सकते। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेली, आप क्रिकेट में किसी को भी हल्के में नहीं ले सकते मुकाबले में कुछ वैसे पल होते हैं जहां आपको एक खिलाड़ी और टीम के तौर पर मौकों को भुनाना होता है लेकिन हम इसमें बेहतर नहीं कर पाए।

### गुजरात ने सर्विसेज को हराया

**हैदराबाद, वार्ता।** कप्तान उर्विल पटेल (नाबाद 119) रनों आतिशी बल्लेबाजी के दम पर गुजरात ने बुधवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सर्विसेज को 45 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए आर्य देसाई और कप्तान उर्विल पटेल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 174 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम के जीत की मजबूत नींव रखी। 12वें ओवर की चौथी गेंद पर मोहित राठी ने आर्य देसाई को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। आर्य देसाई ने 35 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लागते हुए 60 रनों की पारी खेली। राठी ने इसी ओवर 5वींगेंद पर रिपल (शून्य) को आउटकर गुजरात को दूसरा झटका दिया।

---

## मारक्रम एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच लेने वाले पहले द. अफ्रीकी खिलाड़ी बने




**● ऐडन मारक्रम ने बरसा पारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी में 5 कैच पकड़े**

**गुवाहाटी, वार्ता।** एडन मारक्रम ने बुधवार को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में क्षेत्ररक्षक के तौर पर एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक नौ कैच लेने का कारनाम किया है, वह ऐसा करने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले खिलाड़ी है। इसके साथ ही उन्होंने अजिक्या रहाणे के विश्व रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने आज यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान पांच कैच पकड़े। इसके बाद दूसरी पारी में उन्होंने चार कैच लेते हुए अपने कैच की संख्या 9 कर ली। मार्करम से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच लेने का रिकॉर्ड बर्ट वोग्लर के नाम था। जनवरी 1910 में डरबन में इंग्लैंड के खिलाफ वोग्लर ने छह कैच लिए थे। उनके छह कैच की बराबरी ब्रूस मिशेल ने 1931 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, जैक्स कैलिस ने जनवरी 2012 में श्रीलंका के खिलाफ, ग्रीम स्मिथ ने नवम्बर-दिसम्बर 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूएसीए (पर्थ) में और डेविड बेडिघम ने जनवरी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ की थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने देश के पांच दिग्गजों को पछाड़ दिया है। टेस्ट सीरीज में भारत का सुपड़ा साफ करने के बाद मारक्रम ने कहा कि यह बहुत अच्छा लग रहा है। सच कहूं तो सभी ने बहुत अच्छा प्रयास किया। भारत आकर जीतना कोई आसान काम नहीं था। मुझे लगता है कि रास्ते में कुछ अच्छे पलों के लिए अच्छी किस्मत की जरूरत थी। अब हम यहां हैं, टीम पर बहुत गर्व है। इसमें से बहुत कुछ कंडीशन के बारे में पहले से बनी सोच का नतीजा नहीं था। स्पिन और नई बॉल के साथ क्वालिटी सीमर के बारे में बहुत सारी बातें हुईं। आप अपनी पहली गेंद का सामना करने से पहले अपने मन में कोई डर नहीं रखना चाहते। मुझे यह नहीं पता था (रिकॉर्ड संख्या में कैच)। उन्होंने कहा कि अगर सही जगह गेंद डाले तो गेंदबाज को क्रेडिट जाता है और आप उन्हें पकड़ने और उन्हें खुश करने का प्रयास करते हैं। गेंद को अलग-अलग तरीकों से स्पिन करने से ऐसे कंडीशन में मदद मिलती है।

## यह जीत एक टीम के तौर पर बड़ी उपलब्धि है: बवुमा




**● हमारे माइंडसेट में बड़ा बदलाव आया है तो हमारी तैयारी भी अच्छी है, खिलाड़ियों को पता है कि उनकी भूमिका क्या है और हर कोई टीम के लिए योगदान देने के लिए तत्पर रहता है**

**गुवाहाटी, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका टीम के कप्तान टेम्बा बवुमा ने बुधवार को भारत पर मिली 408 रनों की ऐतिहासिक जीत को बड़ी उपलब्धित करार दिया है। मैच के जीतने के बाद बवुमा ने कहा, यह एक बड़ी जीत है, खासतौर पर ऐसी स्थिति में जब मैं पिछले कुछ महीनों से खेल से बाहर थे। भारत में मिली यह जीत खास है। एक टीम के तौर पर हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हमारे माइंडसेट में बड़ा बदलाव आया है और हमारी तैयारी भी अच्छी है। खिलाड़ियों को पता है कि उनकी भूमिका क्या है और हर कोई टीम के लिए योगदान देने के लिए तत्पर रहता है। एक टीम के तौर पर हम बेहतर स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि एक कप्तान के तौर पर किसी गेंदबाज के हाथ से गेंद लेकर किसी और को देना कठिन होता है क्योंकि इस टीम में हर कोई अपना योगदान देना चाहता है। साइमन के पास 2015 में भारत में खेलने का अनुभव था और वह केशव का बढ़िया साथ दे रहे हैं।

---

## हार की जिम्मेदारी सभी को लेनी चाहिए: गंभीर



**● मैंने कभी किसी एक इंसान को दोष नहीं दिया और आगे भी ऐसा नहीं करूंगा**

**गुवाहाटी, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से सीरीज हार के बाद आलोचनाओं के बीच कहा कि इस हार की जिम्मेदारी सभी को लेनी चाहिए। आज यहां दूसरे टेस्ट में भारत की 408 रन से हार के बाद उनके भविष्य को लेकर गंभीर ने कहा कि यह बीसीसीआई को तय करना है। मैंने पहले भी यह कहा है, भारतीय क्रिकेट जरूरी है, मैं जरूरी नहीं हूं। मैं वही आदमी हूं जिसने इंग्लैंड में नतीजे हासिल किए, चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीता। यह एक ऐसी टीम है जो सीख रही है।

हार को सबकी कमियों बताते हुए गंभीर ने कहा कि तीसरे दिन भारत का 95/1 से 122/7 पर आना और मजबूत एग्जिक्यूशन की जरूरत को दिखाता है। उन्होंने कहा कि गलती सबकी है, सबसे पहले मैं। 95/1 से 122/7 तक जाना मंजूर नहीं है। आप किसी एक इंसान या किसी खास शॉट को दोष नहीं दे सकते। गलती सबकी है। मैंने कभी किसी एक इंसान को दोष नहीं दिया और आगे भी ऐसा नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए आपको सबसे तेज-तर्रार और टैलेंटेड क्रिकेटरों की आवश्यकता नहीं है। हमें कम स्किल वाले मजबूत लोगों की जरूरत है। वे अच्छे टेस्ट क्रिकेटर बनते हैं। उन्होंने पूरे देश में रेड-बॉल क्रिकेट को प्राथमिकता देने में बदलाव लाने की अपील करते हुए कहा कि अगर आप सच में टेस्ट क्रिकेट को लेकर सीरियस हैं, तो टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देना शुरू करें। सबके प्रयास की जरूरत है। आप केवल खिलाड़ियों या किसी खास इंसान को दोष नहीं दे सकते। वहीं भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच श्रीकांत ने गंभीर पर बहुत अधिक प्रयोग करने का आरोप लगाया और कहा कि चयन में लगातार बदलाव से टीम की स्टेबिलिटी खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि गंभीर भले ही बदलावों को 'ट्रायल एंड एरर' कहें, लेकिन उनका अपना अनुभव बताता है कि कंसिस्टेंसी से कोई समझौता नहीं किया जा सकता, खासकर उस टीम में जो अब अपने पिछले 18 टेस्ट में से नौ हार चुकी है, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैच में क्लीन स्वीप भी शामिल है। श्रीकांत ने ऑलराउंडर्स की ओर बढ़ते झुकाव की आलोचना की। हर्षित राणा और नीतीश रेड्डी के पर्दापण और सरफराज खान, साई सुदर्शन और कुलदीप यादव के लिए कम मौकों का हवाला दिया। उन्होंने कोलकाता में वाशिगटन सुंदर के नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने और फिर नीचे भेजे जाने जैसे पोजिशनल बदलावों पर भी सवाल उठाए। श्रीकांत नीतीश रेड्डी के सिलेक्शन को लेकर खास तौर पर नाराज थे, उन्होंने एक ऑल-राउंडर के तौर पर उनकी काबिलियत पर सवाल उठाया और पूछा कि उन्हें हार्दिक पांड्या की जगह कैसे लिया जा सकता है।

## भारोत्तोलन में गोलोम ने स्वर्ण व रिकी ने जीता रजत पदक

**● महिलाओं की 48 किग्रा. वर्ग में रिकी नायक ने रजत पदक अपने नाम किया**

**राजस्थान, वार्ता।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में अरुणाचल प्रदेश के 19 वर्षीय गोलोम टिकू ने पुरुषों के 60 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रिकी नायक का रजत पदक अपने नाम किया। वली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) का प्रतिनिधित्व करते हुए गोलोम टिकू ने मंगलवार को कुल 256 किग्रा (स्नैच 112 किग्रा( क्लीन एंड जर्क 144 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने नजदीकी प्रतिद्वंद्वी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के खुम्भेस्वर मलिक (223 किग्रा) से 33 किग्रा अधिक वजन उठाया जबकि सीटी यूनिवर्सिटी के सचिन कुल 214 किग्रा वजन के साथ कांस्य पदक ही हासिल कर सके। 19 वर्ष की उम्र में ही उन्हें भारी मुश्किलों से गुजरना पड़ा। 2016 में अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले के अपने गोडक गांव में एक हादसे में उनके पिता का निधन हो गया था। उसी दौरान उन्होंने वेटलिफ्टिंग की बुनियादी ट्रेनिग शुरू ही की थी। पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर के गोलोम अपने बड़े भाई और बहन से प्रेरित थे। उन्होंने तीन साल तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के नाहरलागुन कैंपस में प्रशिक्षण लिया और फिर सेकंद. राबाद के एओसी सेंटर में शिफ्ट हो गए। स्वर्ण जीतने के बाद गोलोम ने साई मीडिया से कहा कि मेरी बहन वहां कराटे करती थी और बड़ा भाई बैडमिटन खेलता था। मैं सिर्फ उन्हें देखने जाता था। एक दिन एक कोच ने मुझसे पूछा-क्या तुम वेटलिफ्टिग करना चाहोगे बस यहीं से मेरी यात्रा शुरू हुई। अब तक गोलोम एशियाई चैम्पियनशिप में तीन पदक (एक रजत, दो कांस्य) जीत चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिग चैम्पियनशिप 2023 में कुल 230 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक भी जीता। इस समय गोलोम पुणे के आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनका मानना है कि खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में भाग लेना आगामी सीनियर नेशनल्स से पहले उनके लक्ष्यों में शामिल एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि थी।

---

## फीबा विश्व कप 2027 क्वालिफायर में भारतीय टीम का पहला मुकाबला सऊदी अरब से

**● क्वालिफीकेशन का यह चरण फीबा बास्केट विश्व कप 2027 के लिए 32 में से 31 जगहों का फैसला करेगा**

**सऊदी अरब, वार्ता।** भारतीय बास्केटबॉल टीम गुरुवार से शुरू हो रहे फीबा विश्व कप 2027 क्वालिफायर के शुरुआत चरण में सऊदी अरब से दो बार भिड़ेगी। भारतीय टीम का पहला मैच रियाद में और फिर रविवार को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में दूसरा मैच खेला जाएगा। क्वालिफिकेशन का यह चरण फीबा बास्केटबॉल विश्व. कप 2027 के लिए 32 में से 31 जगहों का फैसला करेगा। कतर को टूर्नामेंट में मेजबान देश के रूप में पहले ही प्रवेश मिल चुका है। अफ्रीका, एशिया और ओशिनिया, यूरोप और अमेरिका की कुल 80 टीमें क्वालिफाइंग चरण में मुकाबला कर रही हैं। भारत उन 16 टीमों में से एक है जो फीबा एशिया और ओशिनिया क्वालिफायर में हिस्सा ले रही हैं। भारतीय टीम को लेबनान, सऊदी अरब और कतर के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। वहीं ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, गुआम है। ग्रुप बी में जापान, चीन, दक्षिण कोरिया, चाइनीज ताइपे तथा ग्रुप सी में ईरान, जॉर्डन, सीरिया, इराक। वर्ल्ड नंबर 30 लेबनान इंडिया के ग्रुप में सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है। सऊदी अरब और कतर क्रमशः 64वें और 83वें रैंक पर हैं, जबकि इंडिया वर्ल्ड नंबर 76 पर है। सभी टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में अपने-अपने ग्रुप की दूसरी टीमों से दो बार भिड़ेंगी, जिसमें शीर्ष तीन टीमें दूसरे राउंड में पहुंचेंगी। दूसरा राउंड, जो क्वालिफिकेशन चरण के आखिरी तीन विडो के साथ खत्म होगा। उसमें 12 टीमें होंगी जिन्हें छह-छह टीमों के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। हर दूसरे राउंड के ग्रुप में वे टीमें होंगी जो पहले राउंड के चार पूल से आगे बढ़ी हैं और पिछले सभी नतीजे आगे बढ़ाए जाएंगे। इसके बाद टीमें उन तीन दूसरी टीमों के खिलाफ होम-एंड-अवे मैच खेलेंगी जिनका उन्होंने अभी तक सामना नहीं किया है। हर दूसरे राउंड के ग्रुप की टॉप तीन टीमें और चौथे नंबर की सबसे अच्छी टीम मेजबान कतर के साथ फीबा विश्व कप 2027 के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करेंगी। भारत ने फीबा विश्वकप 2027 क्वालिफायर के शुरुआती चरण में सऊदी अरब के खिलाफ अपने पहले दो मैचों में मुकाबला करने के लिए 12 सदस्ईय बास्केटबॉल टीम इस प्रकार है:- इंडियन बास्केटबॉल टीम: सहायज प्रताप सिंह सेखों, हर्ष डागर, मुईन बेक हफीज, कंवर गुरबाज सिंह संधू, अरविद कुमार मुथुकृष्णन, साहिल, पलप्रीत सिंह बराड़, प्रत्यांशु तोमर, प्रणव प्रिंस,

### कोहली पहुंचे रांची एक झलक पाने को बेकरार दिखे फैंस

**रांची, वार्ता।** झारखंड की राजधानी रांची के जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम में 30 नवम्बर को होने वाले भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच को लेकर खेल प्रेमियों का यहां उत्साह चरम पर हैं। भारतीय टीम के खिलाड़ियों के रांची आने का सिलसिला जारी हैं। इसी बीच टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली आज सुबह रांची एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान को. हली के फैंस उनकी एक झलक पाने को बेकरार दिखे। बड़ी संख्या में एयरपोर्ट पर विराट को. हली को देखने के लिए भीड़ उमड़ी। सुरक्षा घेरा बेहद मजबूत था, इसलिए विराट को बिना रुके सीधे बाहर ले जाया गया और उन्हें होटल रेडिशन ब्लू पहुंचाया गया। इससे पहले मंगलवार देर शाम प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और तिलक वर्मा रांची पहुंच चुके थे। सभी

## टीम खिताब के बचाव की तैयारी कर रही है: सूर्य



**● मैं इस बार टीम का नेतृत्व करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह बहुत रोमांचक करने वाला है**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब का बचाव करने के लिए राष्ट्रीय टीम की अगुवाई को लेकर उत्साहित हैं। खास कार्यक्रम के दौरान सूर्यकुमार ने कहा कि मेरा मतलब है, उस टी-20 विश्वकप में जाना एक बड़ी चुनौती है। मैं इस बार टीम का नेतृत्व करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह बहुत रोमांचक होने वाला है। उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्वकप 2024 में भारत की जीत को याद करते हुए कहा कि मुझे उस ट्रॉफी को देखकर बहुत मोटिवेशन मिलता है। जब हम वेस्ट इंडीज (2024 इवेंट के को-होस्ट) पहुंचे और हर बार जब हमारा राष्ट्र गान बजाया जाता था तो हमारी नजर इस सिल्वरवेयर पर होती थी। हर बार। क्रिकेटर ने आगे कहा कि हमने सोचा है कि जैसे ही हम फाइनल आए, हमें यह ट्रॉफी जीतनी है। और इसे फिर से करीब से देखने के बाद, इससे मुझे बहुत मोटिवेशन मिलता है। वह भी भारत में खेलते हुए मुझे लगता है कि यह बहुत रोमांचक होने वाला है। उन्होंने कहा कि लड़के बहुत उत्साहित हैं। हर कोई टी-20 विश्व कप में जाने वाली इस टीम का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्सुक है। मैंने बहुत सारे अनुभव शेयर किए हैं। मैं 2023 में एक शानदार टीम का हिस्सा था, जब हमने भारत में एकदिवसीय विश्व कप खेला था। माहौल बिल्कुल अलग था। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे कहा है कि यह बिल्कुल अलग गेम है। हां, फैंस वैसे ही होंगे (टर्नआउट में), जैसा आप फ्रेंचाइजी क्रिकेट में देखते हैं, लेकिन जब भारत आता है, जब आप देश के लिए खेलते हैं।

### उत्तर प्रदेश ने गोवा को छह विकेट से हराया

**कोलकाता, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद आर्यन जुयाल (नाबाद 93) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर उत्तर प्रदेश ने बुधवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में गोवा को 10 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में कप्तान करण शर्मा (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए बल्लेबाजी करने आए प्रियम गर्ग ने आर्यन जुयान के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 71 रन जोड़े। छठें ओवर में दीपराज गांवकर ने प्रियम गर्ग 14 गेंदों में 28 रन को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। समीर रिजवी ने 26 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 38 रन बनाए। उन्हें 15वें ओवर में दीपराज गांवकर ने आउट किया। रिकू सिंह चार रन बनाकर आउट हुए।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 27 नवम्बर 2025

## उलझें नहीं

देश के नौ राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया जारी है। बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म वितरित कर रहे हैं, पर आधार कार्ड को लेकर मतदाताओं में भ्रम है, क्या केवल आधार कार्ड से ही मतदाता सूची में नाम शामिल करवाया जा सकता है चुनाव आयोग के अनुसार लगभग 99 फीसदी फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं और अब फॉम संग्रह करने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि एसआईआर फॉर्म भरने में बीएलओ मतदाताओं की मदद कर रहे हैं, लेकिन फिर भी फॉर्म भरने को लेकर मतदाताओं में कन्फ्यूजन है। यह सवाल किए जा रहे हैं कि क्या आधार कार्ड रहने से ही वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवाया जा सकता है या फिर अन्य डाक्यूमेंट्स की जरूरत पड़ेगी। चुनाव आयोग के निर्देश और भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, आधार कार्ड अकेले किसी को वोटर बनने के योग्य नहीं बनाता है, हालांकि एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आधार कार्ड का उपयोग अधिनियम के अनुरूप है। आधार अधिनियम के सेक्शन-9 में कहा गया है कि आधार कार्ड को डोमिसाइल या सिटीजनशिपका प्रमाण नहीं माना जा सकता है। हालांकि बीएलओ की ओर से मतदाताओं को जो गणना प्रपत्र दिए जा रहे हैं। उसमें नाम के बाद दूसरा कालम आधार कार्ड है और मतदाताओं को अपना आधार कार्ड नंबर लिखने के लिए कहा गया है, लेकिन इस एसआईआर की प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण पार्ट है। वह है कि यदि आप मतदाता हैं, तो अपना वर्तमान एपिक नंबर लिखें और 2002-2003 की एसआईआर के लिस्ट में आपका नाम है, तो उसका विवरण फॉर्म के निचले हिस्से में दाएं ओर लिखें और यदि आपका नाम नहीं है, तो अपने माता-पिता, दादा -दादी या फिर नाना-नानी जिनका भी 2002-2003 के वोटर लिस्ट में नाम है। उसे फॉर्म के नीचे बाईं ओर लिखें और उनका वोटर कार्ड नंबर, मतदान केंद्र का नाम, पार्ट नंबर और सीरियल नंबर आदि का उल्लेख करें। यदि 2002 या 2003 के वोटर लिस्ट नाम नहीं तो भी आप फॉर्म भरें और उसे बीएलओ को जमा दें। उसके बाद आपको नोटिस जारी किया जाएगा और फिर डोक्यूमेंट का सत्यापन किया जाएगा, लेकिन आधार कार्ड को लेकर चुनाव आयोग का साफ निर्देश है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में वोटर लिस्ट में केवल आधार के आधार पर किसी व्यक्ति का नाम शामिल नहीं किया जाएगा। चुनाव आयोग ने मान्य 13 दस्तावेजों की लिस्ट जारी की है। यदि 2002 और 2003 के वोटर लिस्ट में नाम नहीं है, तो सुनवाई के दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के लिए ये दस्तावेज साक्ष्य के रूप में पेश किया जा सकता है। ऐसे सभी वोटर जिनके नाम साल 2003 के वोटर लिस्ट से मिलान या लिंक हैं। उन्हें संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ की तरफ से सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। सुनवाई के दौरान उस शख्स को इन 12 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज पेश करना होगा और उनका सत्यापन किया जाएगा। दस्तावेजों की लिस्ट किसी भी सेंट्रल गवर्नमेंट/स्टेट गवर्नमेंट/पीएसयू के रेगुलर एम्प्लाई/ पेंशनर को जारी किया गया कोई भी आइडेंटिटी कार्ड, पेंशन पेमेंट ऑर्डर। इंडियन गवर्नमेंट/बैंक/लोकल अथारिटी/पीसीयू द्वारा जारी किया गया कोई भी आइडेंटिटी कार्ड/ सर्टिफिकेट/ डाक्यूमेंट्स। काम्पिटेंट अथारिटी द्वारा जारी किया गया बर्थ सर्टिफिकेट। पासपोर्ट। रिकाग्नाइज्ड बोर्ड/ यूनिवर्सिटी द्वारा जारी किया गया मैट्रिकुलेशन/एजुकेशनल सर्टिफिकेट। स्टेट अथारिटी द्वारा जारी किया गया परमानेंट रेजिडेंट सर्टिफिकेट। फारेस्ट राइट्स सर्टिफिकेट। ओबीसी/ एसटी/एससी या कोई भी कास्ट सर्टिफिकेट।

## संविधान के खिलाफ था संघ



आरएसएस ने संविधान को पाश्चात्य मूल्यों को आधारित बताया था और संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर का पुतला फूंका था, भारत रत्न डा. अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरु और डा. राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा के साथ मिलकर संविधान का ही नहीं, एक ऐसे भारत का निर्माण किया, जहां लोकतंत्र सर्वोपरि है, भारत न्याय, समानता, आजादी, परस्पर भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद भारत की पहचान बन गया था, लेकिन आज ये पहचान खतरे में है, जब संविधान लागू हुआ था, तब आरएसएस जैसे संगठन खुले तौर पर कहते थे कि संविधान पाश्चात्य मूल्यों पर आधारित है और उनका आदर्श तो मनुस्मृति है, इतिहास गवाह है कि आरएसएस संविधान के खिलाफ था।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# बाल उत्पीड़नः समस्या कितनी गहरी है





रजनीश कपूर

**जांच एजेंसियों की संवेदनशीलता की कमी, पीड़ित के बार-बार बयान होना, ट्रायल में देरी और गवाहों पर सामाजिक-आर्थिक दबाव के कारण बहुत से मामले या तो दर्ज नहीं हो पाते या अदालत तक पहुंचते-पहुंचते कमजोर हो जाते हैं। कई बार स्थानीय पुलिस या बाल अधिकार आयोगों तक गई शिकायतों पर भी महीनों कार्रवाई नहीं होती, जैसा हाल में कुछ बड़े धार्मिक संस्थानों से जुड़े मामलों में याचिकाकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष भी उठाया।**

कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने बाल यौन शोषण पर दायर एक याचिका सुनते हुए कड़ी टिप्पणी की और संबंधित कानूनी एजेंसियों को इन शिकायतों को गंभीरता से लेने के लिए कहा। भारत में आध्यात्मिक, धार्मिक. शैक्षणिक संस्थानों में हो रहे बाल उत्पीड़न का प्रश्न सिर्फ अपराध का नहीं, बल्कि सत्ता, आस्था और चुप्पी के गठजोड़ का सवाल है। यह समस्या अपवाद नहीं, एक संरचनागत विकृति बन चुकी है, जिस पर त्वरित और कड़े हस्तक्षेप की जरूरत है।

राष्ट्रीय स्तर पर हुए अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में बच्चों के बड़े हिस्से ने किसी न किसी रूप में यौन शोषण का अनुभव किया है। कई अध्ययनों में यह अनुपात 40.50 प्रतिशत तक बताया गया है। आध्यात्मिक आश्रमों, धार्मिक आवासीय विद्यालयों, मदरसों, कॉन्वेंट्स, हॉस्टलों और कोचिंग संस्थानों जैसे बंद व अनुशासित माहौल में, जहां गुरु-शिष्य या शिक्षक-छात्र संबंध में भारी शक्ति-असमानता होती है, वहां यह जोखिम और अधिक बढ़ जाता है।

इन संस्थानों में धर्म, राष्ट्रवाद या संस्कार की भाषा के सहारे एक ऐसी पवित्रता की छवि गढ़ी जाती है, जिसके कारण पीड़ित, परिवार और समाज शिकायत को पाप या अविश्वास मानकर दबा देते हैं। नतीजा यह कि जो अपराध सामान्य समाज में भी कम ही रिपोर्ट होते हैं, वे इन संस्थागत दीवारों के भीतर लगभग अदृश्य हो जाते हैं।

बड़ी संस्थाओं पर कार्रवाई न होने का पहला कारण है इन संगठनों की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक पकड़य बड़े आश्रमों, पंथों या प्रतिष्ठित स्कूलों के संचालक अक्सर राजनीतिक दलों, नौकरशाही और स्थानीय पुलिस से गहरे जुड़े होते हैं, जिससे शुरुआती शिकायत दर्ज कराना ही कठिन हो जाता है। कई मामलों में देखा गया है कि जब पीड़ित या सामाजिक संगठन शिकायत लेकर जाते हैं तो पुलिस पहले समझौता, प्रतिष्ठा और छवि का हवाला देकर मामला दबाने की कोशिश करती है।दूसरा कारण है हमारे समाज की अंध-श्रद्धा कई अनुयाई या अभिभावक खुद यह मानने को तैयार नहीं होते कि उनके पूजनीय गुरु, फादर, मौलवी या प्रिंसिपल ऐसा अपराध कर सकते हैं। कभी-कभी तो वे ही संस्थान के पक्ष में खड़े होकर पीड़ित को ही झूठा साबित करने लगते हैं। तीसरा, इन संस्थाओं का प्रशासन अक्सर यह तर्क देता है कि पूरा संगठन बदनाम न हो, सिर्फ व्यक्ति पर दिखावटी कार्रवाई ही हो। इसी सोच के चलते संस्थागत जवाबदेही, सिस्टम में सुधार और संरचनागत जांच टलती रहती है। यूं तो कागज पर भारत के पास कई मजबूत कानून हैं। बाल यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम POCSO Act 2012 हर तरह के यौन शोषण, उत्पीड़न और पोर्नोग्राफी को अपराध मानता है और 18 वर्ष से कम आयु के हर बच्चे को लैंगिक रूप से तटस्थ सुरक्षा देता है। यह कानून विश्वास की स्थिति में बैठे व्यक्ति जैसे शिक्षक, धार्मिक गुरु, वार्डन या डॉक्टर द्वारा किए गए अपराध को गंभीर श्रेणी में रखता है और सख्त सजा का प्रावधान करता है। फिर भी, दिक्कतें प्रक्रियागत हैं। जांच एजेंसियों की संवेदनशीलता की कमी, पीड़ित के बार-बार बयान होना, ट्रायल में देरी और गवाहों पर सामाजिक-आर्थिक दबाव के कारण बहुत से मामले या तो दर्ज नहीं हो पाते या अदालत तक पहुंचते-पहुंचते कमजोर हो जाते हैं। कई बार स्थानीय पुलिस या बाल अधिकार आयोगों तक गई शिकायतों पर भी महीनों कार्रवाई नहीं होती, जैसा हाल में कुछ बड़े धार्मिक संस्थानों से जुड़े मामलों में याचिकाकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष भी उठाया। ऐसे में पीड़ितों व उनके परिवार की सबसे पहली और कठिन जिम्मेदारी है चुप्पी तोड़नाय बच्चों को यह बताया जाना जरूरी है कि कोई भी गुरु, फादर, मौलवी, भाईया 'या दीदी यदि उनकी मर्यादा का उल्लंघन करे, शरीर को गलत तरीके से छुए, तो यह गलती नहीं, अपराध है। माता-पिता और अभिभावकों को बच्चों की बात को गंभीरता से सुनना, उनके व्यवहार में अचानक आए बदलाव (डर, चिड़चिड़ापन, किसी स्थान या व्यक्ति से घबराहट) को संकेत मानना चाहिए। उन्हें धार्मिक या संस्थागत प्रतिष्ठा से ऊपर अपने बच्चों की सुरक्षा को रखना चाहिए। घटना होने पर तुरंत स्थानीय पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाई को सूचना देना और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराने पर जोर देना आवश्यक है। क्योंकि कानून यह भी कहता है कि शिकायत मिलते ही बच्चे की सुरक्षा, चिकित्सा और पुनर्वास के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। साथ ही, बाल अधिकार आयोगों, विश्वसनीय बाल अधिकार संगठनों या कानूनी सहायता समूहों से संपर्क कर पीड़ित के लिए परामर्श, सुरक्षित ठिकाना और कानूनी सहयोग सुनिश्चित किया जा सकता है। अदालतें सिर्फ व्यक्तिगत मामलों में सजा देने तक सीमित न रहकर संस्थागत जवाबदे. ही तय कर सकती हैं। जैसे किसी बड़े आश्रम, कॉन्वेंट या स्कूल में दोहराए जा रहे आरोपों के मामले में स्वतरू संज्ञान लेकर स्वतंत्र जांच कमेटी, विशेष जांच दल या मॉनिटरिंग मेकनिज्म बनाने के निर्देश देना। न्यायालय समयबद्ध ट्रायल, पीड़ित गवाहों की सुरक्षा, मुआवजा और मनो. सामाजिक पुनर्वास को अनिवार्य करने वाले विस्तृत दिशानिर्देश जारी कर सकते हैं, ताकि हर निचली अदालत में एक समान मानक लागू हो।

साथ ही, सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालय सरकारों को बाध्य कर सकते हैं कि सभी धार्मिक आध्यात्मिक-शैक्षणिक संस्थानों के लिए बाल सुरक्षा नीति और आंतरिक शिकायत तंत्र कानूनी रूप से अनिवार्य हो, जिसकी नियमित ऑडिटिंग हो और उल्लंघन पर पंजीकरण रद्द करने तक की कार्यवाही हो सके। जब तक आस्था का आवरण, सत्ता का संरक्षण और समाज की चुप्पी मिलकर अपराधियों के लिए ढाल बने रहेंगे, तब तक कानून की धार भी कुंद रहेगी। यह लड़ाई सिर्फ अदालतों की नहीं, परिवार, मीडिया, नागरिक समाज और जिम्मेदार धार्मिक-शैक्षणिक नेतृत्व की है, जो बच्चों की गरिमा और सुरक्षा को किसी भी पवित्र संस्था से ऊपर रख सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धनिया भी देता है आपको सुंदर काया

**धनिया तथा लैमन ग्रास के पेस्ट से कील मुहांसों को रोकने में मदद मिलती है। एक चम्मच धनिया रश तथा एक चम्मच लेमन ग्रास को उबलते पानी में डालकर एक घण्टा तक रहने दें तथा इससे बने पेस्ट को कील, मुहांसों पर लगाकर आधा घण्टा बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। ताजा धनिया पत्तियों के जूस तथा नींबू जूस को मिलाकर कील-मुहांसों तथा ब्लैक हैडस पर लगाकर आधा घण्टा बाद साफ ताजे पानी से धो डालिए। धनिया का फेस पैक त्वचा में चमक तथा आभा बढ़ाता है। ताजा टमाटर, हरी धनिया की पत्तियां तथा गुलाब जल को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद ताजे साफ जल से धो डालिए।**



शहनाज हुसैन

रसोई घर में सब्जियों का जायका बढ़ाने के लिए सर्दियों में प्रयोग किए जा रहे धनिए को हाल ही के वर्षों में सौंदर्य जगत का नया राक्स्टार माना जाने लगा है। सौंदर्य जगत में आज कल कील मुहांसों, तैलीय तथा शुष्क त्वचा, काले धब्बों के इलाज के लिए धनिए को हर्बल सौंदर्य प्रसाधन के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। घरेलू व्यंजनों को सुगन्ध प्रदान करने वाली जादुई जड़ी बूटी धनिए के नियमित उपयोग से कोलेस्टरोल को कम करने, पाचन तंत्र को मजबूत करने, हीमोग्लोबिन को बढ़ाने तथा चर्म रोगों के उपचार में मदद मिलती है।

शरीर में पितवात को सन्तुलित एवं प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली धनिए की हरी पत्तियां शरीर में अम्ल को कम करके चेहरे के दाग, धब्बों को कम करके चेहरे की आभा को बढ़ाती है। धनिए की हरी पत्तियां चबाने से शरीर में एनिमिया को रोकने में मदद मिलती है जो कि शुष्क तथा निष्प्राण त्वचा का मुख्य कारण है ताजा धनिया में विटामिन-सी, वीटा कारोटीन, एण्टीऑक्सीडैंट के गुण विद्यमान होते हैं तथा इसकी सुगन्ध से मानसिक व शारीरिक ताजगी का अहसास होता है जिससे आपकी त्वचा मुलायम, कोमल तथा चमकदार बनती है। धनिया की पत्तियों का पेस्ट खोपड़ी पर लगाने से खुजली तथा खुशकी से निजात मिलती है। धनिया को पीस कर थोड़ा सा शहद मिलाकर बने पेस्ट को खोपड़ी पर लगाने से ताजगी तथा सफुर्ति का अहसास होता है।

धनिया तथा लैमन ग्रास के पेस्ट से कील मुहांसों को रोकने में मदद मिलती है। एक चम्मच धनिया रश तथा एक चम्मच लेमन ग्रास को उबलते पानी में डालकर एक घण्टा तक रहने दें तथा इससे बने पेस्ट को कील, मुहांसों पर लगाकर आधा घण्टा बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। ताजा धनिया पत्तियों के जूस तथा नींबू जूस को मिलाकर कील-मुहांसों तथा ब्लैक हैडस पर लगाकर आधा घण्टा बाद साफ ताजे पानी से धो डालिए। धनिया का फेस पैक त्वचा में चमक तथा आभा बढ़ाता है। ताजा टमाटर, हरी धनिया की पत्तियां तथा गुलाब जल को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद ताजे साफ जल से धो डालिए। गर्मियों में तापमान में वृद्धि तथा सूर्य की तेज किरणों से त्वचा में कालापन आ जाता है। आधा कप जई, एक चौथाई कप दही तथा एक चौथाई कप धनीया पत्तियों को काटकर मिक्सी में ब्लैंड कर लें तथा इस पेस्ट को चेहरे, गर्दन तथा आदि खुले भागों में लगाकर 20 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए तथा इससे गर्मियों में झुलसी त्वचा को शीतलता प्रदान होगी।

दो चम्मच धनिया पत्तियों का जूस तथा एक चम्मच नींबू जूस को मिलाकर रात को अपने होठों पर मालिश कर लें तथा इसे होठों पर रात भर रहने दें व सुबह ताजे पानी से धो डालें । इसे हफ्ते में दो बार प्रयोग करने से आपके होठ मुलायम तथा गुलाबी हो जाएंगे। गर्मियों में धूप से त्वचा अक्सर झुलस जाती हैं इसके उपचार के लिए एक चम्मच धनिया बीज पाउडर को एक कप सूर्यमुखी, बादाम या जैतून के तेल में एक हफ्ते तक इन्फ्यूज करके बने मिश्रण को सनबर्न से प्रभावित अंगों पर लगाने से शीतलता मिलती है।

धनिए की पत्तियों के जूस को ऐलोवेरा से मिश्रित कर बने मिश्रण को लगाने से चेहरे पर झुर्रियां रोकने में मदद मिलती है। धनिया की पत्तियों, चावल के आटे तथा दही के मिश्रण से बने फेस पैक के लगाने से चेहरे की मांसपेशियां तथा कोशिकाएं तरो ताजा हो जाती हैं तथा आप खिली-खिली महसूस करती हैं। ताजा हरी धनिया पत्तियों को ग्राइन्डर में डालकर पानी डालकर इसे ग्राइन्ड करके पेस्ट बना लें। अब इस मलमल को कपड़े या स्ट्रेनर की मदद से जूस अलग कर लें। थोड़े से जूस में चुटकी भर हल्दी मिलाकर बने पेस्ट को रात को सोते समय चेहरे पर लगाकर सुबह ताजे पानी से धोने से त्वचा में निखार आता है।

# तुम्हारा है, तो परिवारवाद, हमारा है, तो गुणवाद



निर्मल रानी

बात जब परिवारवाद की आती है तो सबसे पहला निशाना गांधी-नेहरू परिवार पर साधा जाता है। उसके बाद मुलायम सिंह यादव व लालू यादव जैसे नेताओं पर परिवारवादी राजनीति करने का आरोप लगाया जाता है। इन लोगों के श्परिवारवाद श का विरोध करने वाले विशेषकर भारतीय जनता पार्टी के नेता जनता को यह समझाने की कोशिश करते हैं कि इस परिवार के लोग लोकतंत्र विरोधी हैं और अपने परिवार के लोगों को राजनैतिक विरासत के रूप में जनता पर थोपने की कोशिश करते हैं। जबकि वास्तव में नेहरू घराने से लेकर मुलायम सिंह व यादव,लालू यादव जैसे नेताओं की भारतीय राजनीति में अहम भूमिका रही है। नि:संदेह नेहरू -इंदिरा -राजीव ने देश को विकास व आधुनिकता की राह पर लाने,देश को आत्मनिर्भर बनाने व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश को सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसी तरह लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव को भी भारतीय राजनी. ति में मुख्य रूप से मंडल राजनीति के दो सबसे बड़े चेहरे और उत्तर भारत में जातिगत गोलबंदी की राजनी. ति के जनक के रूप में याद किया जाता है। इन दोनों ही नेताओं ने 90 के दशक में ओ बी सी विशेषकर यादव-दलित-मुस्लिम गठजोड़ को इतनी शक्ति दी कि उत्तर प्रदेश और बिहार में लंबे समय तक कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा दोनों को सत्ता से बाहर रखा। आज भी इन्हें मंडल क्रांति के नायक, सामाजिक न्याय के प्रतीक तथा भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राष्ट्रीय दलों का विकल्प देने की क्षमता रखने वाले नेताओं के रूप में याद किया जाता है।

पूरे देश में नेहरू-इंदिरा परिवार ने और देश के दो सबसे बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश व बिहार में इन यादव घरानों ने धर्मनिरपेक्ष व समाजवादी राजनीति की जो अमिट छाप छोड़ी है उसी ने भाजपा को लंबे समय तक सत्ता से दूर रखा। अपनी इसी कसक को भाजपा नेता परिवारवाद के रूप में प्रचारित कर अपनी भड़ास निकालते रहते हैं। जबकि इन परिवारों की वर्तमान पीढ़ियों में राहुल गांधी ने पहले हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका में पढ़ाई की बाद में रोलिंस कॉलेज, फ्लोरिडा, अमेरिका से स्नातक की डिग्री ली और ट्रिनिटी कॉलेज, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, ब्रिटेन से 95 में डेवलोपमेन्ट स्टडीज में एम फिल पूरी की। चार बार सांसद भी चुने जा चुके हैं। इसी तरह अखिलेश यादव ने भी सिविलध्एनवायर्नमेंटल इंजीनियर की डिग्री व मास्टर्स डिग्री सिडनी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया से हासिल की है। वे भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व पांच बार सांसद होने का अनुभव रखते हैं। गोया यह लोग न अशिक्षित हैं न ही अनुभवविहीन न ही नकली डिग्री धारी। तेजस्वी यादव अशिक्षित जरूर हैं परन्तु उनके पास राजनीति का एक दशक से भी लंबे समय का अनुभव होने के साथ साथ पांच बार विधायक दो बार उपमुख्यमंत्री व नेता विपक्ष के पद पर रहने का अनुभव व लालू के कारण ही सही परन्तु भारी लोकप्रियता भी है। सवाल यह है कि परिवारवाद का विरोध करने वाली भाजपा क्या खुद भी परिवारवाद से दूर रहती है ? क्या उन क्षेत्रीय पार्टियों या नेताओं से पार्टी फासला बनाकर रखती है जो परिवारवाद की राजनीति करते हैं?



इस समय वर्तमान नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में ही कम से कम 15 मंत्री ऐसे हैं जो परिवारवाद से जुड़े हैं या अपनी राजनीतिक विरासत आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा के कुल सांसदों में से लगभग 12 प्रतिशत राजनैतिक विरासत से आते हैं। अनुराग ठाकुर,ज्योतिरादित्य सिंधिया, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरेन रिजिजू, राव इंद्रजीत सिंह, रक्षा खड़से आदि ऐसे कई उदाहरण हैं जो परिवारवाद के चलते ही केंद्र में मंत्री पद तक पहुंच सके हैं परन्तु जब विपक्ष भाजपाई परिवारवाद का यही दर्पण भाजपा को दिखाता है तो भाजपा दावा करती है कि इनका चयन योग्यता अर्थात श्गुणवादश पर आधारित है, न कि परिवारवाद पर। इससे बड़ा पाखंड और क्या हो सकता है?

अभी पिछले दिनों बिहार में जब नितीश कुमार मंत्रिमंडल ने शपथ ली तो उसमें भी भाजपा व उसके सहयोगी दलों का परिवारवाद टिकट वितरण से लेकर मंत्री मंडल में स्थान पाने तक सिर चढ़कर बोलता दिखाई दिया। यहां विधान सभा चुनाव में एन डी ए की ओर से 29 ऐसे विधायक जीतकर आए हैं जो परिवारवाद का प्रतीक हैं। जबकि 26 मंत्रियों में से 9 मंत्री भी परिवारवाद से जुड़े हैं। इनमें सबसे प्रमुख परिवार केंद्रीय मंत्री व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का है। जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा को 2025 चुनाव में हिस्से में कुल 6 सीटें मिली थीं जिनमें से 5 पर उन्होंने अपने रिश्तेदारों को टिकट दे दिया। इस समय उनके परिवार के 7 सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं तथा 5 व्यक्ति सांसद, विधायक व मंत्री बने हैं। इनमें संतोष कुमार सुमन, जीतन राम मांझी के पुत्र हैं ए विधान पार्षद (एमएलसी) हैं तथा इन्हें इस बार तीसरी बार नितीश मंत्रिमंडल में जगह मिली है। इसके अतिरिक्त दीपा मांझी, जीतन राम की पुत्रवधू अर्थात संतोष (मंत्री जी) की पत्नी हैं। यह विधायक हैं। जीतन मांझी की भाभी ज्योति देवी विधायक हैं। प्रफुल्ल कुमार दामाद , संतोष (मंत्री जी) का साला विधायक है । एक अन्य रिश्तेदार देवेंद्र मांझी दामाद उपाध्यक्ष व बिहारै ब आयोग का अध्यक्ष है। यह पूर्व में मुख्यमंत्री काल में मांझी के पी ए भी रह चुके हैं।

इसी तरह बिहार की एक और क्षेत्रीय पार्टी है राष्ट्रीय लोक मोर्चा। बिहार चुनाव में राज्यसभा सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली आर एल एम के हिस्से में बिहार के 2025 चुनाव में 6 सीटें मिलीं इनमें से 4 पर विजय हासिल की। इनके परिवार में भी कुल 3 व्यक्ति सांसद, विधायक व मंत्री बने हैं। उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र दीपक प्रकाश न तो विधायक हैं न ही विधान पार्षद न ही वे चुनाव लड़े परन्तु इस भरोसे मंत्री बना दिए गए कि अगले 6 महीने में यह विधान परिषद् सदस्य बन जाएंगे। इसी तरह उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता कुशवाहा इस बार सासाराम से विधायक चुनी गई हैं। लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान की पार्टी में कई रिश्तेदार विधायक चुने गए हैं। पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी के बेटे सम्राट चौधरी भाजपा से उपमुख्यमंत्री हैं। कैप्टन जय नारायण निषाद पूर्व सांसद की बहू रमा निषाद को मंत्री बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री स्व जगन्नाथ मिश्रा के बेटे नीतीश मिश्रा को मंत्री बनाया। पूर्व मुख्यमंत्री हरिहर सिंह के बेटे भाजपा विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह को मंत्री व जे डी यू के पूर्व विधायक राम नंदन सिंह के बेटे श्रवण कुमार को मंत्री बनाया गया। भाजपा शासित अन्य कई राज्यों में भी इसी तरह के परिवारवाद की पताका लहराती दिखाई देगी। परन्तु गत चार दशकों से इन्हें केवल विपक्षी दलों का ही परिवारवाद नजर आता है। गोया तुम्हारा है तो परिवारवाद हमारा है तो गुणवाद?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नोएडा। शहर की वायु गुणवत्ता लगातार खराब होने के कारण कम दृश्यता के बीच जाते यात्री।

## चीन की हरकत भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने में मददगार नहीं: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने अरूणाचल प्रदेश की रहने वाली एक भारतीय महिला के साथ शंघाई हवाई अड्डे पर वीजा और पासपोर्ट को लेकर की गई हरकत पर सख्त रूख अपनाते हुए कहा है कि इस तरह की हरकतें दोनों देशों के बीच परस्पर विश्वास और समझ बनाने तथा संबंधों को सामान्य बनाने में मददगार नहीं होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा कि अरूणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और इस तरह की हरकतों से हकीकत नहीं बदल सकती। उन्होंने कहा कि भारत पहले भी कई बार यह स्पष्ट कर चुका है कि भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखाना जरूरी शर्त है।

## ऑस्ट्रेलिया में भीषण तूफान, एक की मौत

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य में भीषण तूफानों के कारण एक व्यक्ति की मौत और 75000 घरों में बिजली गुल हो गई है। इन तूफानों ने सिडनी से लेकर राज्य के पश्चिमी हिस्सों तक व्यापक नुकसान पहुंचाया है। अमेरिकन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी (एबीसी) ने बुधवार को राज्य आपातकाल. ीन सेवा (एसईएस) के हवाले से बताया कि 110 किलोमीटर प्रति घंटे (68 मील प्रति घंटे) से अधिक की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं वाले इन तूफानों ने राज्य के केंद्रीय पश्चिमी क्षेत्र, केंद्रीय तट, इलवारा और सिडनी क्षेत्रों में पेड़ों और बिजली की लाइनों को गिरा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, एसईएस ने 1000 से अधिक घटनाओं की सूचना दी है और उम्मीद है कि सफ़ाई अभियान में कई दिन लगेंगे।

# दावा: एच-1बी वीजा में हो रही धोखाधड़ी

## दुनिया के लिए 85 हजार तय थे, लेकिन अकेले चेन्नई को ही 2.2 लाख वीजा मिल गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एच-1बी वीजा प्रोग्राम को लेकर एक नया विवाद शुरू हो गया है। अमेरिकी अर्थशास्त्री और पूर्व सांसद डेव ब्रैट ने आरोप लगाया है कि एच-1बी सिस्टम में बड़ी धोखाधड़ी हो रही है।

उनका दावा है कि चेन्नई जिले को 2.2 लाख वीजा मिले हैं, जबकि पूरी दुनिया के लिए 85,000 की लिमिट तय है। ब्रैट का कहना है कि यह संख्या तय सीमा से ढाई गुना ज्यादा है। एक पाडकास्ट में ब्रैट ने कहा कि एच-1बी वीजा इंडस्ट्रीयल लेवल की धोखाधड़ी का शिकार बन चुका है। उन्होंने बताया कि 71 प्रतिशत एच-1बी वीजा भारत को मिलते हैं, जबकि दूसरे नंबर पर चीन को सिर्फ 12 प्रतिशत मिलते हैं। ये आंकड़े खुद बताते हैं कि वीजा सिस्टम का गलत




■ 71 प्रतिशत एच-1बी वीजा भारत को मिलते हैं जबकि दूसरे नम्बर पर चीन को सिर्फ 12 प्रतिशत मिलते हैं

फायदा उठाया जा रहा है। ब्रैट ने इस मुद्दे को अमेरिका की घरेलू राजनीति से भी जोड़ा और कहा कि एच-1बी वीजा अमेरिकी कामगारों की नौकरियां छीन रहा है। उनके मुताबिक, कई लोग खुद को स्किल्ड वर्कर बताकर अमे. रिका पहुंच जाते हैं, जबकि कई मामलों में उनकी स्किल्स उतनी मजबूत नहीं होतीं। चेन्नई अमे. रिकी कान्सुलेट दुनिया के सबसे बिजी एच-1बी प्रोसेसिंग सेंटर्स में से एक है, जहां तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और तेलंगाना से बड़ी संख्या में एप्लिकेशन आते हैं। इन राज्यों में आईटी कंपनियों और टेक वर्कर्स की संख्या बहुत ज्यादा है, इसलिए यहां से वीजा आवेदन भी सबसे ज्यादा होते हैं। ब्रैट के आरोपों से कुछ दिन पहले एक भारतीय-अमेरिकी पूर्व डिप्लोमैट महविश सिद्दीकी ने भी ऐसा ही दावा किया था। उन्होंने कहा था कि एच-1बी वीजा में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी होती है, खासकर भारत में। उनका कहना था कि कई वीजा फर्जी एम्पलायर लेटर, नकली डिग्रियों और किसी और से इंटरव्यू दिलवाकर लिए जाते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हैदराबाद में कई जगह वीजा के लिए नकली कागजात और फर्जी जाब लेटर खुलेआम बेचे जाते हैं। अभी तक अमेरिकी सरकार ने इन आरोपों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। एच-1बी वीजा को लेकर अमे. रिका में पहले से ही काफी बहस होती रही है और इन नए आरोपों ने इस मुद्दे को फिर से गरमा दिया है। ट्रम्प सरकार ने 21 सितम्बर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ाकर 1 लाख डालर (करीब 88 लाख रुपये) कर दी है। व्हाइट हाउस के मुताबिक यह बढ़ी हुई फीस सिर्फ वन टाइम है, जो एप्लिकेशन देते समय चुकानी होगी। एच-1बी वीजा के लिए पहले 5.5 से 6.7 लाख रुपये लगते थे।

# राम मंदिर में मोदी का ध्वजारोहण नाजायज: पाक

## कहा: यह भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर बढ़ते दबाव और मुस्लिम विरासत को मिटाने की कोशिश का हिस्सा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अयोध्या के राम मंदिर में पीएम मोदी के ध्वजारोहण पर विरोध जताया है, और कहा कि यह एक नाजायज काम है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि यह भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर बढ़ते दबाव और मुस्लिम विरासत को मिटाने की कोशिश का हिस्सा है। पाकिस्तान ने कहा कि जिस जगह पहले बाबरी मस्जिद थी, वहां अब राम मंदिर बनाया गया है।

पाकिस्तान ने दावा किया कि बाबरी मस्जिद कई सदियों पुरानी धार्मिक जगह थी। 6 दिसम्बर 1992 को इसे भीड़ ने गिरा दिया था। पीएम मोदी ने मंगलवार को मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने सुबह 11.50 बजे अभिजीत मुहूर्त में 2 किलो की केसरिया ध्वजा 161 फीट ऊंचे शिखर पर फहराई। पाकिस्तान ने कहा कि भारत की अदालतों ने बाबरी मस्जिद गिराने के आरोपियों को बरी कर दिया और उसी जमीन पर मंदिर निर्माण की इजाजत दे दी। यह अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर मुसलमानों पर दबाव बढ़ रहा है। भारत की कई ऐतिहा. सिक मस्जिदें खतरे में हैं। मुसलमानों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक तौर से हाशिये पर धकेला जा रहा है। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह भारत में बढ़ते इस्लामोफोबिया, नफरत और मुसलमानों पर हमलों पर ध्यान दे। उसने न्छ और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से कहा कि वे भारत में अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएं। भारत पर झूठा आरोप लगाने वाले पाकिस्तान में खुद बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की जा रही है। अमेरिका की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमले और धमकियों की कई घटनाएं हुईं, लेकिन वहां की सरकार ने दोषियों पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की। 2023 में एक चर्च जलाने के आरोप में पकड़े गए 10 लोगों को हाल ही में अदालत ने बरी भी कर दिया। पाकिस्तान में अक्सर हिंदू और ईसाई लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन और जबरन शादी के मामले सामने आते रहते हैं, खासकर सिंध और पंजाब में। पाकिस्तान ने करीब 2 साल पहले 22 जनवरी 2024 को हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भी निंदा की थी।

तब पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था-हम अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की निंदा करते हैं। यह मंदिर बाबरी मस्जिद को तोड़कर बनाया गया है। ध्वस्त मस्जिद की जगह पर बना मंदिर आने वाले समय में भारतीय लोकतंत्र के माथे पर कलंक की तरह बना रहेगा। भारत में बढ़ती 'हिंदुत्व' विचारधारा धार्मिक सद्भाव और क्षेत्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा है। ऐसा करके भारत मुस्लिमों को दरकिनार करने की कोशिश कर रहा है। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने एक्स पर भारत को राम मंदिर के ध्वजारोहण की बधाई देते हुई कुछ तस्वीर शेयर कीं। उन्होंने लिखा कि अयोध्या में राम मंदिर के ध्वजारोहण पर भारत को बधाई। यह सभ्यता के लिए बेहद महत्वपूर्ण क्षण है। इसके साथ ही उन्होंने पिछले साल मंदिर निर्माण के दौरान अपनी अयोध्या यात्रा की कुछ तस्वीरें भी शेयर कीं।



■ जगह पहले बाबरी मस्जिद थी, वहां अब राम मंदिर बनाया गया
■ भारत की अदालतों ने बाबरी मस्जिद गिराने के आरोपियों को बरी कर दिया: पाक

### विदेश मंत्रालय का पाकिस्तान को करारा जवाब

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के ध्वजारोहण समारोह में पीएम मोदी की भागीदारी पर पाकिस्तान ने अनर्गल टिप्पणी की है। पड़ोसी देश की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम उनकी टिप्पणी को उस अवमानना के साथ अस्वीकार करते हैं जिसके वे हकदार हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कटरता, दमन, अल्पसंख्यकों के साथ प्रणालीगत दुर्व्यवहार के गहरे दागदार रिकार्ड के साथ, पाकिस्तान के पास दूसरों को उपदेश देने का कोई नैतिक आधार नहीं है। उन्होंने कहा, पाखंडपूर्ण उपदेश देने के बजाय, पाकिस्तान को अपने स्वयं के खराब मानवाधिक. ार रिकार्ड पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। शंघाई एयरपोर्ट पर जो कदम उठाए गए। उस पर हमने स्टेटमेंट जारी किया था। हमने उसमे कहा कि अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग। इसमें कोई बदलाव नहीं आएगा। चीन द्वारा उठाया गया कदम गलत है। इस पर भारत ने कार्रवाई भी की है। चीन की मनमानी हरकते दोनों देशों को रिश्तों के लिए मददगार नहीं है। शेख हसीना के मामले में हमे उनका अनुरोध मिला।

## बोल्सोनारो को 27 साल की सजा काटने का आदेश

**ब्रासीलिया।** ब्राजील सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोसियस ने पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो और उनके छह करीबी सहयोगियों को तख्तापलट की कोशिश मामले में दोषी पाए जाने पर 27 साल की जेल की सजा काटने का आदेश दिया है। ग्लोबो अखबार ने यह जानकारी दी है। प्रकाशित रिपोर्ट में न्यायमूर्ति मोराएस के हवाले से कहा गया मैं जेयर बोल्सोनारो की सजा तुरंत शुरू करने का आदेश देता हूं। यह सजा 27 साल और तीन महीने की होगी, जिसमें 24 साल और नौ महीने पूर्ण रूप से बंद जेल में तथा शेष दो साल और छह महीने अर्ध-हिरासत में काटने होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, मुकदमा वर्चुअल तरीके से चला और न्यायमूर्ति मोराएस ने घोषणा की कि यह अब अंतिम रूप से पूरा हो चुका है, क्योंकि बोल्सोनारो के बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने सोमवार को निर्धारित अंतिम तारीख तक कोई नई अपील दाखिल नहीं की थी। पूर्व राष्ट्रपति अपनी सजा राजधानी ब्रासीलिया स्थित फेडरल पुलिस मुख्यालय में काटेंगे, जहां वह पहले से ही मामले की सुनवाई के समय से ही हिरासत में हैं।

## हॉन्गकॉन्ग की 35 मंजिला इमारत में आग, 4 की मौत

**हान्ग कान्ग।** हान्गकान्ग के उत्तरी ताई पो जिले में बुधवार को एक 35 मंजिला रिहायशी काम्प्लेक्स की 3 इमारतों में आग लग गई। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के मुताबिक इस हादसे में चार लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 9 लोग घायल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि आग कम से कम तीन इमारतों तक फैल गई थी। बीबीसी के मुताबिक कम से कम 13 लोग इमारत के अंदर अब भी फंसे हुए हैं।

वांग फुक कोर्ट के ये टावर बांस की मचान से ढके हुए थे। हान्गकान्ग में निर्माण और मरम्मत कार्यों में बांस की मचान का बहुत ज्यादा इस्तेमाल होता है। ऐसा माना जा रहा है कि इसकी वजह से आग तेजी से फैली। फिलहाल आग लगने के कारणों की पक्की जानकारी नहीं है। हालांकि माना जा रहा है कि आग इमारतों के बाहर लगी बांस की स्कैफोल्डिंग (मचान) के जरिए तेजी से फैल गई। आग इमारतों के बाहर लगे बांस के बंदों (स्कैफोल्डिंग) के जरिए तेजी से फैल गई। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां और बचाव दल पहुंचकर आग बुझाने और लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटे हैं। घटनास्थल से मिली

■ बांस का मचान होने से आग तेजी से फैली, इमारत में 13 लोग अब भी फंसे हुए
■ हान्गकान्ग में निर्माण और मरम्मत कार्यों में बांस की मचान का बहुत ज्यादा इस्तेमाल होता है

फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि इमारत के कई फ्लैटों के बाहर लगी बांस की मचान तेज लपटों में घिरी हुई है। वांग फुक कोर्ट न्यू टेरिटरीज के ताई पो इलाके में बना एक हाउसिंग काम्प्लेक्स है, जहां इस समय मरम्मत और नवीनीकरण का काम चल रहा है। इस एस्टेट में 1984 फ्लैट हैं और यहां करीब 4000 लोग रहते हैं। हान्गकान्ग सरकार ने कहा है कि वांग फुक कोर्ट काम्प्लेक्स में लगी आग के बाद अस्थायी शेल्टर खोले गए हैं। ये शेल्टर क्वान्ग फुक कम्युनिटी हाल और तुंग चेओंग स्ट्रीट लीजर बिल्डिंग में बनाए गए हैं। इसके अलावा ऐलिस हो मियू लिंग नेथरसोले अस्पताल में एक हेल्प डेस्क बनाया गया है, ताकि लोगों को मदद और जानकारी दी जा सके। सरकार ने कहा कि ताई पो जिला कार्यालय हालात पर कड़ी नजर रख रहा है और जरूरत होने पर और शेल्टर खोले जाएंगे।

# ट्रम्प ने टर्की पक्षियों को क्षमादान देने की परंपरा निभाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने थैंक्सगिविंग पर्व से पहले बुधवार को एक समारोह में 'गॉबल' और 'वाडल' टर्की पक्षियों को क्षमादान देने की परंपरा निर्वाह किया। राष्ट्रपति ने एक टर्की को संबोधित करते हुए हास्यबोध के साथ कहा कि गॉबल, तुम्हें बिना शर्त क्षमादान दिया जाता है।

जिस पर उस पक्षी ने अपनी विशिष्ट 'गॉबल' ध्वनि से प्रतिक्रिया दी। उत्तरी कैरोलिना से लाए गए दोनों टर्की पक्षियों को व्हाइट हाउस में लाए जाने से पहले 'द विलार्ड इंटरकांटिनेंटल होटल' में ठहराया गया था। इस वार्षिक आयोजन में कुछ चुनिंदा टर्की पक्षियों को क्षमादान दिया

■ थैंक्सगिविंग के अवसर टर्की पक्षियों को पका कर दावत में परोसा जाता है

जाता है और उन्हें छोड़ दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि थैंक्सगिविंग के अवसर टर्की पक्षियों को पका कर दावत में परा. ेसा जाता है। यह प्रथा 1863 में अब्राहम लिकन के समय से चली आ रही है, लेकिन जॉर्ज एच-डब्ल्यू-बुश के शासन काल में 1989 में इसे एक औपचारिक 'राष्ट्रपति क्षमादान' का रूप दिया गया। ट्रम्प ने समारोह के दौरान अपने पूर्ववर्ती राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा दिए गए टर्की क्षमादानों की आलोचना करते हुए दावा किया कि वे एक अमान्य थे, क्योंकि स्वयं बाइडेन ने क्षमापत्र पर हस्ताक्षर नहीं किया था, बल्कि 'ऑटोपेन' से हस्ताक्षर किया गया था। उन्होंने घोषणा की कि पहले क्षमादान प्राप्त टर्की 'पीच' और 'ब्लॉसम' को वध होने से बचा लिया गया है। उन्होंने कहा कि मेरे पास आधिकारिक कर्तव्य है कि मैं यह निर्धारित करूं और मैंने निर्धारित किया है कि पिछले साल के टर्की क्षमादान पूरी तरह से अमान्य हैं। राष्ट्रपति ने मजाकिया लहजे में 'गॉबल' और 'वाडल' का नाम लोकतांत्रिक नेताओं चक शूमर और नैन्सी पेलोसी के नाम पर भी रखा, लेकिन साथ ही अपनी ही युक्ति का भी मजाक उड़ाया कि वह दोनों नेताओं को कभी माफ नहीं करेंगे।

# आर्मेनिया ने भारत से तेजस जेट खरीदने का समझौता रोका

## दावा: दुबई क्रैश के बाद फैसला, 10 हजार करोड़ में 12 तेजस विमानों की होनी थी डील

**नई दिल्ली।** आर्मेनिया ने भारत से तेजस फाइटर जेट खरीदने की बातचीत फिलहाल रोक दी है। इजराइली मीडिया यरुशलम पोस्ट के मुताबिक यह फैसला 21 नवम्बर को दुबई एयरशो में तेजस के क्रैश होने के बाद लिया गया। इस हादसे में भारतीय पायलट विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत हो गई थी।

आर्मेनिया, भारत से करीब 1.2 बिलियन डालर (10 हजार करोड़) में 12 तेजस विमान खरीदने की तैयारी कर रहा था। यह डील लास्ट स्टेज में थी। ये तेजस की पहली विदेशी डील हो सकती थी। हालांकि इस पूरे मामले पर आर्मेनिया सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। भारत सरकार ने भी अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की है। 20 महीने में दूसरी बार तेजस क्रैश दुबई एयर शो के आखिरी दिन शुक्रवार दोपहर करीब 2:10 बजे (भारतीय समय के मुताबिक 3.40 बजे) एरियल डिस्प्ले चल रहा था। इस दौरान भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान तेजस लो-एल्टीटयूड मैन्यूवर कर रहा था। तभी अचानक उसकी ऊंचाई कम हुई और कुछ ही सेकेंड में विमान जमीन पर जा गिरा। मौके पर विमान में धमाके के साथ आग लग गई। इस हादसे में पायलट की मौके पर ही मौत हो गई। मार्च 2024 में राजस्थान के जैसलमेर में भी तेजस क्रैश हुआ था, लेकिन तब पायलट सुरक्षित इजेक्ट कर गए थे। यह 20 महीने में तेजस का दूसरा हादसा है। इस वक्त भारतीय वायु सेना के बेड़े में जो टाप फाइटर जेट हैं उनमें सुखोई एसयू-30एमकेआई, राफेल, मिराज, एमआईजी-29 और तेजस का नाम शामिल है। तेजस अपनी इन खूबियों की वजह से बाकी के चारों फाइटर जेट से अलग और खास है। अब तेजस का एक उन्नत संस्करण ए1 बनना शुरू हुआ है, जिसमें कई आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी। इसके कई सिस्टम इजराइल की कंपनियों ने डेवलप किए हैं। तेजस ए1 में इजराइली कंपनी **IAI&Elta** का **AESA** रडार, इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम और एल्बिट का नया हेलमेट-माउंटेड डिस्प्ले लगाया जाएगा। इसके साथ ही विमान में राफेल द्वारा बनाए गए डर्बी मिसाइल भी लगाए जाएंगे। पीएम मोदी खुद भी तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भर चुके हैं। उन्होंने 25 नवम्बर 2022 को इसमें उड़ान भरी थी। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की फाइटर प्लेन में पहली उड़ान थी। आर्मेनिया और भारत के बीच एक और डिफेंस डील है, जिसमें फ्रांस भी पार्टनर के तौर पर शामिल है। इसके तहत भारत आर्मेनिया को देश में बना एंटी-एयर सिस्टम आकाश एक्सपोर्ट करेगा। हवाई हमले रोकने वाले इस सिस्टम में तोप, गोला-बारूद और ड्रोन शामिल हैं। इसके लिए दोनों देशों में करीब 6 हजार करोड़ रुपये का समझौता हुआ था।



■ भारत सरकार ने भी अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की
■ मार्च 2024 में राजस्थान के जैसलमेर में भी तेजस क्रैश हुआ था

# सोशल मीडिया पर इमरान की मौत की अफवाह

## पाकिस्तान सरकार चुप, बहनों ने कहा: मिलने नहीं दिया जा रहा, पुलिस पर बदसलूकी का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से उनकी बहनें मुलाकात नहीं कर पा रही हैं। एक साल से जारी को. शिशों के बावजूद जेल प्रशासन हर बार सुरक्षा कारणों का हवाला देकर मुलाकात से रोक रहा है। मंगलवार रात इमरान खान की बहनें इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डा. उज्मा खान, इमरान के समर्थकों के साथ जेल के बाहर धरने पर बैठ गईं।

उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध के दौरान पंजाब पुलिस ने अंधेरा कर उन पर लाठीचार्ज किया। 71 साल की नोरीन खान ने दावा किया कि उन्हें बालों से पकड़कर सड़क पर घसीटा गया। अन्य महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। इस बीच, इमरान खान को लेकर



■ दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं
■ शांतिपूर्ण विरोध के दौरान पंजाब पुलिस ने अंधेरा कर उन पर लाठीचार्ज किया

सोशल मीडिया पर उनकी मौत की अफवाहें फैल गईं। कुछ पोस्ट में दावा किया गया कि उन्हें किसी दूसरी जगह ले जाया गया है। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कई अकांउट ने इमरान की मौत की अफवाह फैला दी है। मार्च 2025 में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान खान को परिवार और वकीलों से नियमित मुलाकात की मंजूरी दी थी, लेकिन जेल प्रशासन आदेश का पालन नहीं कर रहा। अक्टूबर 2025 में अदालत ने दोबारा मुलाकातें बहाल करने का निर्देश दिया, फिर भी उनकी बहनों को अब तक एक भी मुलाकात नहीं मिल पाई है। पिछले हफ्ते इमरान खान की बहनों के साथ रावलपिंडी पुलिस ने बदसलूकी की थी। उन्हें सड़क पर घसीटा गया और जबरदस्ती हिरासत में लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब उनकी बहनें इमरान खान से होने वाली साप्ताहिक मुलाकात के लिए अडियाला जेल पहुंची थीं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने एक्स पोस्ट में कहा कि इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डा. उज्मा खान जेल के बाहर शांतिपूर्वक बैठी थीं, तभी पुलिस ने उन्हें जबरन उठाकर ले जाने की कोशिश की। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में इमरान खान की बहनों के साथ इस तरह घटना हुई हो। इससे पहले सितम्बर 2025 में, अडियाला जेल के बाहर मीडिया से बात करते वक्त अलीमा पर अंडे फेंके जाने की घटना हुई थी। इसके अलावा अलीमा, नोरीन और उज्मा को अप्रैल 2025 में जेल पहुंचने की कोशिश के दौरान भी गिरफ्तार किया गया था।

## नाइजीरिया में अगवा हुई सभी छात्राएं सकुशल रिहा

**अबुजा।** नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टिनुबु ने अगवा की गई 24 छात्राओं के सकुशल रिहा होने की पुष्टि की है। इन लड़कियों को संदिग्ध आतंकी गत 17 नवम्बर को एक सरकारी स्कूल के छात्रावास से अपहरण करके ले गए थे। राष्ट्रपति टिनुबु ने देर रात जारी बयान में कहा कि मुझे राहत है कि सभी 24 छात्राओं को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है। सरकारी अधिकारियों ने भी बताया कि सभी लड़कियां स्वस्थ हैं और उन्हें जल्द ही उनके परिवारों से मिलवाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, इस स्कूल पर धावा बोलने वाले हमलावरों ने दो कर्मचारियों की हत्या कर दी थी और इन छात्राओं को साथ ले गए थे। छात्राओं की रिहाई कैसे हुई, इसका खुलासा नहीं किया गया है। राष्ट्रपति ने सुरक्षा बलों की 'तेज कार्रवाई' की सराहना भी की। इस अपहरण के बाद पिछले सप्ताह देश के मध्य हिस्से में कई इसी तरह की घटनाएं सामने आई थीं। इनमें एक चर्च से 38 श्रद्धालुओं का अपहरण और नाइजर देश के एक विद्यालय से 300 से अधिक विद्यार्थियों का अपहरण भी शामिल है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108